# 1.

# प्राचीन इतिहास (Ancient History)

## 1. पाषाण काल (Stone Age)

**1. Agriculture came into existence in 7500 BC; cultivation of which of the following plants was started first?**
**कृषि, 7500 BC में अस्तित्व में आयी थी; निम्नलिखित पौधों में से, किसकी खेती सर्वप्रथम शुरू हुई थी?**

(a) Maize and Cotton/मक्का और कपास
(b) Rice and Maize/चावल और मक्का
(c) Groundnut and Rice/मूँगफली और चावल
(d) Wheat and Barley/गेहूँ और जौ

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** कृषि, 7500 BC में अस्तित्व में आयी थी। नवपाषाण काल में गेहूँ और जौ की खेती सर्वप्रथम शुरू हुई थी। जिससे मानव सभ्यता में कृषि का उदय हुआ और लोगों में खानाबदोष जीवन छोड़कर स्थायी जीवन जीने की शुरूआत हुई थी। हड़प्पा कालीन स्थल मेहरगढ़ से गेहूँ के प्राचीनतम साक्ष्य मिले है।

**2. The Bhimbetka rock shelters are an archaeological site of the Palaeolithic period. It is located in which Indian State?/भीमबेटका शैलाश्रय पुरापाषाण काल का एक पुरातात्विक स्थल है। यह किस भारतीय राज्य में स्थित है ?**

(a) Bihar/बिहार
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(c) Haryana/हरियाणा
(d) Rajasthan/राजस्थान

**Allahabad High Court (APS) 22/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** भीमबेटका शैलाश्रय पुरापाषाण काल का एक पुरातात्विक स्थल है। यह मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है। इसकी खोज वर्ष 1957-58 में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर द्वारा की गयी थी।
भीमबेटका क्षेत्र को भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, भोपाल ने अगस्त 1990 में राष्ट्रीय महत्त्व का स्थल घोषित किया। जुलाई 2003 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल घोषित किया।

**3. Ash mounds are associated with Neolithic culture of which region?/भस्मावशेष ढेर किस नव पाषाण कालीन सभ्यता क्षेत्र से जुड़ा है?**

(a) Eastern India/पूर्वी भारत
(b) Southern India/दक्षिणी भारत
(c) Northern Vindhya Region/उत्तर विंध्य क्षेत्र
(d) Eastern and Northern Region/पूर्वी और उत्तरी क्षेत्र

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** भस्मावशेष ढेर (राख के टीले) मुख्यतः दक्षिण भारत में नव पाषाण कालीन सभ्यता क्षेत्र में पाए गए हैं। कर्नाटक के वेल्लारी जिले में स्थित संगनकल्लू स्थल से गोबर के उपलों को जलाकर राख होने के प्रमाण मिले हैं। तेलंगाना के उत्नूर से भी 2000 ई.पू. के (लगभग) समय के राख और जली हुई मिट्टी के ढेर प्राप्त हुए हैं।

**4. Man moved from food-gathering to food-producing in which period?/किस अवधिकाल में मनुष्य खाद्य-संग्राहक से खाद्य-उत्पादक बना ?**

(a) Palaeolithic age/पुरापाषाण युग
(b) Mesolithic age/मध्यपाषाण युग
(c) Neolithic age/नवपाषाण युग
(d) Chaleo-lithic age/ताम्रपाषाणिक युग

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** पुरापाषाण युग के दौरान प्रारंभिक मानव भोजन संग्रह करने वाला था। वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर भोजन की तलाश में भटकते रहते थे। परन्तु नवपाषाण युग के दौरान मानव द्वारा खाद्य फसलों को उगाना शुरू कर दिया गया था और वह खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक के रूप में परिवर्तित हो गए थे। इस काल में खाद्य वस्तुओं के उत्पादन से कृषि को बढ़ावा मिला तथा धीरे-धीरे स्थायी जीवन जीने की प्रक्रिया आरम्भ हो गई।

**5. From which of the following sites the earliest fossil of pre-historic human has been found in India?/भारत में निम्नलिखित में से किस स्थल से प्रागैतिहासिक मानव के प्राचीनतम जीवाश्म पाए गए हैं?**

(a) Bhimbetka/भीमबेटका
(b) Hathnora/हथनोरा
(c) Sarainahar Rai/सरायनाहर राय
(d) Damdama/दमदमा

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** भारत में प्रागैतिहासिक मानव के प्राचीनतम जीवाश्म नर्मदा घाटी में 'हथनोरा' नामक स्थान से प्राप्त हुए हैं। इनकी खोज 1982 में अरूण सोनकिया ने की थी। ये जीवाश्म होमोइरेक्टस मानव से संबंधित हैं।

**6. The earliest evidence of agriculture has been found in the Indian Sub Continent from :**
**भारतीय उपमहाद्वीप में कृषि के प्रथम प्रमाण कहाँ प्राप्त हुए:**

(a) Brahmagiri/ब्रह्मगिरि (b) Chirand/चिरांद
(c) Mehargarh/मेहरगढ़ (d) Burzahom/बुर्जहोम

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** नवीनतम खोजों के आधार पर भारतीय उपमहाद्वीप में प्राचीनतम कृषि साक्ष्य वाला स्थल उत्तर प्रदेश के लहुरादेव (संत कबीर नगर) में पाया गया। इस खोज से पूर्व भारतीय उपमहाद्वीप का प्राचीनतम कृषि साक्ष्य स्थल मेहरगढ़ (पाकिस्तान) में गेहूँ का साक्ष्य मिले थे।

**7. When did the Iron Age start in human history?**
**मानव इतिहास में लौह युग कब शुरु हुआ?**

(a) 1200 BC - 600 BC/(1200 - 600) ईसा पूर्व
(b) 1200 BC - 1150 AD/(1200 - 1150) वर्ष डोमेन

(c) 1500 BC - 1150 BC/(1500 - 1150) ईसा पूर्व
(d) 1800 BC - 300 AD/(1800 - 300) वर्ष डोमेन

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मानव इतिहास में लौह युग की शुरुआत 1200 ई.पू. (BC) – 600 ई.पू. (BC) के मध्य माना जाता है। प्रारंभिक लौह युग की शुरुआत कांस्य युग के बाद हुआ। भारत के परिप्रेक्ष्य में, तमिलनाडु से मिले उपकरणों के आधार पर, यहाँ 1400 ई.पू. लोहे की प्राप्ति हुई थी तथा 1200 ई.पू. के लगभग इसके उपकरण बनने लगे थे। यह समय उत्तर भारत में वैदिक काल का था जिसमें कि आर्यों ने लोहे को 'श्याम अयस्' कहा।

**8. The Source of entertainment of primitive man in the palaeolithic age was:/पुरा-पाषाण युग में, आदिमानव के मनोरंजन का स्रोत था :**

(a) Gambling/द्यूत-क्रीड़ा
(b) Music/संगीत
(c) Horse riding/घुड़सवारी
(d) Hunting/आखेट

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** पुरा-पाषाण काल में आदिमानव के मनोरंजन का साधन शिकार (आखेट) था। वे मुख्यतः शिकार पर ही निर्भर थे। उनका भोजन मांस या कंदमूल था।

**9. 'Bhimbetka' an important site of Mesolithic culture, is in:/पाषाण संस्कृति का एक प्रमुख क्षेत्र (स्थल) 'भीमबेटका' _______ में है।**

(a) Gujarat/गुजरात
(b) Punjab/पंजाब
(c) Madhya Pradesh/मध्यप्रदेश
(d) Rajasthan/राजस्थान

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** भारत के मध्यप्रदेश प्रांत (राज्य) के रायसेन जिले में स्थित भीमबेटका एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदि मानव द्वारा बनाए गए शैलचित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। इन चित्रों को पुरापाषाणकाल से मध्य पाषाण काल के समय का माना जाता है। ये चित्र भारतीय उपमहाद्वीप में मानव जीवन के प्राचीनतम चिह्न है। इसकी खोज 1957 में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर द्वारा की गई थी।

**10. Which of the following is arranged as per the timeline of Major periods in Early Indian Archaeology?/निम्नलिखित में से किसे प्रारंभिक भारतीय पुरातत्व की मुख्य अवधियों के घटनाक्रम के अनुसार क्रमबद्ध किया गया है?**

(a) Neolithic → Mesolithic → Palaeolithic → Harappan civilisation/नवपाषाण → मध्यपाषाण → पुरापाषाण → हड़प्पा सभ्यता
(b) Palaeolithic → Mesolithic → Neolithic → Harappan civilisation/पुरापाषाण → मध्यपाषाण → नवपाषाण → हड़प्पा सभ्यता
(c) Palaeolithic → Neolithic → Mesolithic → Harappan civilisation/पुरापाषाण → नवपाषाण → मध्यपाषाण → हड़प्पा सभ्यता
(d) Harappan civilisation → Palaeolithic → Mesolithic → Neolithic/हड़प्पा सभ्यता → पुरापाषाण → मध्यपाषाण → नवपाषाण

**Allahabad High Court (RO) 10/01/2020**

**Ans. (b) :** भारतीय पुरातत्व की मुख्य अवधियों के घटनाक्रम के अनुसार क्रम निम्न है-
पुरापाषाण → मध्यपाषाण → नवपाषाण → हड़प्पा सभ्यता

## 2. सिन्धु घाटी सभ्यता (Indus Valley Civilisation)

**11. Out of the following remains excavated in Indus Valley, which one indicates the commercial and economic development ?**
**'सिंधु घाटी' के उत्खनन में पाये गये निम्नलिखित अवशेषों में से कौन सा अवशेष वाणिज्य और वित्तीय विस्तार को सूचित करता है?**

(a) Pottery/मिट्टी के बर्तन
(b) Seals/मुद्रा/मोहर
(c) Boats/नौका
(d) Houses/मकान

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (b) :** सिंधु घाटी के उत्खनन में पाये गये मुद्रा/मोहर के अवशेष वाणिज्य और वित्तीय विस्तार को सूचित करता है। सिंधु घाटी स्थल लोथल से फारस की मुहरें तथा कालीबंगा से बेलनाकार मुहरें मिली हैं, ये सभी प्रमाण सिंधु घाटी सभ्यता के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की ओर संकेत करते हैं।

**12. Which of the following was not a Harappan City?**
**निम्नलिखित में कौन-सा हड़प्पा शहर नहीं था?**

(a) Lothal/लोथल
(b) Dholavira/धौलावीरा
(c) Mehrgarh/मेहरगढ़
(d) Sokhta koh/सोखता कोह

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मेहरगढ़ हड़प्पा सभ्यता (सिन्धु सभ्यता) से सम्बन्धित नगर नहीं था। यह नवपाषाण कालीन स्थल था जहाँ पर प्राचीनतम कृषि एवं पशुपालन से सम्बन्धित साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। मेहरगढ़, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बेलन नदी के किनारे स्थित है।

**13. Harappans were not aware of:**
**हड़प्पा वाले किस से परिचित नहीं थे?**

(a) Gold and Silver/स्वर्ण और चांदी
(b) Copper and Bronze/ताँबा और काँसा
(c) Tin and Lead/टिन और सीसा
(d) Iron/लोहा

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** हड़प्पावासी ताँबा, काँसा, चाँदी (रजत), टिन, सीसा जैसी धातुओं से परिचित थे और विभिन्न रूपों में इनका उपयोग करते थे, परन्तु ये लोहे से परिचित नहीं थे। इस समय के शिल्पकार तांबे के साथ-साथ कांसे की कलाकृतियां तथा सोने एवं चांदी के हार, भुजबंद आदि आभूषण निर्मित किये थे।

**14. Remains of ______ has been found in Indus Valley civilization./_____ के अवशेष सिंधु घाटी सभ्यता में पाए गए हैं।**

(a) Writing/लेख
(b) Copper/ताम्र
(c) Art/कला
(d) Pottery Making/मिट्टी बर्तन निर्माण

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** कुम्हार द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने के अवशेष सिंधु घाटी सभ्यता में पाए गए हैं। राजस्थान में स्थित सैंधव स्थल कालीबंगा से मिट्टी के बर्तन और काली चूड़ियों के प्रमाण मिले हैं।

**15. Cotton for textile was first cultivated in: कपड़े के लिए कपास सबसे पहले कहाँ उगाया गया?**

(a) Egypt/मिस्त्र
(b) Mesopotamia/मैसोपोटामिया
(c) China/चीन
(d) India/भारत

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** कपड़ें के लिए कपास सर्वप्रथम भारतीय उपमहाद्वीप में 3000 ई.पू. सिंधु घाटी सभ्यता में उगाया गया। वर्तमान पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में प्राप्त हड़प्पा स्थल मेहरगढ़ से कपास के प्रमाण मिले हैं। जबकि सूती कपड़े के प्रमाण मोहनजोदड़ों से प्राप्त हुए हैं।

**16. Main occupation of people of Indus Valley Civilization was : सिंधु सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय था ?**

(a) Agriculture/कृषि
(b) Live Stock raising/पशुधन पालन
(c) Hunting/शिकार
(d) Commerce/वाणिज्य

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** सिंधु घाटी सभ्यता, (2500-1750 ई.पू.) सिंधु नदी के क्षेत्र में बसी एक नगरीय सभ्यता थी। यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि था, क्योंकि सिंधु नदी के आस-पास की भूमि अत्यंत उपजाऊ थी तथा यहाँ अच्छी मात्रा में वर्षा होती थी, जिसके फलस्वरूप लोगों को गेहूँ, जौ, मटर, सरसों आदि उगाने में सहायता मिली। ध्यातव्य है कि मोहनजोदड़ो से प्राप्त विशाल अन्नागार, लोथल से चावल के अवशेष तथा कालीबंगा से प्राप्त जुतें हुए खेतों के प्रमाण सभी सिंधु सभ्यता में कृषि के ठोस प्रमाण प्रस्तुत करते है। सर्वप्रथम कपास उत्पन्न करने का श्रेय भी सिंधु सभ्यता के लोगों को जाता है।

**17. "Dholavira", the Harrappan city, which has been added in the UNESCO World Heritage list is located in which State? हड़प्पा नगर 'धौलावीरा' जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है, कहाँ स्थित है?**

(a) Gujarat/गुजरात
(b) Rajasthan/राजस्थान
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** हड़प्पा नगर 'धौलावीरा' जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में 40वें स्थल के रूप में शामिल किया गया गुजरात राज्य में स्थित है। धौलावीरा की खोज 1967-68 में जे.पी. जोशी द्वारा की गयी थी। इस नगर को तीन भागों किला, मध्यनगर एवं निचला नगर में विभाजित किया गया था। यह भारत में स्थित सिंधु सभ्यता का दूसरा सबसे बड़ा नगर है।

**18. Which one of the following ancient towns is well known for its elaborate system of water harvesting and management by building a series of dams and channelizing water into connected reservoirs ? निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन नगर, बाँधों की एक निर्माण शृंखला तथा संयोजित जलाशयों में जल पहुँचाने की पद्धति द्वारा अपने जल संचयन की सुपरिष्कृत प्रणाली एवं प्रबंधन के लिए सुविख्यात है ?**

(a) Dholavira/धौलावीरा
(b) Kalibangan/कालीबंगन
(c) Rakhigarhi/राखीगढ़ी
(d) Ropar/रोपड़

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** धौलावीरा का प्राचीन नगर, बाँधों की एक निर्माण शृंखला तथा संयोजित जलाशयों में जल पहुँचाने की पद्धति द्वारा अपने जल संचयन की सुपरिष्कृत प्रणाली एवं प्रबंधन के लिए सुविख्यात है। धौलावीरा गुजरात के कच्छ जिले के भचाऊ तालुका में खादिर नाम के द्वीप पर स्थित है। इसका उत्खनन आर. एस. बिष्ट के निर्देशन के किया गया।

**19. The archaeological finds from Alamgirpur in Ghaziabad district reflected the : गाजियाबाद जिले के आलमगीरपुर का पुरातात्विक खोज _____को दर्शाता है।**

(a) Harappa Culture/हड़प्पा संस्कृति
(b) Vedic Culture/वैदिक संस्कृति
(c) Mauryan Culture/मौर्य संस्कृति
(d) Gupta Period Culture/गुप्त कालीन संस्कृति

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मेरठ जिले के आलमगीरपुर का पुरातात्विक खोज हड़प्पा संस्कृति को दर्शाता है। आलमगीरपुर यमुना की सहायक हिण्डन नदी के बायें तट पर स्थित है। यह हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक पूर्वी पुरास्थल है। इसकी खोज 1958 ई. में भारत सेवक समाज द्वारा तथा उत्खनन यज्ञदत्त शर्मा द्वारा कराया गया।

**20. Kali Bangan site of Indus Valley is situated in: सिंधु सभ्यता का स्थल कालीबंगन किस राज्य में अवस्थित है?**

(a) Rajasthan/राजस्थान
(b) Gujarat/गुजरात
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a):** सिंधु घाटी सभ्यता का प्रमुख स्थलों में से एक कालीबंगन राजस्थान राज्य में घग्गर नदी के तट पर स्थित है। इसकी खोज अमलानन्द घोष, बी.बी. लाल और बी. के. थापर ने की थी। यहाँ से प्राक् हड़प्पा और हड़प्पाकालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहाँ से चूड़ियों के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं।

**21. Indus Civilization Period ranges from:**
**सिंधु सभ्यता का काल कब था?**
(a) 2,500 BC to 1750 BC
2500 बी.सी. से 1750 बी.सी. तक
(b) 1,500 BC to 600 BC
1500 बी.सी. से 600 बी.सी. तक
(c) 600 BC to 322 BC
600 बी.सी. से 322 बी.सी. तक
(d) 322 BC to 185 BC
322 बी.सी. से 185 बी.सी. तक

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** रेडियों कार्बन-14($C^{14}$) जैसी नवीन विश्लेषण पद्धति के द्वारा हड़प्पा सभ्यता की तिथि को 2500 ई. पू. से 1750 ई. पू. माना गया है, जो सर्वाधिक मान्य है। इस सभ्यता को कांस्य युगीन सभ्यता भी कहते है, क्योंकि इस काल में कांस्य बनाने की तकनीकी का आविष्कार हुआ था।

**22. Which layout pattern was followed in the houses of the towns of Harappan People?**
**हड़प्पा लोगों के शहर के घरों में कौन-सी विन्यास प्रणाली का अनुसरण किया गया था?**
(a) Lotus flower like shape/कमल पुष्प जैसा आकार
(b) Spherical shape/वृत्ताकार आकार
(c) Grid pattern/जाली (ग्रिड) शैली
(d) Triangular pattern/त्रिकोणी शैली

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** हड़प्पा लोगों के शहर के घरों में आयताकार ग्रिड शैली का अनुसरण किया गया था। हड़प्पा सभ्यता के समस्त नगर ग्रिड प्लानिंग के तहत बसाए गए थे, यानि आयताकार खंड में विभाजित नगर, जहाँ सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती थी। हड़प्पा के शहरों की योजना शतरंज की बिसात जैसी थी। इसके शहरों में जल निकासी व्यवस्था इतनी उन्नत थी कि पहले नालियों के साथ सड़कें बिछाई गई और फिर उनके साथ घर बनाए गए।

**23. The Harappan Civilization was discovered in the year/हड़प्पा सभ्यता की खोज वर्ष........ में हुई थी?**
(a) 1901 (b) 1921
(c) 1935 (d) 1942

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** हड़प्पा सभ्यता की खोज 1921 ई. में दयाराम साहनी द्वारा की गई थी। हड़प्पा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का एक स्थल है जो रावी नदी के तट पर स्थित हैं।

**24. Who discovered the Indus-Valley Civilization?**
**सिंधु-घाटी सभ्यता की खोज किसने की?**
(a) Leonard Wooley/लीओनार्ड वूले
(b) V.S. Agrawal/वी.एस. अग्रवाल
(c) Dayaram Sahni/दयाराम साहनी
(d) A.L. Bashan/ए.एल. बासन

**Allahabad High Court (ARO) 06/02/2011**
**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** सिंधु घाटी सभ्यता की खोज सन् 1921 ई. में रायबहादुर दयाराम साहनी ने की। इस सभ्यता को आद्य ऐतिहासिक अथवा कांस्य सभ्यता भी कहा जाता है। रेडियो कार्बन $C^{14}$ डेटिंग विधि के अनुसार सिंधु सभ्यता की तिथि 25,00 ई.पू. से 1750 ई.पू. निर्धारित की गई है। इस सभ्यता के प्रथम प्राप्त स्थल 'हड़प्पा', के नाम पर हड़प्पा सभ्यता भी कहा जाता है।
हड़प्पा/सिंधु सभ्यता के सबसे पश्चिमी-उत्तरी, पूर्वी, दक्षिणी स्थल निम्न लिखित हैं-
1. पश्चिमी – सुत्कागेंडोर (बलूचिस्तान) – दाश्क नदी के किनारे।
2. उत्तरी – माण्डा (जम्मू-कश्मीर) – चिनाब नदी के किनारे।
3. पूर्वी – आलमगीरपुर (मेरठ) – हिंडन नदी के किनारे।
4. दक्षिणी – दइ (अहमद नगर) – गोदावरी नदी के किनारे।

**25. Who among the following Director- General of the Archeological Survey of India announced the Discovery of Mohanjodaro to the World?**
**निम्नलिखित में से भारत के पुरातात्विक सर्वेक्षण के किस डायरेक्टर जनरल ने पूरे विश्व के समक्ष मोहनजोदडों की खोज की घोषणा की?**
(a) Rai Bahdur Daya ram Sahni
राय बहादुर दया राम साहनी
(b) John Marshall/जॉन मार्शल
(c) Alexander Cunningham/अलेक्जेंडर कनिंघम
(d) Dr. James Burgess/डॉ. जेम्स बरगास

**Allahabad High Court (RGC) Exam-28/09/2014**

**Ans. (b)** भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (Archeological Survey of India) संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक विभाग है। भारत में सर्वप्रथम 1861 में अलेक्जेंडर कनिंघम को पुरातत्व सर्वेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। लार्ड कर्जन के समय 1902 में इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रूप में केन्द्रीकृत कर जॉन मार्शल को इसका प्रथम महानिदेशक बनाया गया, जिन्होनें पूरे विश्व के समक्ष मोहनजोदड़ो की खोज की घोषणा की थी। मोहनजोदड़ो की खोज वर्ष 1922 में राखलदास बनर्जी ने की थी।

**26. Manda, the northern-most site of Indus civilisation in Jammu and Kashmir is located the bank of…………river.**
**मांड़ा, जम्मू-कश्मीर में सिन्धु सभ्यता का सबसे उत्तरी भाग...............नदी के तट पर स्थित है।**
(a) Jhelum/झेलम (b) Sutlej/सतलज
(c) Zanskar/जांस्कर (d) Chenab/चेनाब

**Allahabad High Court (ARO) Exam 18/12/2016**

**Ans. (d)** मांड़ा, चेनाब नदी के तट पर स्थित जम्मू-कश्मीर में सिंधु सभ्यता का सबसे उत्तरी भाग है। सिन्धु सभ्यता का विस्तार पश्चिम में बलूचिस्तान तक, पूर्व में आलमगीरपुर (उ0प्र0) तक, दक्षिण में दाइमाबाद (महाराष्ट्र) तक और उत्तर में मांड़ा (जम्मू-कश्मीर) तक था।

**27. Which one of the following sites of Harappa is discovered in Afghanistan?**
**निम्नलिखित में से हड़प्पा का कौन-सा पुरास्थल अफगानिस्तान में मिला है?**

(a) Lothal/लोथल (b) Sindh/सिन्ध
(c) Shortughai/शौर्तुघई (d) Banawali/बनवाली

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam 28/09/2014**

**Ans. (c)** हड़प्पा का शौर्तुघई पुरास्थल उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शान प्रान्त में कोकचा नदी और ऑक्सस नदी (आमू दरिया) के विलय क्षेत्र के पास 2000 ई. पू. में स्थापित सिन्धु घाटी सभ्यता की एक व्यापारिक बस्ती थी। शौर्तुघई को सिन्धु घाटी सभ्यता का सबसे उत्तरी पुरास्थल माना जाता है। शौर्तुघई पुरास्थल की खोज 1976 ई. में की गई थी।

## 3. वैदिक सभ्यता (Vedic Culture)

**28. Which veda depicts the information about the most ancient vedic age culture?**
**कौन सा वेद सबसे प्राचीन वैदिक युग की संस्कृति के बारे में जानकारी दर्शाता है?**

(a) Samaveda/सामवेद
(b) Rigveda/ऋग्वेद
(c) Yajurveda/यजुर्वेद
(d) Atharvaveda/अथर्ववेद

**Allahabad High Court Group D Exam 05/01/2025**

**Ans. (b) :** सबसे प्राचीन वैदिक युग की संस्कृति के बारे में जानकारी देने वाला वेद ऋग्वेद है। ऋग्वेद को चार वेदों में सबसे पहला और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इसमें 1028 सूक्त हैं जो देवताओं की स्तुति में गाए गए हैं। ये सूक्त प्रारंभिक वैदिक काल के लोगों के सामाजिक धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं।

**29. Who composed the Gayatri Mantra?**
**गायत्री मंत्र की रचना किसने की?**

(a) Vishwamitra/विश्वामित्र (b) Vashishtha/वशिष्ठ
(c) Indra/इंद्र (d) Parikshit/परीक्षित

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** गायत्री मंत्र के रचयिता विश्वामित्र है। गायत्री मंत्र ऋग्वेद के तीसरे मण्डल में सूर्य देवता को समर्पित है।

**30. "Gayatri Mantra" is present in which Veda?**
**निम्नलिखित वेदों में से 'गायत्री मंत्र' किस वेद में विद्यमान है?**

(a) Rigveda/ऋग्वेद
(b) Yajurveda/यजुर्वेद
(c) Samveda/सामवेद
(d) Atharvaveda/अथर्ववेद

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** ऋग्वेद सर्वाधिक प्राचीन वेद है। 'गायत्री मंत्र' ऋग्वेद में उल्लिखित है। इसके रचनाकार विश्वामित्र हैं। यह सविता (सूर्य देवता) को समर्पित है। यह मंत्र ऋग्वेद के तृतीय मंडल में वर्णित है।

**31. Who of the following scholars, challenged in Invincible Yajnavalkya for debate ?**
**निम्नलिखित में से किस विद्वान ने अजेय याज्ञवल्क्य को वाद-विवाद के लिए चुनौती दी थी ?**

(a) Gargi/गार्गी (b) Maitreyi/मैत्रेयी
(c) Apala/अपाला (d) Kanishka/कनिष्क

**Allahabad High Court (APS) 22/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** गार्गी ने अजेय याज्ञवल्क्य को वाद-विवाद के लिए चुनौती दी थी। याज्ञवल्क्य-गार्गी संवाद का उल्लेख बृहदारण्यक उपनिषद में मिलता है। गार्गी उपनिषद काल की एक विदुषी महिला थी। यह ऋषि वचक्नु की पुत्री थी और बचपन से ही उनकी शिक्षाविदों के प्रति विशेष रूचि थी।

**32. Which Veda depicts the information about the most ancient Vedic-age culture?**
**कौन-से वेद में सबसे प्राचीन वैदिक युग संस्कृति के बारे में जानकारी को दर्शाया गया है?**

(a) Rigveda/ऋग्वेद
(b) Yajurveda/यर्जुवेद
(c) Atharvaveda/अथर्ववेद
(d) Samveda/सामवेद

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** वेद भारत वर्ष के सबसे प्राचीन ग्रन्थ है। वेदों का संकलन महर्षि वेदव्यास ने की थी। वेदों की रचना वैदिक काल (1500-600 ईसा पूर्व) में हुई थी। वेद चार प्रकार के हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद। वेदों में सबसे प्राचीन वैदिक युग संस्कृति ऋग्वेद में है। ऋग्वेद में मण्डलों की संख्या 10 है, तथा 1028 सूक्त हैं। ऋग्वेद के पाठकर्ता को होतृ कहा जाता था।

**33. The total number of "Puranas":**
**पुराणों की संख्या है:**

(a) 12 (b) 16
(c) 18 (d) 20

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** पुराणों की संख्या 18 है। भारतीय ऐतिहासिक कथाओं का सबसे अच्छा क्रमबद्ध विवरण पुराणों में मिलता है। इसके रचयिता लोमहर्ष एवं इनके पुत्र उग्रश्रवा माने जाते हैं। पुराणों में मत्स्यपुराण सबसे प्राचीन एवं प्रामाणिक है।

**34. Name the oldest text on phonetics in India:**
**भारत में ध्वनि विज्ञान पर प्राचीनतम ग्रन्थ का नाम बताओ।**

(a) Nighantu/निघंतु
(b) Shrauta Sutra/श्रोत सूत्र
(c) Niryukta/निरुक्त
(d) Pratishakhya/प्रतिशाख्य

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** भारत में ज्ञात प्राचीनतम ध्वन्यात्मकता (फोनेटिक्स) ग्रन्थ 'प्रतिशाख्य' हैं। ये पाठ्यपुस्तकें वैदिक विद्यालयों के समय की हैं। इन प्रतिशाख्यों में संस्कृत के उच्चारण, स्वर और संधि नियमों का वर्णन किया गया है।
ज्ञात हो कि सबसे प्राचीन उपलब्ध संस्कृत व्याकरण ग्रन्थ पाणिनि का अष्टाध्यायी है।

35. **The staple food of the Vedic Aryan was :**
**वैदिक आर्यों का मुख्य भोजन था :**
(a) barley and rice/जौ और चावल
(b) milk and its products/दूध और इसके उत्पाद
(c) rice and pulses/चावल और दालें
(d) vegetables and fruits/सब्जियाँ और फल

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** ऋग्वैदिक आर्यों का प्रारम्भिक जीवन अस्थाई था, उनके जीवन में कृषि की अपेक्षा पशुपालन का महत्त्व अधिक था। अतः आर्यों का प्रमुख भोजन दूध और उसके उत्पाद थे। आर्य लोग जौ की सत्तू को दही में मिलाकर 'करंभ' नामक खाद्य पदार्थ बनाते थे तथा उसका उपयोग किया करते थे।
ध्यातव्य है कि उत्तर वैदिक काल में चावल और गेहूँ उनकी मुख्य फसल हो गई थी।

36. **Vedas throw light on which of the followings ?**
**निम्नलिखित में से किस पर वेदों के द्वारा सर्वाधिक प्रकाश डाला गया है**
(a) Religious and social life of the Aryans/आर्यों के धार्मिक एवं सामाजिक जीवन पर
(b) Religious, Social and Economic life of the Aryans/आर्यों के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर
(c) Political life of the Aryans/आर्यों के राजनीतिक जीवन पर
(d) Social and Political Life of the Aryans/आर्यों के सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** वेद, प्राचीन भारत वर्ष के पवित्र साहित्य हैं जो धरती के प्राचीनतम सनातन हिंदुओं के आधारभूत धर्म ग्रन्थ भी है। आर्यों के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर वेदों के द्वारा सर्वाधिक प्रकाश डाला गया है।
मुख्यतः चार वेद हैं – (i) ऋग्वेद (ii) सामवेद (iii) यजुर्वेद (iv) अथर्ववेद

37. **The word 'Gotra' occurs for the first time in -**
**प्रथम बार 'गोत्र' शब्द किसमें आया?**
(a) Rigveda/ऋग्वेद
(b) Samaveda/सामवेद
(c) Yajurveda/यजुर्वेद
(d) Atharvaveda/अथर्ववेद

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 'गोत्र' शब्द पहली बार ऋग्वेद में प्रयुक्त हुआ था, लेकिन वहाँ इसका अर्थ 'गोष्ठ' के रूप में ऐसे स्थान से था जहाँ आर्यों का गोधन पाला जाता था। अथर्ववेद (उत्तर वैदिक काल) में ही सर्वप्रथम गोत्र का उल्लेख एक वंश, कुल या जाति के रूप में हुआ था। इस प्रकार उत्तर वैदिक काल में गोत्र प्रथा स्थापित हो गई।

38. **Upanishads are a series of books devoted to :**
**'उपनिषद्' ______ पर आधारित ग्रंथ है।**
(a) Medicine/चिकित्सा (b) Yoga/योग
(c) Law/संहिता कानून (d) Philosophy/दर्शन

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d):** उपनिषद् दर्शन पर आधारित ग्रंथ है। उपनिषदों की कुल संख्या 108 है किन्तु प्रमाणिक उपनिषद् 12 हैं। उपनिषद शब्द में उप का अर्थ है 'समीप' और निषद का अर्थ 'बैठना' है। अर्थात् जिस रहस्य विद्या का ज्ञान गुरू के समीप बैठकर प्राप्त किया जाता है उसे 'उपनिषद' कहते है। वैदिक साहित्य के अंतिम भाग होने के कारण इन्हें वेदान्त भी कहा जाता है।

39. **For how many days was the battle of Kurukshetra fought?**
**कुरुक्षेत्र की लड़ाई कितने दिनों तक लड़ी गई?**
(a) 12 (b) 18
(c) 15 (d) 8

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** महाभारत का युद्ध पूरे 18 दिनों तक चला था, यह युद्ध कुरुक्षेत्र में हुआ था। महाभारत को 'जय संहिता' के नाम से भी जाना जाता है। यह नाम वेदव्यास द्वारा रखा गया था। इसे हिन्दू धर्म में पंचम वेद माना जाता है। महाभारत के रचयिता वेदव्यास जी को माना जाता है।

40. **The earliest settlement of Aryan tribes were at:**
**आर्य जतियों की प्राथमिक बसावट कहाँ थी?**
(a) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(b) Bengal/बंगाल
(c) Saptu Sindhu/सप्त सिंधु
(d) Delhi/दिल्ली

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** आर्यों का प्राथमिक बसाव सम्भवतः सप्त सिंधु क्षेत्र था। सप्त सिंधु क्षेत्र के अन्तर्गत पंजाब क्षेत्र की पाँच नदियों (सतलज, रावी, चिनाब, झेलम, ब्यास), सिंधु और सरस्वती शामिल की जाती हैं हालांकि कुछ विद्वानों के अनुसार आर्य सर्वप्रथम अफगानिस्तान और पंजाब में बसे। मैक्समूलर ने आर्यों का मूल निवास स्थान मध्य एशिया को माना है।
आर्यों के भारत में आगमन और बसाव के काल को वैदिक काल कहा जाता है जिसे दो भागों में बांटा गया है- 1. ऋग्वैदिक काल – 1500 ई. पू. से 1000 ई. पू. तथा 2. उत्तर वैदिक काल – 1000 ई. पू. से 600 ई. पू. तक।

41. **Which of the following sages who existed in the Vedic period, do not have relation with Uttar Pradesh?**
**वैदिक काल में विद्यमान निम्नलिखित ऋषियों (संतों) में से कौन उत्तर प्रदेश से संबंधित नहीं थे?**
(a) Yajnavalkya/याज्ञवल्क्य
(b) Bharadwaaj/भारद्वाज
(c) Atri/अत्री
(d) Parshwanath/पार्श्वनाथ

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2016**

**Ans. (a)**

| वैदिक ऋषि | सम्बन्धित स्थान |
|---|---|
| याज्ञवल्क्य | वड़नगर (गुजरात) |
| भारद्वाज | प्रयाग |
| अत्री | चित्रकूट |
| पार्श्वनाथ | वाराणसी |

42. **Which Rig-Vedic God was considered as the intermediary between gods and the people?**
**कौन-से ऋग्वैदिक देवता को, भगवान और लोगों के मध्यस्थ के रूप में माना जाता था?**

(a) Indra/इंद्र (b) Varuna/वरुण
(c) Agni/अग्नि (d) Surya/सूर्य

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2016**

**Ans. (c)** अग्नि देवता को भगवान और लोगों के बीच मध्यस्थ के रूप में माना जाता था। ऋग्वेद में अग्नि के लिए 200 ऋचाओं का उल्लेख है।

43. **Which one of the following is not among the four Vedas**
**निम्नलिखित में से कौन चार वेदों में से एक वेद नहीं है?**

(a) Aayurveda/आयुर्वेद (b) Righveda/ऋग्वेद
(c) Atharveda/अथर्व वेद (d) Samveda/सामवेद

**Allahabad High Court (RGC) Exam-28/09/2014**

**Ans. (a)** ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद वैदिक कालीन धर्म ग्रन्थ है, जिनके संकलनकर्ता महार्षि कृष्ण द्वैपायन (वेदव्यास) है जबकि आयुर्वेद चिकित्सा की एक शाखा है जिसमें जड़ी बूटियों के माध्यम से रोगों का इलाज किया जाता है।

## 4. महाजनपदों का उदय (Emergency of Mahajanapadas)

44. **Who was the founder of Nanda Dynasty?**
**नंद वंश का संस्थापक कौन था?**

(a) Bimbisara/बिम्बसार
(b) Mahapadmananda/महापदमनन्द
(c) Ajatashatru/अजातशत्रु
(d) Dhanananda/धनानन्द

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** महाजनपद कालीन 16 महाजनपदों में से प्रमुख रहे मगध महाजनपद पर आसीन रहे नंद वंश की स्थापना चौथी शताब्दी ई. पू. में महापद्मनन्द ने की थी। उसे 'केन्द्रीय शासन पद्धति' का जन्मदाता कहा जाता है, क्योंकि उसने काशी कोशल, वज्जि, शूरसेन, पांचाल, कुरू, वत्स, चेदि, मल्ल, गांधार, कंबोज, अश्मक और कलिंग जनपदों को जीतकर एक सुदृढ़ केन्द्रीय प्रशासन की नींव रखी थी। महापद्मनंद ने 'सर्वक्षत्रांतक एवं एकराट' की उपाधि धारण की थी। नंदवंश के अन्तिम शासक धनानन्द के शासनकाल में सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया था।

## 5. मगध का उत्कर्ष (Emergence of Magadh)

45. **In ancient India, the earliest capital of Magadha Kingdom was at :**
**प्राचीन भारत में, मगध साम्राज्य की पूर्वकालीन राजधानी_____थी**

(a) Pataliputra/पाटलिपुत्र (b) Rajgir/राजगृह
(c) Vaishali/वैशाली (d) Varanasi/वाराणसी

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (b):** मगध साम्राज्य की पूर्वकालीन राजधानी राजगृह, आधुनिक राजगीर थी, बाद में पाटलिपुत्र हो गई। मगध के सबसे प्राचीन वंश का संस्थापक बृहद्रथ था। इसकी राजधानी गिरिब्रज (राजगृह) थी। हर्यक वंश का संस्थापक बिम्बिसार मगध की गद्दी पर 544 ई.पू. में बैठा तथा यह बौद्ध धर्म का अनुयायी था।

46. **Bimbisara was the founder of which one of the following dynasties ?**
**बिम्बिसार किस राजवंशज के सस्थापक थे?**

(a) Nanda/नंद (b) Haryanka /हर्यक
(c) Maurya /मौर्य (d) Shunga /शुंग

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** बिम्बिसार 'हर्यक वंश' का संस्थापक था। हर्यक वंश का शासनकाल 544 ई.पू. से 412 ई.पू. तक रहा। हर्यक वंश के अन्य शासक अजातशत्रु, उदयिन, अनुरुद्ध, मुण्ड तथा नाग दशक थे। बिम्बसार ने जैन धर्म के संस्थापक महावीर स्वामी को अपना समर्थन दिया था। बिम्बसार की हत्या उसके पुत्र अजातशत्रु ने किया था।

47. **Name the son of Bimbisara of the Haryanaka Dynasty :**
**हर्यक राजवंश के बिम्बिसार के पुत्र का क्या नाम है ?**

(a) Jivaka/जिवेका
(b) Prasenjit/प्रसेनजीत
(c) AjataShatru/अजातशत्रु
(d) Pradyota/प्रदोयता

**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** हर्यक राजवंश की स्थापना मगध में 544 ई.पू. में बिम्बिसार ने की थी। इसके पुत्र का नाम अजातशत्रु था इसने 492 ई.पू. से 460 ई.पू. तक मगध पर शासन किया। इसके बचपन का नाम कुणिक था।

48. **Which was the first capital of Magadha?**
**मगध की प्रथम राजधानी निम्न में से क्या है?**

(a) Pataliputra/पाटलिपुत्र
(b) Vaishali/वैशाली
(c) Girivraja (Rajgriha)/गिरीव्रज (राजगृह)
(d) Champa/चंपा

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** छठीं शताब्दी ई.पू. के उत्तर भारत के 16 महाजनपदों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण व शक्तिशाली रहे 'मगध' महाजनपद की प्रथम राजधानी गिरिव्रज (राजगृह) थी। बाद में मगध पर प्रथम ज्ञात शासक वंश हर्यंक वंश का शासन था। इस वंश के तीसरे शासक उदयिन (460-444 ई.पू.) ने मगध की राजधानी गिरिव्रज से पाटलिपुत्र स्थानांतरित की थी। उदयिन ने ही पाटलिपुत्र (कुसुमपुरा) नगर की स्थापना की थी।

बाद में शिशुनाग वंश के शासक शिशुनाग ने वज्जियों पर कठोर नियंत्रण रखने के लिए पाटलिपुत्र के अतिरिक्त वैशाली को साम्राज्य की दूसरी राजधानी बनाया।

49. **Which one of the following persons established the Town of Pataliputra at the confluence of Ganga and Son rivers ?**

किस निम्नलिखित शासक ने गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर पाटलिपुत्र नगर को स्थापित किया ?

(a) Ajatashatru/अजातशत्रु (b) Udayin/उदयिन
(c) Ashok/अशोक (d) Ghananand/घनानन्द

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** परिशिष्ट पर्वत, गार्गी संहिता व वायुपुराण के अनुसार गंगा व सोन नदियों के संगम पर पाटलिपुत्र नगर की स्थापना (जहाँ पूर्व में अजातशत्रु ने दुर्ग बनवाया था) उदयिन ने करवायी तथा उसे अपनी राजधानी बनायी

# 6. जैन धर्म/ बौद्ध धर्म/ भागवत/ शैव धर्म (Jainism/ Buddhism/ Bhagvatism/ Shaivism)

## i. जैन धर्म (Jainism)

**50. Which one of the following was not a "jain Tirthankar"?**
**इनमें से कौन जैन तीर्थंकर नही था?**

(a) Chandraprabha/चन्द्रप्रभ
(b) Naathmuni/नाथमुनि
(c) Nemi/नेमि
(d) Sambhav/संभव

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जैन धर्म के संस्थापक एवं प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव थे। जैन धर्म में कुल 24 तीर्थंकर हुए। संभवनाथ तीसरे, चन्द्रप्रभ आठवें तथा नेमिनाथ 21वें तीर्थंकर थे। अतः स्पष्ट है कि नाथमुनि जैन तीर्थंकर नहीं थे।

**51. How many 'Tirathankars' are there in the Jain religion ?**
**जैन धर्म के अन्तर्गत कितने 'तीर्थंकर' है?**

(a) 20 (b) 23
(c) 24 (d) 25

**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (c) :** जैन धर्म के अंतर्गत 24 तीर्थंकर आते हैं। प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभनाथ थे। 24वें तीर्थंकर वर्धमान महावीर थे जिनका जन्म 540 ईसा पूर्व में वैशाली के निकट कुण्डग्राम में हुआ था। 468 ई0पू0 में 72 वर्ष की आयु में बिहार के पावापुरी में इनका निधन हो गया।

**52. Who among the following was contemporary of Gautama Buddha ?**
**निम्नलिखित में से कौन गौतम बुद्ध के समकालीन थे?**

(a) Bhadrabahu/भद्रबाहू
(b) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(c) Parsvanath/पार्श्वनाथ
(d) Vardhaman Mahavira/वर्धमान महावीर

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (d) :** महावीर स्वामी, गौतम बुद्ध के समकालीन थे। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म 540 ई.पू. में कुण्डग्राम (वैशाली) में हुआ था। 12 वर्ष की कठिन तपस्या के बाद ऋजुपालिका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे इन्हें कैवल्य की प्राप्ति हुई। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था। 6वर्ष की कठिन तपस्या के बाद वैशाख पूर्णिमा की रात निरंजना नदी के तट पर पीपल वृक्ष के नीचे इन्हें ज्ञान की प्रप्ति हुई। ज्ञान प्राप्ति के बाद ये बुद्ध कहलाए।

**53. The doctorine of three jewels-Right belief, Right conduct and Right Knowledge – is the crowning glory of:**
**निम्नलिखित त्रिरत्न सिद्धान्त सम्यक विश्वास, सम्यक विचार, सम्यक ज्ञान किसके यहाँ श्रेष्ठ शीर्ष नियम है?**

(a) Buddhism/बुद्ध धर्म
(b) Christanity/इसाई धर्म
(c) Jainism/जैन धर्म
(d) Judaism/यहूदी धर्म

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** त्रिरत्न सिद्धान्त सम्यक विश्वास, सम्यक विचार, सम्यक ज्ञान जैन धर्म का श्रेष्ठ शीर्ष नियम है। इसका मुख्य उद्देश्य मुक्ति की प्राप्ति है, जिसके लिये किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं होती है।

**54. Which one of the following is NOT common in Buddhism and Jainism?**
**निम्न में से क्या बुद्ध व जैन धर्म में समान नहीं है?**

(a) Non-Violence (Ahimsa)/अहिंसा
(b) Indifference to Vedas/वेदों से विभिन्नता
(c) Self-Mortification/स्वयं-लज्जित
(d) Rejection of rituals/अनुष्ठान को अस्वीकारना

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** बौद्ध और जैन धर्म में यद्यपि कई समानताएँ है तथापि दोनों की मान्यताओं और विचारों में कुछ असमानताएँ है। स्वयं लज्जित अथवा आत्मनिग्रह (Self-Mortification) के बारे में दोनों में भिन्नता है।
आत्म त्याग अथवा आत्मनिग्रह के लिए कठिन मार्ग का बौद्ध धर्म त्याग करता है जबकि जैन धर्म में आत्म त्याग के लिए कठोर व चरम मार्ग का अनुसरण करने को कहा गया है। आत्मा के अस्तित्व पर भी बौद्ध धर्म में अस्वीकृति है जबकि जैन धर्म आत्मा के अस्तित्व को मानता है।

**55. In which of the following languages and scripts is Jain literature compiled ?**
**जैन साहित्य का संकलन किस भाषा एवं लिपि में किया गया ?**

(a) Sanskrit and Devnagri/संस्कृत और देवनागरी
(b) Prakrit and Ardhamagadhi/प्राकृत और अर्धमागधी
(c) Pali and Purn Magadhi/पालि और पूर्ण मागधी
(d) Sanskrit and Brahmi/संस्कृत और ब्राह्मी

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जैन साहित्य अत्यंत विशाल है। यह अधिकतर प्राकृत और अर्धमागधी भाषा में लिखित है। ध्यातव्य है कि प्राचीन जैन साहित्य प्राकृत भाषा में लिखे गए है। जैन धर्म के उपदेश भी प्राकृत भाषा में ही दिए गए है। जैन साहित्य को आगम (सिद्धान्त) कहा जाता है तथा इसके प्राचीनतम ग्रंथों को 'पूव्व' कहा जाता है। इनकी संख्या 14 है।

56. **Who is also known as 'Nigantha Nataputta' ?**
**किसे 'निगंथा नटपुत्त' के रूप में जाना जाता है?**
(a) Vardhamana Mahavira/वर्द्धमान महावीर
(b) Gautam Buddha/गौतम बुद्ध
(c) Nagarjuna/नागार्जुन
(d) Shankaracharya/शंकराचार्य
**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी को 'निगंथा नटपुत्त' के रूप में जाना जाता है। इन्हें जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। सिंह, महावीर का प्रतीक चिह्न है और उनके अनुशासन को चन्द्रवला के नाम से जाना जाता है। उन्हें वर्द्धमान, जैन, जितेंद्रिय, केवलिन और 'अर्हत्' के नाम से भी जाना जाता है।

57. **Mahavira was a born in 6th Century BC at :**
**छठी शताब्दी ई.पू. महावीर का जन्म _____में हुआ था।**
(a) Vaishali/वैशाली (b) Magadha/मगध
(c) Sarnath/सारनाथ (d) Pavapuri/पावापुरी
**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** छठी शताब्दी ई. पू. महावीर स्वामी का जन्म वैशाली के निकट कुण्डग्राम में 540 ई. पू. में हुआ था। 30 वर्ष की अवस्था में महावीर ने गृहत्याग दिया। यह जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। 12 वर्ष की कठिन तपस्या के बाद महावीर को जृम्भिक ग्राम के समीप ऋजुपालिका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे तपस्या करते हुए ज्ञान का बोध हुआ। उनकी मृत्यु पावापुरी में 72 वर्ष की उम्र में 468 ई. पू. में हुई।

58. **Parshvanatha, the twenty - third tirthankara was born in:**
**तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जन्म कहां हुआ था?**
(a) Agra/आगरा (b) Banaras/बनारस
(c) Prayagraj/प्रयागराज (d) Kanpur/कानपुर
**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जैनधर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ थे। इनका जन्म वाराणसी के भेलूपुर में हुआ था। तीर्थंकर पार्श्वनाथ 30 वर्ष की आयु में गृह त्याग दिए तथा 83 दिन की कठोर तपस्या के बाद 84वें दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई। अंत में अपना निर्वाणकाल समीप जानकर श्री सम्मेत शिखर, जो झारखण्ड में पारसनाथ की पहाड़ी पर स्थित है, चले गए जहाँ श्रावण शुक्ल सप्तमी को उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।

59. **Which of the following places is associated with Jainism?**
**जैन धर्म से कौन-सा स्थान सम्बद्ध है?**
(a) Kapilvastu/कपिलवस्तु (b) Pava/पावा
(c) Prayag/प्रयाग (d) Shravasti/श्रावस्ती
**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** पावापुरी या पावा बिहार राज्य के नालन्दा जिले में स्थित जैन धर्म के लिए एक पवित्र स्थल है। पावापुरी महावीर का निर्वाण स्थान तथा जैनियों का तीर्थ स्थल है। पावापुरी का जल मंदिर जैनियों का प्रसिद्ध मंदिर है।

60. **Mahavira Jaina breathed his last at:**
**महावीर जैन ने अपनी अंतिम साँस कहाँ ली थी?**
(a) Rajgir/राजगीर
(b) Ranchi/रांची
(c) Pawapuri/पावापुरी
(d) Samastipur/समस्तीपुर
**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** महावीर स्वामी का जन्म 540 ई. पू. वैशाली के निकट कुंडग्राम में हुआ था। इनके बचपन का नाम वर्धमान था। इनके पिता का नाम सिद्धार्थ तथा माता का नाम त्रिशला था। इनकी मृत्यु 468 ई. पू. पावापुरी बिहार में हुई थी। ये जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। जैन धर्म के पहले तीर्थंकर ऋषभदेव तथा 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ थे।

## ii. बौद्ध धर्म (Buddhism)

61. **The Buddha's teachings have been reconstructed from stories, found mainly in the**
**बुद्ध की शिक्षायें कथाओं से पूर्वरचित की गई हैं, जो मुख्यतः _______ में पाई जाती हैः**
(a) Bhagavad-Gita /भगवद्गीता
(b) Quran /कुरान
(c) Boddhisattva /बोधिसत्व
(d) Sutta Pitaka /सुत्तपिटक
**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (d) :** बुद्ध की शिक्षाएं कथाओं से पूर्वरचित की गई हैं, जो मुख्यतः सुत्तपिटक में पाई जाती हैं। सुत्तपिटक बौद्ध धर्म के पाली साहित्य का एक महत्वपूर्ण भाग है, जिसमें बुद्ध की शिक्षाएं और उपदेश संग्रहीत है। सुत्तपिटक में पांच निकाय है।
(1) दीघ निकाय
(2) मज्झिम निकाय
(3) संयुक्त निकाय
(4) अंगुत्तर निकाय
(5) सुद्दक निकाय

62. **Buddha's Preachings were mainly related to :**
**महात्मा बुद्ध के प्रवचनों का संबंध निम्न में से मुख्यतः किससे है?**
(a) belief in one God/एक ईश्वर में विश्वास
(b) practice of rituals/कर्मकांडों (rituals) की पद्धति
(c) purity of thoughts and conduct/विचारों तथा व्यवहार की शुद्धता
(d) idol worship/मूर्तिपूजा
**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** महात्मा बुद्ध के प्रवचनों का संबंध विचारों और व्यवहारों की शुद्धता से है। बुद्ध का मानना था कि यदि लोग एक निश्चित तरीके से व्यवहार करते हैं तो वे अपने दुःखों और कष्टों से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने उपदेश दिया कि सामाजिक विभाजन गलत है। उन्होंने पशु बलि और हिंसा का विरोध किया।

63. **Which one of the following sects is not related to Buddhism?/निम्नलिखित में से कौन एक बौद्ध धर्म से संबंधित नहीं है?**

(a) Mahayana/महायान (b) Hinayana/हीनयान
(c) Digambar/दिगम्बर (d) Theravada/थेरावाद

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** महायान, हीनयान एवं थेरावाद बौद्धधर्म से संबंधित जबकि श्वेताम्बर तथा दिगम्बर जैन धर्म से संबंधित है। श्वेताम्बर श्वेत वस्त्र धारण करते थे, जबकि दिगंबर दिशाओं को ही अपना वस्त्र मानते थे।

**64. Which one of the following describes best the concept of 'Nirvana' in Buddhism?/निम्नलिखित में से बौद्ध धर्म में 'निर्वाण' की अवधारणा को सबसे सही तरह से क्या निरूपित करता है?**

(a) The extinction of the flame of the desire/इच्छा की लौ का विलुप्त हो जाना
(b) The complete annihilation of self/स्वयं का पूर्ण उच्छेदन
(c) A state of bliss and rest/आनंद और आराम की स्थिति
(d) A mental stage beyond all comprehension/सभी समझ से परे एक मानसिक अवस्था

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** बुद्ध के शिक्षण का अंतिम लक्ष्य निर्वाण की प्राप्ति थी। बौद्ध धर्म में निर्वाण का अर्थ 'इच्छा की लौ का विलुप्त हो जाना' होता है। निर्वाण की प्राप्ति के पश्चात जीवन-मरण के चक्रण से मुक्ति मिलने का सिद्धान्त है।

**65. Which of the following place is not related to Gautam Buddha?/निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान गौतम बुद्ध से संबंधित नहीं है ?**

(a) Sarnath/सारनाथ
(b) Bodh Gaya/बोधगया
(c) Kushi Nagar/कुशीनगर
(d) Pava Puri/पावापुरी

**Allahabad High Court (CA) 21/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** पावापुरी स्थान गौतम बुद्ध से संबंधित नहीं है। गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक हैं। उनका जन्म लगभग 2500 वर्ष पूर्व (563 ई. पूर्व) में हुआ था।

- बिहार के बोधगया में पीपल के पेड़ के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।
- सारनाथ में बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था।
- कुशीनगर में ही साल वृक्ष के नीचे 483 ई. में उनकी मृत्यु हो गई थी जिसे महापरिनिर्वाण कहा जाता है।

**66. Where did Buddha deliver his first sermon? बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ पर दिया ?**

(a) Sarnath/सारनाथ
(b) Kushinagar/कुशीनगर
(c) Bodh Gaya/बोध गया
(d) Patliputra/पाटलिपुत्र

**Allahabad High Court (CA) 21/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में कपिलवस्तु नामक स्थान पर हुआ था। गौतम वुद्ध को बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी तथा बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश सारनाथ में 5 ब्राह्मणों को दिया इसे धर्म चक्र प्रवर्तन कहा गया। इसका प्रतीक चिह्न 'चक्र' है। बुद्ध ने अपने उपदेश जनसाधारण की भाषा पालि में दिये थे।

**67. "Tripithak" is related to which religion: 'त्रिपिटक' किस धर्म से सम्बद्ध हैः**

(a) Jainism/जैनधर्म (b) Buddhism/बौद्धधर्म
(c) Sikkhism/सिक्खधर्म (d) Christianity/ईसाइधर्म

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** त्रिपिटक (विनयपिटक, सुत्तपिटक व अभिधम्म पिटक) से बौद्ध धर्म के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। तीनों पिटकों की भाषा पालि है। सुत्तपिटक में बुद्ध के धार्मिक सिद्धान्तों को संवाद के रूप में संकलित किया गया है। विनयपिटक में संघ के भिक्षु-भिक्षुणियों के लिए नियमों का संग्रह तथा अभिधम्म पिटक भिक्षुओं की शिक्षा और विद्वतापूर्ण गतिविधि का दार्शनिक विश्लेषण और व्यवस्थितीकरण है।

**68. The First Budhist Council was held at ______. पहली बौद्ध परिषद ______में आयोजित की गई।**

(a) Kashmir/कश्मीर (b) Rajagriha/राजगृह
(c) Patliputra/पाटलिपुत्र (d) Vaishali/वैशाली

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** बौद्ध धर्म के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध का जन्म नेपाल की तराई में स्थित कपिलवस्तु लुम्बिनी ग्राम में शाक्य क्षत्रिय कुल में 563 ई. पू. में हुआ था। इनकी मृत्यु 483 ई. पू. में 80 वर्ष की अवस्था में हुई। इसे बौद्ध परम्परा में महापरिनिर्वाण के नाम से जाना जाता है।

**– बौद्ध सभाएँ –**

| | वर्ष | स्थान | अध्यक्ष | शासक |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम बौद्ध संगीति | 483 ई. पू. | राजगृह | महाकश्यप | अजातशत्रु |
| द्वितीय बौद्ध संगीति | 383 ई. पू. | वैशाली | सबाकामी | कालाशोक |
| तृतीय बौद्ध संगीति | 250 ई.पू. | पाटलिपुत्र | मोग्गलिपुत्त तिस्स | अशोक |
| चतुर्थ बौद्ध संगीति | प्रथम शताब्दी | कश्मीर | वसुमित्र/ अश्वघोष | कनिष्क |

**69. Sarnath is in the State of : सारनाथ _____राज्य में है।**

(a) Kerala/केरल
(b) Maharashtra/महराष्ट्र
(c) Gujrat/गुजरात
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d):** सारनाथ, उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित है। सारनाथ, भारत के उत्तर प्रदेश के गंगा एवं वरूणा नदियों के संगम के पास वाराणसी से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक स्थान है। सारनाथ में बौद्ध स्तूप है इसी स्थान पर बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपने पाँच ब्राह्मण शिष्यों को प्रथम उपदेश दिया था।

**70. Lumbini is related to which religion ?**
**लुंबिनी किस धर्म से संबंधित है ?**

(a) Jainism/जैन (b) Buddhism/बौद्ध
(c) Christianity/ईसाई (d) Sikkhism/सिख

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** लुंबिनी, आधुनिक नेपाल की दक्षिणी सीमा के पास एक उपवन है, जो बौद्ध धर्म का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है क्योंकि यहाँ बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। इसे वर्ष 1997 में विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था।

**71. Who is called "The Light of Asia"?**
**किसे ''एशिया का प्रकाश'' कहा जाता है?**

(a) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी
(b) Gautam Buddha/गौतम बुद्ध
(c) Mao Tse Tung/माओत्से तुंग
(d) Akbar/अकबर

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** गौतम बुद्ध को ''एशिया का प्रकाश'' कहा जाता हैं। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई. पू. लुम्बिनी में हुआ था। इनके पिता का नाम शुद्धोदन एवं माता का नाम माया देवी था। गौतम बुद्ध की मृत्यु 483 ई.पू. में कुशीनगर में हुई थी।

**72. Which event of Gautam Buddha's life is depicted by the wheel & deer in Indian art?**
**गौतम बुद्ध के जीवन की किस घटना को भारतीय कला में पहिया और हिरण द्वारा दर्शाया गया है?**

(a) Great departure/महा प्रस्थान
(b) Enlightenment/आत्मज्ञान
(c) First preaching/पहला उपदेश
(d) Nirvana/मोक्ष

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** गौतम बुद्ध के प्रथम उपदेश को भारतीय कला में पहिया और हिरण द्वारा दर्शाया गया है। पहले धर्मोपदेश को धर्म चक्र प्रवर्तन भी कहा जाता है। उन्होंने अपने पहले पांच तपस्वी शिष्यों को हिरण पार्क (सारनाथ) वाराणसी, उत्तर प्रदेश में उपदेश दिया था।

**73. Which among the following is the sacred book of the Buddhists?/निम्नलिखित में से कौन, बौद्धों की एक पवित्र पुस्तक है?**

(a) Upanishad/उपनिषद (b) Vedas/वेद
(c) Tripitaka/त्रिपिटक (d) Agamas/आगम

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** त्रिपिटक बौद्ध धर्म की एक पवित्र पुस्तक है। यह तीन पुस्तकों का संग्रह है- विनय पिटक, सुत्त पिटक तथा अभिधम्म पिटक। विनय पिटक में भिक्षुओं के लिए संन्यासी अनुशासन के नियम, सुत्त पिटक में बुद्ध के उपदेश का संग्रह तथा अभिधम्म पिटक में बुद्ध की शिक्षाओं का वर्णन है।

**74. Dharma wheel is a symbol of :**
**धर्म चक्र किसका प्रतीक है ?**

(a) Buddhism/बौद्ध धर्म
(b) Jainism/जैन धर्म
(c) Hinduism/हिंदु धर्म
(d) Zoroastrianism/पारसी धर्म

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** धर्मचक्र बौद्ध धर्म का प्रतीक है। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध थे। इनका जन्म 563 ई. पू. में कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था। सांसारिक समस्याओं से व्यथित होकर सिद्धार्थ ने 29 वर्ष की अवस्था में गृह-त्याग किया, जिसे बौद्धधर्म में 'महाभिनिष्क्रमण' कहा जाता है। बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश सारनाथ (ऋषिपतनम्) में दिया, जिसे बौद्ध ग्रंथों में 'धर्मचक्रप्रवर्तन' कहा जाता है।

**75. Where did Lord Buddha breathe his last (Mahaparinirvan)?/भगवान बुद्ध ने अंतिम सांस (महापरिनिर्वाण) कहाँ पर ली?**

(a) Rajgir/राजगीर
(b) Bodh Gaya/बोधगया
(c) Sarnath/सारनाथ
(d) Khushinagar/कुशीनगर

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध अपने जीवन का अन्तिम समय कुशीनगर में व्यतीत किया। पावा में अपने शिष्य चुन्द के यहां 'सूकर मद्दव' भोज्य सामग्री खाने से अतिसार रोग से पीड़ित हो गए। उसके बाद बुद्ध पावा से कुशीनगर आ गये और वहीं 80 वर्ष की अवस्था में मृत्यु हो गई। जिसे बौद्ध ग्रंथों में 'महापरिनिर्वाण' कहा गया। गौतम बुद्ध ने यही पर 'सुभद्द' को अपना अन्तिम उपदेश दिया।

**76. The Chaukhandi Stupa is situated at**
**चौखंडी स्तूप _______ में स्थित है।**

(a) Bodhgaya/बोधगया (b) Sarnath/सारनाथ
(c) Kaushambi/कौशाम्बी (d) Ayodhya/अयोध्या

**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (b) :** चौखण्डी स्तूप सारनाथ (वाराणसी), उत्तर प्रदेश में स्थित है। यह विशाल स्तूप चारों ओर से अष्टभुजीय मीनारों से घिरा है। यह एक बौद्ध धार्मिक स्थल है।

**77. Gautam Buddha gave his first sermon at in Uttar Pradesh./गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश के ............में अपना पहला उपदेश दिया था?**

(a) Sarnath/सारनाथ (b) Mirzapur/मिर्जापुर
(c) Ayodhya/अयोध्या
(d) Kushinagar/कुशीनगर

**Allahabad High Court (Group D) Exam 27/09/2014**
**Allahabad High Court (RO) Exam 08/01/2017**

**Ans.**(a) गौतम बुद्ध (563ईसा पूर्व – 483 ईसा पूर्व) की शिक्षाओं पर बौद्ध धर्म का प्रचलन हुआ। इनका जन्म लुंबिनी में शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ। 29 वर्ष की अवस्था में बुद्ध ने घर त्याग दिया जिसे 'महाभिनिष्क्रमण' के रूप में जाना जाता है। आषाढ़ की पूर्णिमा को वे काशी के समीप मृगदाव (वर्तमान में सारनाथ) पहुंचे। यही पर उन्होंने सबसे पहला धर्मोपदेश दिया जिसे 'धर्मचक्रप्रवर्तन' कहा गया है।

**78. Situated in the central Uttar Pradesh,……… is believed to be the place where Gautam Buddha, along with Brahma and Devraj Indra descended after giving sermons to his mother.**
**माना जाता है कि उत्तर प्रदेश के मध्य में स्थित............में अपनी माँ को उपदेश देने के बाद गौतम बुद्ध, ब्रह्मा और देवराज इंद्र के साथ अवतीर्ण हुए थे।**
(a) Sankasia/संकसिया (b) Sravasti/श्रावस्ती
(c) Kaushabi/कौशाम्बी (d) Sarnath/सारनाथ

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2016**

**Ans. (a)** ऐसा माना जाता है कि उत्तर प्रदेश के मध्य में स्थित संकसिया (फर्रुखाबाद) में अपनी मां को उपदेश देने के बाद गौतमबुद्ध, ब्रम्हा और देवराज इंद्र के साथ अवतीर्ण हुए थे।

**79. Maya, the mother of Gautama Buddha, belonged to the ruling family of**
**गौतम बुद्ध की माता, माया, किस शासक परिवार से संबंधित थी?**
(a) Kapilvastu/कपिलवस्तु (b) Lumbini/लुम्बिनी
(c) Sarnath/सारनाथ (d) Deoria/देवरिया

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2016**

**Ans. (a)** गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व में कपिलवस्तु के लुम्बनी नामक स्थान पर हुआ था। इसके पिता शुद्धोधन शाक्य गण के मुखिया थे। इनकी माता माया देवी थी। माया देवी कपिलवस्तु की महारानी थी।

**80. In which of the following place Buddha attained enlightenment?/निम्नलिखित में से किस जगह पर बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था?**
(a) Karle/कार्ले (b) Bodhgaya/बोधगया
(c) Sarnath/सारनाथ (d) Lumbini/लुम्बिनी

**Allahabad High Court (RGC) Exam-28/09/2014**

**Ans. (b)** बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु के समीप लुम्बिनी में 563 ई.पू. में हुआ था। सांसारिक समस्याओं से व्यथित होकर 29 वर्ष की अवस्था में गृहत्याग दिया। गृहत्याग की इस घटना को बौद्ध ग्रन्थों में महाभिनिष्क्रमण कहा गया। 35 वर्ष की आयु में उरूवेला, बोधगया में वट (पीपल) वृक्ष के नीचे निरंजना नदी के तट पर वैशाख पूर्णिमा के दिन ज्ञान प्राप्त हुआ इसके पश्चात वे बुद्ध कहलाये।

**81. Gaya is associated with Lord Buddha where he:**
**भगवान बुद्ध का गया से किस प्रकार से गहरा संबंध है?**
(a) was born/जन्म स्थान
(b) attained enlightenment/ज्ञान प्राप्त किया
(c) died/मृत्यु हुई
(d) delivered his first sermon
अपना पहला उपदेश दिया

**Allahabad High Court (RO/ARO) 06/02/2011**

**Ans. (b)** बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु के समीप लुम्बिनी वन में 563 ई.पू. में हुआ था। सांसारिक समस्याओं से व्यथित होकर इन्होंने 29 वर्ष की आयु में गृहत्याग दिया। गृहत्याग की घटना को बौद्ध ग्रन्थों में महाभिनिष्क्रमण कहा जाता है। सर्वप्रथम वैशाली आकर सांख्य दर्शन के आचार्य आलारकलाम से मुलाकात की। इसके बाद राजगृह में रूद्रकरामपुत्र से मुलाकात किया तत्पश्चात वे उरूवेला (बोध गया) आ गये। 35 वर्ष की आयु में उरूवेला में वट (पीपल) वृक्ष के नीचे निरंजना नदी के तट पर वैशाख पूर्णिमा के दिन इनको ज्ञान की प्राप्त हुयी। इसके पश्चात ये बुद्ध कहलायें। अतः गया (बोध गया) बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति से सम्बन्धित है।

## 6(iii) शैव/वैष्णव धर्म (Shaivism/Vaishnavism)

**82. By the tenth century the composition of 12 Alvars were compiled in an anthology known as ______**
**दसवीं शताब्दी तक आते-आते 12 अलवरों की रचनाओं का संकलन किया गया जिन्हें ______ के नाम से जान जाता है।**
(a) Tevaram / तेवरम्
(b) Divya Suri Sarita / दिव्य सुरी सरीता
(c) Priya Puranam / प्रिय पुराणम्
(d) Nalayira Divyaprabhandham/ नलयिरादिव्यप्रबंधम्

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam 28/09/2014**

**Ans. (d)** दसवीं शताब्दी तक आते-आते 12 अलवरों की रचनाओं का संकलन किया गया जिन्हें नलयिरादिव्यप्रबंधम् के नाम से जाना जाता है। तमिल में नालयिरम का अर्थ चार हजार होता है। अपने वर्तमान रूप में इन पद्यों का संकलन नाथमुनि द्वारा किया गया। ये पद्य आज भी गाये जाते हैं।

**83. Andal, one of the Tamil Bhakti Devotee was the worshipper of________.**
**अण्डाल, एक तमिल भक्ति संत, किसकी उपासक थी?**
(a) Mahavira/महावीर (b) Shiva/शिव
(c) Vishnu/विष्णु (d) Budhha/बुद्ध

**Allahabad High Court (RGC) Exam 28/09/2014**

**Ans. (c)** अण्डाल 8वीं शताब्दी की दक्षिण भारत की विष्णु भक्त संत थी। इन्हे दक्षिण भारत की मीरा कहा जाता था। इन्होंनें चिरुप्पावई और नचियार तिरूमोझी काव्यों की रचना की थी।

## 7. मौर्य साम्राज्य (Mauryan Empire)

**84. 'Kautilya' was the Prime Minister of :**
**'कौटिल्य' किसके प्रधानमंत्री थे?**
(a) Chandragupta Vikramaditya/चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(b) Ashoka/अशोक
(c) Chandragupta Maurya/चन्द्रगुप्त मौर्य
(d) Raja Janak/राजा जनक

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** कौटिल्य चन्द्रगुप्त मौर्य के कार्यकाल में प्रधानमंत्री थे। कौटिल्य (350-275 ईसा पूर्व) को चाणक्य और विष्णुगुप्त के नाम से जाना जाता है। 'अर्थशास्त्र' चाणक्य द्वारा लिखी गई पुस्तक है जिसमें राजनीतिक सिद्धान्तों का विस्तृत वर्णन है।

**85. Name the Greek ambassador who was sent to the court of Chandragupta Maurya?**
**उस यूनानी राजदूत का नाम बताइए जिसे चन्द्रगुप्त मौर्य की राजसभा में भेजा गया था?**

(a) Selecus/सेल्यूकस
(b) Diodorous/डियोडोरस
(c) Megasthenes/मेगास्थनीज
(d) Arrian/अर्रियन

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** मेगस्थनीज यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था जो चन्द्रगुप्त मौर्य के समय भारत आया था। 'इंडिका' मेगस्थनीज द्वारा यूनानी भाषा में लिखी गई एक पुस्तक है जिसमें मौर्यकालीन समाज, नगरों और राजनीति का वर्णन किया है। 'इंडिका' में भारतीय समाज को 7 वर्गों में बाँटा गया है।

**86. Chandragupta Maurya defeated:**
**चन्द्रगुप्त मौर्य ने किसे हराया था?**

(a) Porus/पोरस (b) Alexander/एलेक्जेंडर
(c) Seleucus/सेल्युकस (d) Ambhi/आम्भी

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था। यह 322 ई. पू. मगध की राजगद्दी पर बैठा था। इसने 305 ई. पू. में सेल्युकस निकेटर को पराजित किया था। सेल्यूकस निकेटर ने अपनी पुत्री कार्नेलिया की शादी चन्द्रगुप्त मौर्य के साथ कर दी और युद्ध की संधि-शर्तों के अनुसार चार प्रान्त काबुल, कन्धार, हेरात एवं मकरान चन्द्रगुप्त को दिए। चन्द्रगुप्त मौर्य जैन धर्म का अनुयायी था। उसने जैन गुरू भद्रबाहु से जैनधर्म की दीक्षा ली थी।

**87. Who among the following was appointed by Samrat Ashoka to administer justice in his empire?**
**निम्नलिखित में से किसको सम्राट अशोक ने अपने साम्राज्य में न्याय-प्रशासन के लिए नियुक्त किया था?**

(a) Sharmana/शरमन
(b) Kumar Amatya/कुमार अमात्य
(c) Rajuka/राजुक
(d) Uparika/उपरिका

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (c) :** अशोक के साम्राज्य में राजुक प्रमुख अधिकारी थे, जिन्हें न्याय प्रशासन के लिए नियुक्त किया गया था। बिन्दुसार का उत्तराधिकारी अशोक 269 ई.पू. में मगध की गद्दी पर बैठा अशोक मौर्य वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक था, जिसने अभिलेखों के द्वारा जनता तक अपने संदेश पहुँचाने की कोशिश की। अशोक के ज्यादातर अभिलेख प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में है।

**88. Which of the following was the oldest dynasty of India?**
**भारत का सबसे प्राचीन राजवंश कौन-सा था?**

(a) Maurya/मौर्य (b) Gupta/गुप्त
(c) Kushana/कुषाण (d) Kanva /कण्व

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** भारत का सबसे प्राचीन राजवंश मौर्यवंश (322-185 ई.पू.) स्थापित किया गया था। मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था। चन्द्रगुप्त मगध की राजगद्दी पर 322 ई.पू. में बैठा। चन्द्रगुप्त जैन धर्म का अनुयायी था। गुप्त वंश का संस्थापक श्रीगुप्त था, जिसने 'महाराज' की उपाधि धारण की थी। 75 ई.पू. में कण्व राजवंश की स्थापना वासुदेव कण्व द्वारा की गई थी। कुषाण वंश की स्थापना प्रथम शताब्दी ई. में कुजुल कडफिसेस ने किया था।

**89. The Indian king who opposed Alexander was :**
**सिकंदर का प्रतिरोध किस भारतीय शासक (राजा) ने किया?**

(a) Ambhi/अम्बी (b) Porus/पोरस
(c) Dhanananda/धनानंद
(d) Chandragupta/चन्द्रगुप्त

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सिकन्दर ने भारत-विजय का अभियान 326 ई.पू. में प्रारम्भ किया। सिकन्दर को पंजाब के शासक पोरस के साथ युद्ध करना पड़ा, जिसे हाइडेस्पीज के युद्ध या झेलम (वितस्ता) के युद्ध के नाम से जाना जाता है।

**90. Which of the following is not true about Megasthenese ?**
**मेगस्थनीज के संदर्भ में कौन-सा कथन असंगत है ?**

(a) He was a Greek ambassador/वह ग्रीक राजदूत था
(b) He was sent to the court of Chandragupta Maurya/वह चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा गया था
(c) He was sent by Alexander/उसे एलेक्जेण्डर ने भेजा
(d) He wrote the book Indica/उसने 'इण्डिका' की रचना की

**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** मेगस्थनीज मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में 304 ई.पू. में आने वाला यूनानी/ग्रीक राजदूत था। मेगस्थनीज यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था। इसने अपनी भारत यात्रा के दौरान इण्डिका नामक पुस्तक लिखी जिसमें पाटलिपुत्र नगर का विस्तृत वर्णन किया गया है।

**91. Which language is used in the inscriptions of Samrat Ashoka?/सम्राट अशोक के अभिलेखों में किस भाषा का उपयोग किया गया है?**

(a) Sanskrit/संस्कृत (b) Prakrit/प्राकृत
(c) Pali/पाली (d) Hindi/हिन्दी

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** सम्राट अशोक मौर्य राजवंश के सम्राट थे। सम्राट अशोक के विषय में व्यापक जानकारी शिलालेख द्वारा ही मिलती है। सम्राट अशोक के अभिलेखों में प्राकृत भाषा का उपयोग किया गया है। शिललेखों में ब्राह्मी लिपि, खरोष्ठी लिपि, और आरमेइक लिपि का प्रयोग किया गया है, जिसमें सबसे अधिक ब्राह्मी लिपि का प्रयोग किया गया है।

**92. Kautilya "Arthashastra" mainly deals with which aspect of Mauryan Period?**
**कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मौर्य राजवंश के किस पहलू को दर्शाता है?**

(a) Economic life/आर्थिक जीवन
(b) Art of government and politics/सरकार की कला एवं राजनीति
(c) Religious life/धार्मिक जीवन
(d) Social life/सामाजिक जीवन

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b):** कौटिल्य द्वारा लिखित 'अर्थशास्त्र' मौर्य शासनकाल के विषय में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है। इस पुस्तक में मुख्य रूप से मौर्यकालीन 'शासन व्यवस्था एवं राजनीति' का वर्णन है। 'अर्थशास्त्र' में मौर्यकालीन सामाजिक जीवन एवं आर्थिक व्यवस्था का भी उल्लेख है। 'अर्थशास्त्र' में कुल 15 अधिकरण हैं।

**93. Who among the following historical persons of India is also known as 'Vishnugupta':**
**निम्न में से भारत के किस ऐतिहासिक व्यक्ति को 'विष्णुगुप्त' कहा जाता है?**

(a) Bilhana/बिलहाना (b) Kalidasa/कालीदास
(c) Patanjali/पतंजलि (d) Chanakya/चाणक्य

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** मौर्य साम्राज्य (322 ई.पू. – 185 ई.पू.) की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाने वाले विद्वान और राजनीतिज्ञ चाणक्य को ही विष्णुगुप्त भी कहा जाता है। इनका नाम कौटिल्य भी था।
कौटिल्य की रचित पुस्तक अर्थशास्त्र में राज्य के सप्तांग सिद्धांत का उल्लेख किया गया है। ये सात सिद्धांत हैं- राजा, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, सेना और मित्र।

**94. To which dynasty did Ashoka belong ?**
**अशोक किस वंश से संबंधित था ?**

(a) Vardhana/वर्धन (b) Kushan/कुषाण
(c) Maurya/मौर्य (d) Gupta/गुप्त

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** अशोक विश्वप्रसिद्ध एवं शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश का महान सम्राट था। इसने ईसा पूर्व 269 से 232 ईसा पूर्व तक शासन किया था। इस साम्राज्य का संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य था तथा उसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी।

**95. Which edict gives proof that influence of Chandragupta had spread till Western India :**
**कौन-सा अभिलेख यह सिद्ध करता है कि चंद्रगुप्त का प्रभाव पश्चिमी भारत तक फैला हुआ था ?**

(a) Kalinga edict/कलिंग अभिलेख
(b) Girnar edict of Ashoka/अशोक का गिरनार अभिलेख
(c) Junagarh edit of Rudradaman/रूद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख
(d) Sopora edict of Ashoka/अशोक का सोपोरा अभिलेख

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** शक शासक रूद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख यह सिद्ध करता है कि चंद्रगुप्त का प्रभाव पश्चिमी भारत तक फैला हुआ था। इस अभिलेख में चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रान्तीय शासक पुष्पगुप्त द्वारा सौराष्ट्र में सुदर्शन झील के निर्माण का वर्णन है। इसकी भाषा संस्कृति और लिपि ब्राह्मी है।

**96. Among the following, which foreign traveller had come first to visit India?/निम्न में से कौन विदेशी यात्री सबसे पहले भारत आया?**

(a) Fahien/फाह्यान
(b) Hiuen Tsang/ह्वेनसांग
(c) Itsing/इत्सिंग
(d) Megasthenese/मेगस्थनीज

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** प्रश्न में दिये गये विदेशी यात्रियों में भारत आने वाला पहला व्यक्ति मेगस्थनीज था। वह सेल्यूकस निकेटर के राजदूत के रूप में भारत आया था। उसने इण्डिका नामक पुस्तक की रचना की। इण्डिका के अनुसार भारत का सबसे बड़ा नगर पाटलिपुत्र था।

**97. The most famous educational center during the period of Mauryan age was:**
**मौर्यकाल में प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र कौन-सा थाः**

(a) Vaishali/वैशाली (b) Nalanda/नालंदा
(c) Taxila/तक्षशिला (d) Ujjain/उज्जैन

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मौर्यकाल में प्रसिद्ध शिक्षा का केन्द्र तक्षशिला था। यह प्राचीन भारत में गान्धार प्रान्त की राजधानी थी। तक्षशिला विश्वविद्यालय की स्थापना 500 ई. पू. की गई थी। इसकी स्थापना राम के भाई भरत ने अपने पुत्र तक्ष के नाम पर रखा था। यह वर्तमान में पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में स्थित है।

**98. Who established the Maurya Kingdom?**
**मौर्य साम्राज्य किसने स्थापित किया था?**

(a) Bindusar/बिन्दुसार
(b) Chandragupta Maurya/चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) Ashoka/अशोक
(d) Bimbisar/बिम्बिसार

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** मौर्य साम्राज्य की स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा 322 ई.पू. के आसपास की गई थी। मौर्य साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) थी। मौर्य साम्राज्य के प्रमुख शासक चन्द्रगुप्त मौर्य, बिंदुसार और अशोक थे। मौर्य साम्राज्य 185 ई.पू. तक समाप्त हो गया, इसके अन्तिम शासक बृहद्रथ थे।

**99. The converging point of trade routes was _______, which was connected with the Silk Route passing through Central Asia.**
**व्यापार मार्गो का अभिसरण या मिलान बिन्दु____ था, जो मध्य एशिया से होते हुए सिल्क रूट से जुड़ा था।**

(a) Tashashila/तक्षशिला
(b) Buxar/बक्सर
(c) Bindusara/बिन्दुसार
(d) Vijayalaya/विजयालय

**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (a) :** तक्षशिला मौर्य काल में व्यापार मार्गो का अभिसरण या मिलान बिन्दु था, जो मध्य एशिया से होते हुए सिल्क रूट से जुड़ा था। मौर्यकाल में व्यापार जल एवं स्थल दोनों मार्गों से होता था। इस काल में उत्तरापथ सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग था जो तक्षशिला से पाटलीपुत्र होते हुए ताम्रलिप्ति (बंगाल) तक जाता था। इस काल में पश्चिमी तट के प्रमुख बन्दरगाह भरूच एवं सोपारा थे, जबकि पूर्वी तट पर ताम्रलिप्ति प्रमुख बंदरगाह था। इनके माध्यम से ब्राह्य देशो से व्यापारिक संबंध स्थापित किया जाता था।

**100. Emperor Ashoka was the son of**
**सम्राट अशोक ______ के पुत्र थे।**

(a) Rajaraja/राजाराजा (b) Akbar/अकबर
(c) Bindusara/बिन्दुसार (d) Vijayalaya/विजयालय

**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (c) :** सम्राट अशोक बिन्दुसार के पुत्र थे। चन्द्रगुप्त मौर्य के पश्चात उसका पुत्र बिन्दुसार सम्राट बना। यूनानी साहित्य में इसे अमित्रघात, अमित्रोकेडीज आदि नामों से सम्बोधित किया गया। बिन्दुसार आजीवक सम्प्रदाय का अनुयायी था। बिन्दुसार की मृत्यु के पश्चात अशोक, मौर्य साम्राज्य की गद्दी पर बैठा।

**101. Which Mauryan emperor started the general use of stone for monuments?**
**किस मौर्य सम्राट ने स्मारकों के लिए पत्थर के प्रयोग की शुरुआत की थी?**

(a) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(b) Bindusara/बिन्दुसार
(c) Ashoka/अशोक
(d) Kunala/कुनाल

**Allahabad High Court (ARO) Exam 18/12/2016**

**Ans. (c)** बिन्दुसार का उत्तराधिकारी अशोक हुआ जो 269 ईसा पूर्व मगध की राजगद्दी पर बैठा। भारत में शिलालेख का प्रचलन सर्वप्रथम अशोक ने किया। अशोक के शिलालेखों में ब्राह्मी, खरोष्ठी, ग्रीक एवं आरमेइक लिपि का प्रयोग हुआ है।

**102. Kalinga war changed the life of :**
**कलिंग युद्ध ने इनमें से किसके जीवन को परिवर्तित कर दिया?**

(a) Chandragupta Maurya/चन्द्रगुप्त मौर्य
(b) Ashoka the Great/अशोक महान्
(c) Lord Buddha/लार्ड बुद्धा
(d) Akbar/अकबर

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam-06/02/2011**

**Ans. (b)** सम्राट अशोक (269 से 232 ई.पू.) ने अपने राज्याभिषेक के 8वें वर्ष पश्चात् 261 ई.पू. में कलिंग पर आक्रमण किया। अशोक के 13वें शिलालेख से पता चलता है कि युद्ध में लगभग एक लाख लोग मारे गये और लगभग डेढ़ लाख लोग युद्ध में बंदी बना लिये गये। युद्ध की विभीषिका स्थिति देखकर अशोक का मन द्रवित हो गया और उसने सदा के लिए युद्ध त्यागने की घोषणा की।

## 8. मौर्योत्तर साम्राज्य (Post-Mauryan Empire)

**103. Who among the following replaced Indo-Greeks in India?**
**निम्नलिखित में से किसने भारत में इन्डो-ग्रीक की जगह ली?**

(a) Pallavas/पल्लव (b) Kushans/कुषाण
(c) Sakas/शक (d) Sungas/शुंग

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c):** मौर्योत्तर काल में भारत पर विदेशी आक्रमणकारियों में प्रथम आक्रमणकारी भारतीय यूनानी (इण्डो-ग्रीक) थे। इन इंडो-ग्रीक शासकों के बाद 'शक' आक्रमणकारियों ने भारत के बड़े भाग पर नियंत्रण किया। शकों को सीथियन नाम से भी जाना जाता है। चीनी ग्रंथों में शकों को 'सई' तथा 'सईबाग' कहा गया है।

**104. Who of the following was a Senapati of the Mauryan Empire and assassinated the last Mauryan Emperor Brihadrath in 185 BC.**
**निम्नलिखित में से कौन मौर्य साम्राज्य का सेनापति था और उसने 185 ईसा पूर्व अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या की थी?**

(a) Pushyamitra Shunga/पुष्यमित्र शुंग
(b) Harisena/हरिषेण
(c) Samprati/सम्प्रति
(d) Kunala/कुणाल

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** पुष्यमित्र शुंग अंतिम मौर्य राजा, बृहद्रथ के सेनापति थे। इन्होंने ही बृहद्रथ की हत्या करके शुंग वंश की स्थापना की। पुष्यमित्र शुंग ने 185 ईसा पूर्व में बृहद्रथ की हत्या की। पुष्यमित्र शुंग ने दो बार अश्वमेध यज्ञ किया। इनके लिए पतंजलि ने अश्वमेध यज्ञ करवाए।

**105. Who was the founder of Kanva dynasty?**
**कण्व राजवंश के संस्थापक कौन थे?**

(a) Vishnugupta/विष्णुगुप्त
(b) Vishnusharma/विष्णुशर्मा
(c) Vasudeva/वासुदेव
(d) Vasumitra/वसुमित्र

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** भारतीय इतिहास में शुंग वंश के अन्तिम शासक देवभूति की हत्या कर वासुदेव ने कण्व वंश की नींव 75 ईसा पूर्व मे डाली। कण्व वंश एक ब्राह्मण वंश था। इसका अंतिम शासक सुशर्मन था।

**106. The capital of kanishka was ?**
**'कनिष्क' की राजधानी क्या थी ?**

(a) Purushapura/पुरूषपुर (b) Pataliputra/पाटलिपुत्र
(c) Taxila/तक्षशिला (d) Mathura/मथुरा

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 'कनिष्क' की राजधानी पुरूषपुर (पेशावर) थी और दूसरी राजधानी मथुरा थी।

**107. In the kingdom of Satavahanas of ancient India, a district was called**
**प्राचीन भारत में सातवाहन राज्य की राजधानी के जिले को किस नाम से संज्ञायित किया:**

(a) ahara/आहार (b) kataka/कटक
(c) rashtra/राष्ट्र (d) vihara/विहर

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** प्राचीन भारत में सातवाहन राज्य की राजधानी के जिले को 'आहार' नाम से जाना जाता है। सातवाहन राजवंश को आंध्र राजवंश कहा गया है। सातवाहन वंश की स्थापना सिमुक ने की थी तथा राजधानी प्रतिष्ठान में स्थापित किया। सातवाहन शासकों की राजकीय भाषा प्राकृत और लिपि ब्राह्मी थी।

**108. The government of the Satavahana kingdom was organized on the traditional lines wherein the kingdom was divided into**
**सातवाहन साम्राज्य की सरकार पारंपरिक आधार पर संगठित थी, जिसमें साम्राज्य ______ में बंटा हुआ था।**
(a) Gupta Dynasty / गुप्त वंश
(b) Janapadas / जनपदों
(c) Amataya / अमात्य
(d) Gamika / गामिका

**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (b) :** सातवाहन वंश की स्थापना मौर्योत्तर काल में दक्षिण भारत में हुई थी। इस वंश का संस्थापक सिमुक था लेकिन इस वंश का पहला महान शासक शातकर्णी प्रथम (106-130 ई.) था। गौतमी पुत्र शातकर्णी को त्रियसमुद्र तोयपिता-वाहन कहा जाता है। जिसका अर्थ है उसके घोड़ों ने तीनों समुद्रों का पानी पिया। सातवाहनों ने सर्वप्रथम सीसे के सिक्के चलाये थे। सातवाहन साम्राज्य की सरकार पारंपरिक आधार पर संगठित थी, जिसमें साम्राज्य जनपदों में बंटा हुआ था।

**109. The another reason for the decline of Mauryas was that the coup of ______ was a peoples' revolt against Mauryan oppression and a rejection of the Mauryan adoption of foreign ideas, as for instance in Mauryan Art.**
**मौर्यों के पतन का एक अन्य कारण यह था कि ______ का तख्तापलट मौर्यों के उत्पीड़न के खिलाफ लोगों का विद्रोह था और मौर्य कला उदाहरणार्थ मौर्यों द्वारा विदेशी विचारों को अपनाने के प्रति उनका अस्वीकरण था।**
(a) Vijayalaya / विजयालय
(b) Pushyamitra / पुष्यमित्र
(c) Aryanism / आर्य
(d) Mauryan / मौर्य

**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (b) :** मौर्यो के पतन का एक अन्य कारण यह था कि पुष्यमित्र का तख्तापलट मौर्यो के उत्पीड़न के खिलाफ लोगों का विद्रोह था और मौर्य कला उदाहरणार्थ मौर्यो द्वारा विदेशी विचारों को अपनाने के प्रति उनका अस्वीकार था। मौर्य वंश के अन्तिम शासक बृहद्रथ की हत्या कर पुष्यमित्र ने शुंग वंश की स्थापना की। यह कट्टर ब्राह्मणवादी था। इसने दो अश्वमेघ यज्ञ किये। इन अश्वमेघ यज्ञों के पुरोहित महर्षि पंतजलि थे जिन्होंने महाभाष्य की रचना की थी।

## 9. गुप्त साम्राज्य (Gupta Empire)

**110. Discovery of decimal system used in mathematics is credited to:/गणित में प्रयोग की जाने वाली दशमलव पद्धति की खोज हुई थी :**
(a) Kushan period/कुषाण काल
(b) Gupta period/गुप्त काल
(c) Maurya period/मौर्य काल
(d) Vardhana period/वर्धन काल

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b):** गुप्त काल में आर्यभट्ट ने गणित में प्रयोग की जाने वाली दशमलव पद्धति और शून्य का आविष्कार किया। आर्यभट्ट ने आर्यभट्टीयम एवं सूर्यसिद्धान्त नामक ग्रंथ लिखें।

**111. Who amongst the following is the daughter of one of the most important rulers in early Indian history, Chandragupta II?/निम्नलिखित में से कौन प्रांरभिक भारतीय इतिहास के सर्वाधिक महत्वपूर्ण शासकों में से एक, चंद्रगुप्त II, की पुत्री थी?**
(a) Satyavati Gupta /सत्यवती गुप्त
(b) Prabhavati Gupta /प्रभावती गुप्त
(c) Amravati Gupta /अमरावती गुप्त
(d) Kushana Gupta कुषाण गुप्त

**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (b) :** प्रभावती गुप्त चंद्रगुप्त द्वितीय की पुत्री थी। उसकी मां नाग वंश की कुबेरनागा थीं। प्रभावती गुप्त का विवाह वाकाटक वंश के राजा रूद्रसेन द्वितीय से हुआ था। रूद्रसेन की मृत्यु के बाद प्रभावती ने अपने अल्प-वयस्क पुत्रों (दिवाकर सेन और दामोदर सेन) की संरक्षिका के रूप में शासन किया। रामगुप्त के बाद चंद्रगुप्त द्वितीय गद्दी पर बैठा। चंद्रगुप्त द्वितीय चांदी के सिक्के जारी करने वाला पहला गुप्त शासक था।

**112. Largest number of gold coins were issued in which of the following periods ?**
**निम्नलिखित में से किस काल में सबसे अधिक संख्या में सोने के सिक्के जारी किये गये?**
(a) Kushan /कुषाण
(b) Gupta /गुप्त
(c) Maurya /मौर्य
(d) Hind Yawan /हिन्द यवन

**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्प में से गुप्त वंश में सबसे अधिक संख्या में सोने के सिक्के जारी किये गए थे। गुप्त वंश का संस्थापक श्री गुप्त (240-280ई.) था। जबकि कुषाण शासकों ने सोने के सर्वाधिक शुद्ध सिक्के जारी किये थे। कुषाण वंश ने उत्तरी तथा उत्तर पश्चिमी भारत में सर्वाधिक संख्या में ताँबे के सिक्कों को जारी किया था। कुषाण वंश के संस्थापक कुजुल कडफिसेस था।

**113. The Mehrauli Pillar inscription belongs to the period of the:**
**महरौली स्तम्भ अभिलेख किसके समय से संबंधित है?**
(a) Mauryas/मौर्य
(b) Kushanas/कुषाण
(c) Sungas/शुंग
(d) Guptas/गुप्त

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** महरौली का लौह स्तम्भ अभिलेख गुप्त वंश से संबंधित है। महरौली (दिल्ली) में कुतुब मीनार के परिसर में स्थापित यह लौह स्तम्भ भारतीय शिल्पकारों की कुशलता का अद्भुत प्रमाण है। इसके बारे में जानकारी हमें इस पर खुदे अभिलेख से मिलती है। इसमें 'चन्द्र' नाम के एक शासक का जिक्र है जो संभवतः गुप्त वंश से सम्बन्धित थे।

114. **Who is known as Napoleon of India:**
**भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?**
(a) Sri Gupta/श्री गुप्त
(b) Chandragupta /चन्द्रगुप्त
(c) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(d) Devicharangupta/देवीचरणगुप्त
**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी था जो 335 ई. में राजगद्दी पर बैठा। इसने आर्यावर्त के 9 शासकों और दक्षिणावर्त के 12 शासकों को पराजित किया। इन्हीं विषयों के कारण 'समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन' कहा जाता है। इसने अश्वमेधकर्ता, 'व्याघ्र पराक्रमः' एवं परमभागवत की उपाधि धारण की। यह विष्णु का उपासक था।

115. **In which century did the famous Chinese Pilgrim Fahein visit India?**
**प्रसिद्ध चीनी यात्री फाहियान ने किस शताब्दी में भारत की यात्रा की थी?**
(a) 4th Century AD/चौथी शताब्दी ए.डी.
(b) 5th Century AD/पांचवी शताब्दी ए.डी.
(c) 6th Century AD/छठी शताब्दी ए.डी.
(d) 7th Century AD/सातवीं शताब्दी ए.डी.
**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** फाह्यान चौथी शताब्दी में भारत आने वाला पहला चीनी तीर्थयात्री था। उसने चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के दौरान भारत की यात्रा किया था। उन्होंने एक यात्रा वृत्तांत ''बौद्ध साम्राज्यों का अभिलेख'' संकलित किया।

116. **Who was the first Gupta ruler to assume the title of 'Maharajadhiraja' ?**
**'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण करने वाले प्रथम गुप्त शासक कौन थे ?**
(a) Ghatotkach/घटोत्कच
(b) Chandragupta II/चन्द्रगुप्त द्वितीय
(c) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(d) Chandragupta I/चन्द्रगुप्त प्रथम
**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** चन्द्रगुप्त प्रथम गुप्त वंश का शासक था इसने 320 ई. से 335 ई. तक शासक किया। चन्द्रगुप्त ने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की थी एवं गुप्त संवत का प्रारम्भ किया था।

117. **Vikram Samvat commenced in the year of:**
**विक्रम संवत किस वर्ष से आरंभ हुआः**
(a) 68 BC/68 (ईसा पूर्व) (b) 78 BC/78 (ईसा पूर्व)
(c) 57 BC/57 (ईसा पूर्व) (d) 47 BC/47 (ईसा पूर्व)
**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** विक्रम संवत की शुरुआत 57 (ईसा पूर्व) हुआ था। ऐसा कहा जाता है (जैन ग्रंथ कल्काचार्यकथा के अनुसार) विक्रम संवत की शुरुआत राजा विक्रमादित्य द्वारा की गई थी। वी.ए. स्मिथ और डी. आर. भंडारकर का मानना था कि विक्रम संवत की शुरुआत चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य) ने की थी। शक संवत की शुरुआत 78 ई. में कुषाण शासक कनिष्क ने किया था।

118. **Aryabhatt and Varahmihira belong to which age:/आर्यभट्ट और वाराहमिहिर किस कालखण्ड से सम्बन्धित है?**
(a) Guptas/गुप्त (b) Cholas/चोल
(c) Mauryas/मौर्य (d) Mughals/मुगल
**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** आर्यभट्ट और वाराहमिहिर गुप्त कालखण्ड से सम्बन्धित हैं। ये दोनों चन्द्रगुप्त II 'विक्रमादित्य' के नवरत्नों में से थे। आर्यभट्ट प्रमुख गणितज्ञ-खगोलविदों में से एक थे तथा वाराहमिहिर एक भारतीय खगोलशास्त्री, गणितज्ञ और ज्योतिषी थे।

119. **The first Gupta ruler to assume the title of Parama Bhagawat was :**
**परम भागवत को स्वीकारोक्ति प्रदत्त करने वाले प्रथम गुप्त शासक कौन थे :**
(a) Chandragupta I/चन्द्रगुप्त प्रथम
(b) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(c) Chandragupta II/चन्द्रगुप्त द्वितीय
(d) Ramgupta/रामगुप्त
**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** 'परम भागवत' को स्वीकारोक्ति प्रदान करने वाला प्रथम गुप्त शासक 'समुद्रगुप्त' था। नालंदा एवं गया ताम्रपत्र के अनुसार सर्वप्रथम 'परमभागवत' की उपाधि समुद्रगुप्त ने धारण किया। समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा जाता है।

120. **________ assumed the title of 'Vikramaditya' :**
**निम्न में से किसे विक्रमादित्य के रूप में जाना जाता हैः**
(a) Ashoka/अशोक
(b) Chandragupta II/चन्द्रगुप्त द्वितीय
(c) Kanishka/कनिष्क
(d) Samudragupta/समुद्रगुप्त
**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** गुप्तवंश के महान शासक 'चन्द्रगुप्त द्वितीय' ने शक विजय के उपरान्त 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण किया और 'व्याघ्र अंकित सिक्के' उत्कीर्ण करवाये। देवगुप्त, देवराज, देवश्री इनके अन्य नाम थे।

121. **During the reign of which of the following dynasties did Kalidas flourish ?**
**निम्नलिखित में से किस वंश के शासन के समय कालिदास ने उन्नति की थी ?**
(a) Maurya/मौर्य (b) Shunga/शुंग
(c) Gupta/गुप्त (d) Vardhana/वर्धन
**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** कालिदास पहली शताब्दी ई.पू. के संस्कृत भाषा के महान कवि थे। कालिदास गुप्त राजा चंद्रगुप्त द्वितीय के दरबारी रत्नों में से एक थे। गुप्तकाल में ही इन्हें प्रमुखता व प्रसिद्धि प्राप्त हुई। 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्', 'मेघदूतम्' और 'ऋतुसंहार' इनकी कुछ प्रमुख रचनाएँ है।

122. **Who was the founder of the Gupta Dynasty ?**
**गुप्त वंश का संस्थापक कौन था ?**
(a) Chandragupta-I/चंद्रगुप्त-I
(b) Srigupta/श्रीगुप्त

(c) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(d) Skandgupta/स्कन्दगुप्त

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** गुप्त वंश का संस्थापक श्रीगुप्त था। श्रीगुप्त का शासनकाल 240-280 ई. था। प्रभावती गुप्त के पूना ताम्रपत्र में श्रीगुप्त को 'आदिराज' कहा गया है। श्री गुप्त के बाद, इसका पुत्र घटोत्कच गद्दी पर बैठा था।

**123. The decimal numeral system, including the concept of zero was invented in India during which one of the following dynasty :**
**निम्नलिखित में से किस राजवंश के दौरान भारत में शून्य की संकल्पना सहित दशमलव संख्यांक प्रणाली आविष्कृत हुई थी ?**

(a) Saka/शक (b) Gupta/गुप्त
(c) Pala/पाल (d) Chola/चोल

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** भारत में गुप्त राजवंश के दौरान शून्य की संकल्पना सहित दशमलव संख्यांक प्रणाली की खोज की गई है। भारतीय इतिहास में गुप्त काल कला, साहित्य तथा वैज्ञानिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। चन्द्रगुप्त द्वितीय के काल में कला, विज्ञान तथा साहित्य क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया गया। इसके दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित विद्वान रहते थे जिन्हें नवरत्न कहा जाता है। इनमें क्षपणक, बेतालभट्ट, बररूचि, धन्वंतरि, कालिदास प्रमुख थे।

**124. Who among the following organized Ashvamedha Yajna?**
**निम्नलिखित में से किसने अश्वमेघ यज्ञ का आयोजन किया ?**

(a) Ajatashatru/अजातशत्रु
(b) Samrat Ashoka/सम्राट अशोक
(c) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(d) Chandragupta/चंद्रगुप्त

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** गुप्त कालीन शासक समुद्रगुप्त 335 ई. में मगध की गद्दी पर आसीन हुआ इसने मगध के साम्राज्य विस्तार के समय ही उत्तरापथ के 9 शासकों तथा दक्षिणापथ के 12 शासकों को पराजित किया। इन्हीं विजयों के उपलक्ष्य में उसने अश्वमेघ यज्ञ का आयोजन करवाया। इन्हीं विजयों के कारण ही समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा जाता है। विष्णु के उपासक समुद्रगुप्त को कविराज भी कहा जाता है। उसे संगीत-प्रेमी शासक भी कहा जाता है। जिसका दरबारी कवि 'हरिषेण' था जिसने प्रयाग प्रशस्ति लेख की रचना की थी।

**125. Who among the following was popularly known as Napoleon of ancient India?**
**निम्नलिखित में से किसे लोकप्रिय रूप से प्राचीन भारत के नेपोलियन के रूप में जाना जाता था?**

(a) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(b) Chandragupta II/चन्द्रगुप्त II
(c) Kanishka/कनिष्क
(d) Ashoka/अशोक

**Allahabad High Court (RO) 10/01/2020**

**Ans. (a):** प्रसिद्ध गुप्तकालीन शासक समुद्रगुप्त को विजयों के कारण विसेंट स्मिथ ने 'भारत का नेपोलियन' कहा है। समुद्रगुप्त के इतिहास को जानने का मुख्य स्रोत 'प्रयाग प्रशस्ति' है जिसकी रचना हरिषेण ने चम्पू शैली में की है। प्रयाग प्रशस्ति से उसकी विजयों पर प्रकाश पड़ता है।

**126. Assertion (A):/अभिकथन (A):**
**The Shudras in the Gupta period were permitted to listen to the Ramayana, the Mahabharata and the Puranas.**
**गुप्त काल में शूद्रों को रामायण, महाभारत एवं पुराण सुनने की अनुमति थी।**
**Reason (R):**
**कारण (R):**
**The economic status of the Shudras improved in the Gupta period and they were mainly represented as agriculturists.**
**गुप्त काल में शूद्रों की आर्थिक स्थिति सुधरी मुख्यत: कृषकों का प्रतिनिधित्व करते थे।**
**In the context of the above two statements,s which of the following is correct?**
**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से सही है?**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A
A और R दोनों सत्य है तथा R, A सही व्याख्या है
(b) Both A and R are true and R is not the correct explanation of A
A और R दोनों सत्य है तथा R, A सही व्याख्या नहीं है
(c) A is true but R is false
A सत्य है परन्तु R असत्य है
(d) A is false but R is true
A असत्य है परन्तु R सत्य है

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2016**

**Ans. (b)** गुप्त काल में शूद्रों की स्थिति मौर्यकाल की अपेक्षा अधिक संतोष जनक थी। सातवीं शताब्दी ईसवी के लगभग शूद्र से तिहरो (कृषकों) का उल्लेख है। याज्ञवल्क्य के अनुसार शूद्र 'ओंकार' के बदले 'नम:' शब्द का प्रयोग करके पंच महायज्ञ कर सकता था तथा शूद्रों को रामायण, महाभारत तथा पुराण सुनने का अधिकार था। अत: A और R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।

## 10. दक्षिण भारतीय राजवंश (चोल, चालुक्य, पल्लव) (South Indian Dynasties Chola, Chalukya, Pallava)

**127. Who was the founder of Chalukya Dynasty?**
**चालुक्य राजवंश का संस्थापक कौन था?**

(a) Vishnuvardhan/विष्णुवर्धन
(b) Kirtivarman-I/कीर्तिवर्मन-I
(c) Pulakeshin I/पुलकेशिन-I
(d) Pulakeshin II/पुलकेशिन-II

**Allahabad High Court Steno Exam 05/01/2025**

**Ans. (c) :** चालुक्य राजवंश का संस्थापक पुलकेशिन-I था। चालुक्यों ने वातापी (वर्तमान बादामी) को अपनी राजधानी बनाया तथा छठी शताब्दी से बारहवीं शताब्दी तक दक्कन क्षेत्र के बड़े हिस्से पर शासन किया।

**128. "Chola Dynasty" patronised which religion ?**
**'चोल राजवंश' ने किस धर्म की रक्षा की?**

(a) Jainism/जैन
(b) Buddhism/बौद्ध
(c) Vaishnav Religion/वैष्णव धर्म
(d) Shaiv Religion/शैव धर्म

**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (d) :** चोल राजवंश ने शैव धर्म की रक्षा की। 9वीं शताब्दी में चोल वंश पल्लवों के ध्वंसावशेषों पर स्थापित हुई। इस वंश का संस्थापक विजयालय था। चोल शासक राजराज प्रथम शैव धर्म का अनुयायी था। इसने तंजौर में राजराजेश्वर का शिव मंदिर बनाया।

**129. Who among the following was the first Indian ruler, who established the primacy of Indian Navy in the Arabic Sea ?**
**निम्नलिखित में से किस प्रथम भारतीय शासक ने अरब सागर में भारतीय नौसेना की सर्वोच्चता स्थापित की ?**

(a) Rajraja Pratham/राजराज प्रथम
(b) Rajendra I/राजेन्द्र I
(c) Bhaskaran/भास्करन
(d) Vivyanatham/विव्यनाथम

**Allahabad High Court (APS) 22/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** चोल शासक राजराज प्रथम (985-1014 ई.), प्रथम भारतीय शासक थे जिन्होंने अरब सागर में भारतीय नौसेना की सर्वोच्चता स्थापित की। इसने अपनी नौसेना शक्ति के द्वारा सिंहल पर चढ़ाई की तथा सिंहल नरेश महेंद्र पंचम को पराजित किया। राजराज-I शैव धर्म का अनुयायी था। इसने तंजौर में राजराजेश्वर का शिवमंदिर बनवाया।

**130. The Capital of King Kadamba's empire was:**
**राजा कदम्ब के साम्राज्य की राजधानी कौन-सी थी?**

(a) Tanjore/तंजौर (b) Banavasi/बनवासी
(c) Kanchi/कांची (d) Badami/बादामी

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** कदम्ब दक्षिण भारत का एक क्षत्रिय राजवंश था, जो कांची में रहता था। इस राज्य की राजधानी वैजन्ती या बनवासी थी। इस वंश का सर्वाधिक शक्तिशाली राजा काकुस्थवर्मा था। इस वंश की स्थापना मयूरशर्मा ने की थी, जो मूल रूप से दक्षिण भारत के एक प्रमुख राजवंश पल्लवों का सामंत था।

**131. Chalukya dynasty of South India was founded by**
**दक्षिण भारत के चालुक्य वंश की स्थापना किसने की?**

(a) Harihara/हरिहरा (b) Pulakesin I/पुलकेशिन I
(c) Parantaka I/परान्तक I (d) Bukka/बुक्का

**Allahabad High Court (RO/ARO) 06/02/2011**

**Ans. (b)** चालुक्य वंश (वातापी) का संस्थापक पुलकेशिन प्रथम (543–566 ई.) को माना जाता है। पुलकेशिन प्रथम ने बदामी पर कब्जा कर उसे अपनी राजधानी बनाया। इसने अश्वमेघ, वाजपेय आदि यज्ञ करवाया। इसके पश्चात कीर्तिवर्मन प्रथम तथा उसका भाई मंगलेश शासक बना। मंगलेश को अभिलेखों में 'रणविक्रांत' और 'उपकरण विक्रांत' कहा गया है। इस वंश के सर्वाधिक महान शासक पुलिकेशन द्वितीय ने 'सत्याश्रय' एवं 'श्री पृथ्वी वल्लभ महाराज' की उपाधि धारण की।

## 11. सीमावर्ती राजवंश (पाल/ सेन/ कश्मीर/ कामरूप) (Borderline Dynasties (Pala/Sena/Kashmir/ Kamroop)

**132. Jaideva, the famous author of 'Gita Govinda' was the court poet of:/'गीत गोविन्द' के प्रसिद्ध रचनाकार किसके दरबार में कवि थे?**

(a) Harsha/हर्ष
(b) Prithivraj Chauhan/पृथ्वीराज चौहान
(c) Lakshmana Sena/लक्ष्मण सेन
(d) Vijay Sena/विजय सेन

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** 'गीत गोविन्द' के प्रसिद्ध रचनाकार 'जयदेव' सेनवंशीय शासक 'लक्ष्मण सेन' के दरबारी कवि थे। गीत गोविन्द संस्कृत भाषा में लिखी गई है। गीत गोविन्द के अलावा 'रति मंजरी' भी इनकी अन्य प्रमुख रचना है।

**133. The rulers of which among the following dynasties called themselves "Brahma -Kshatriya"?/निम्नलिखित में से किस राजवंश के शासक स्वयं को ''ब्रह्म-क्षत्रिय'' कहते थे?**

(a) Palas/पाल (b) Chalukyas/चालुक्य
(c) Senas/सेन (d) Pratiharas/प्रतिहार

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** सेन वंश के शासक खुद को ब्रह्म क्षत्रिय कहते थे। सेन साम्राज्य एक हिन्दू राजवंश था, जिसने 11वीं और 12वीं शताब्दी में बंगाल पर शासन किया था। राजवंश के संस्थापक सामंत सेन थे, जिन्होनें बाद के वर्षो में पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख हिस्से को सम्मिलित करने वाले राजवंश की नीव रखी।

## 12. प्राचीन भारतीय कला एवं साहित्य (Ancient Indian Art and Literature)

### (i) स्थापत्य कला (Architecture)

**134. Match List I with List II**

| List -I | List-II |
|---|---|
| A. Place where the image of deity is installed | I. Pradakshina Patha |
| B. Tower | II Stupa |
| C. Circular path around the stupa | III. Shikhara |
| D. Mound | IV. Garbhagriha |

**Choose the most appropriate answer from the options given below.**

**सूची - I साथ सूची - I I का मिलान कीजिए**

| सूची- I | सूची- I I |
|---|---|
| A. वह स्थान जहां देवता की मूर्ति स्थापित की जाती है। | I. प्रदक्षिणा पथ |

| | |
|---|---|
| **B. टावर** | **II. स्तूप** |
| **C. स्तूप के आस- पास का वृत्ताकार पथ** | **III. शिखर** |
| **D. ढीला/ढूह** | **IV. गर्भगृह** |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(a) A-I, B-IV, C-III, D-II
(b) A-III, B-II, C-IV, D-I
(c) A-IV, B-III,C-II, D-I
(d) A-IV, B-III, C-I, D-II

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित है–

| सूची- I | सूची- II |
|---|---|
| A. वह स्थान जहां देवता की मूर्ति स्थापित की जाती है। | (IV). गर्भगृह |
| B. टावर | (III). शिखर |
| C. स्तूप के आस- पास का वृत्ताकार पथ | (I). प्रदक्षिणा पथ |
| D. ढूह/टीला | (II). स्तूप |

**135. Identify the earliest temple found in India from the following :**
**भारत में पाया गया इनमें से प्राचीनतम मंदिर कौन था?**

(a) Lingraj Temple/लिंगराज मंदिर
(b) Jagannath Temple/जगन्नाथ मंदिर
(c) Rajarajeshwara Temple/राजराजेश्वर मंदिर
(d) Dashavatar Temple/दशावतार मंदिर

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त दिये गये विकल्पों में दशावतार मंदिर प्राचीनतम मंदिर है। गुप्तकालीन देवगढ़ का दशावतार मंदिर नागर शैली में निर्मित है। यह मंदिर लगभग 6वीं शताब्दी के आस-पास निर्मित किया गया था।

| | |
|---|---|
| जगन्नाथ मंदिर | - 12वीं शताब्दी |
| लिंगराज | - 11वीं शताब्दी |
| राजराजेश्वर मंदिर | - 11 वीं शताब्दी |

**136. Rajarejeshwara temple in Tanjore is dedicated to which God?**
**तन्जौर का राजराजेश्वर मन्दिर किसको समर्पित है?**

(a) Vishnu/विष्णु (b) Shiva /शिव
(c) Surya /सूर्य (d) Indra /इंद्र

**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022 (Shift-I)**

**Ans.** (b) **:** भारत के प्रसिद्ध मंदिरों के नाम :-

| **मंदिर** | **राज्य** | **समर्पित** |
|---|---|---|
| राजराजेश्वर मंदिर | तंजौर | शिव |
| सोमनाथ मंदिर | गुजरात | शिव |
| केदारनाथ मंदिर | उत्तराखंड | शिव |
| कोणार्क मंदिर | उड़ीसा | सूर्य |
| पद्मानाभस्वामी मंदिर | तमिलनाडु | विष्णु |

**137. Who founded the Vikramshila University ?**
**'विक्रमशिला विश्वविद्यालय' की स्थापना किसने की?**

(a) Devapala/देवपाल (b) Dharmpala/धर्मपाल
(c) Dhruva/ध्रुवा (d) Gopala/गोपाला

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**
**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (b):** पाल वंश के शासक धर्मपाल (770 – 810 ई.) ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना कीं। यह वज्रयान बौद्ध धर्म का केंद्र था और इसमें तांत्रिक उपदेशक कार्यरत थे। सोमपुर महाविहार का निर्माण धर्मपाल ने करवाया था।

**138. Which of the following options is correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?**

(a) Ellora - Shakas/एलोरा-शक
(b) Mahabalipuram - Rastrakuta/महाबलीपुरम-राष्ट्रकूट
(c) Meenakshi Temple - Pallavas/मीनाक्षी मंदिर-पल्लव
(d) Khajuraho - Chandelas/खजुराहो-चंदेल

**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (d) :** खजुराहो हिंदू व जैन मंदिरों का समूह है, जो मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में विंध्य पर्वत शृंखला पर अवस्थित है। इन मंदिरों का निर्माण 950-1050 ई. के मध्य चंदेल शासकों ने कराया था। एलोरा मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट शासकों द्वारा, महाबलीपुरम मंदिर का निर्माण पल्लव शासकों द्वारा और मीनाक्षी मंदिर का निर्माण पांड्य शासक द्वारा किया गया था।

**139. Who founded four 'MATHs' in four corners of India?/भारत के चारों कोनों में चार मठों की स्थापना किसने की?**

(a) Adi Shankaracharya/आदि शंकराचार्य
(b) Adi Ramanujacharya/आदि रामानुजाचार्य
(c) Adi Bhaskaracharya/आदि भास्कराचार्य
(d) Adi Madhvacharya/आदि माधवाचार्य

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में चार मठों की स्थापना की थी।
(i) शृंगेरी मठ (कर्नाटक)
(ii) गोवर्धन मठ (ओडिशा)
(iii) शारदा मठ (गुजरात)
(iv) ज्योतिर्मठ (उत्तराखण्ड)

**140. Which among the following is not a correct pair?**
**निम्नलिखित में कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Ellora Coves /एलोरा गुफाएँ | - | Rastrakuta Rulers राष्ट्रकूट शासक |
| (b) | Mahabalipuram /महाबलीपुरम | - | Pallava Rulers पल्लव शासक |
| (c) | Khajuraho /खजुराहों | - | Chandellas चंदेल |
| (d) | Elephanta Caves /एलीफेंटा गुफाएँ | - | Maurya Era मौर्य काल |

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** सही सुमेल है-

| **स्थल** | **निर्माणकर्ता ( राजवंश )** |
|---|---|
| 1. एलोरा गुफाएँ | राष्ट्रकूट शासक |
| 2. महाबलीपुरम | पल्लव शासक |
| 3. खजुराहो | चंदेल |
| 4. एलीफेंटा गुफाएँ | राष्ट्रकूट वंश |

**141. Who got Sanchi Stupa constructed?**
**साँची का स्तूप किसने बनवाया है?**

(a) Chandragupta/चन्द्रगुप्त
(b) Kautilya/कौटिल्य
(c) Gautam Buddha/गौतम बुद्ध
(d) Ashok/अशोक

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** साँची का स्तूप मध्य प्रदेश में रायसेन जिले में साँची नामक शहर में एक पहाड़ी पर स्थित है। इस महान स्तूप का निर्माण मौर्य सम्राट अशोक ने ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में करवाया था। साँची स्तूप में बुद्ध के अवशेष पाये जाते हैं। साँची के स्तूप का निर्माण बौद्ध अध्ययन एवं शिक्षा केन्द्र के रूप में किया गया था। वर्ष 1989 ई. में इसे यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया।

**142. The 'Dilwara temple' is located in :**
**'दिलवाड़ा मंदिर' _____ में अवस्थित है।**

(a) Gujarat/गुजरात
(b) Maharashtra/महाराष्ट्र
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(d) Rajasthan/राजस्थान

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** 'दिलवाड़ा मंदिर' राजस्थान के सिरोही जिले के माउंट आबू नगर में स्थित है। यह पाँच मंदिरों का एक समूह है जिसका ग्यारहवीं और तेरहवीं शताब्दी के बीच में निर्माण किया गया। इस जैन मंदिर का निर्माण गुजरात के चालुक्य शासक भीम के मंत्री वस्तुपाल एवं तेजपाल ने किया था।

**143. At which of the following places was headless statue of Kanishka found?**
**निम्नलिखित में से किस स्थान पर कनिष्क की सिर विहीन प्रतिमा पायी गयी है?**

(a) Prayagraj/प्रयागराज
(b) Mathura/मथुरा
(c) Sanchi/साँची
(d) Takshashila/तक्षशिला

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** राजा कनिष्क की बिना सिर वाली मूर्ति (प्रतिमा) मथुरा में पाई गई है। कनिष्क कुषाण वंश का महानतम शासक था। इसने 78 ई. में शक संवत् की शुरूआत की। ज्ञात है कि कुषाण वंश की स्थापना कुजुल कडफिसेस ने की थी।

**144. "Ellora Caves" are located in which district of Maharashtra?**
**एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र के किस जिले में स्थित है?**

(a) Nashik/नासिक (b) Nagpur/नागपुर
(c) Aurangabad/औरंगाबाद (d) Amravati/अमरावती

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित है। इसे राष्ट्रकूट वंश के शासकों द्वारा बनवाया गया था। एलोरा की गुफा को स्थानीय रूप से 'वेरुल लेनि' के नाम से जाना जाता है। यह गुफा वाघोरा नदी के पास सह्याद्रि पर्वतमाला (पश्चिमी घाट) में रॉक-कट गुफाओं की एक शृंखला के रूप में स्थित हैं। एलोरा की गुफाएँ बौद्ध, जैन एवं हिन्दू धर्म से संबंधित है।

**145. Which one of the following dynasties was associated with Gandhara School of Art?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा राजवंश 'गांधार स्कूल ऑफ आर्ट' से संबंधित था?**

(a) Chalukyas/चालुक्य (b) Guptas/गुप्त
(c) Kushans/कुषाण (d) Mauryas/मौर्य

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** गांधार कला विद्यालय प्राचीन भारत के सबसे महत्वपूर्ण कला विद्यालयों में से एक था जो कुषाण सम्राट कनिष्क के शासनकाल के दौरान विकसित हुआ था। गांधार कला विद्यालय का मुख्य विषय भगवान बुद्ध और बोधिसत्व थे क्योंकि यह महायान बौद्ध धर्म से निकटता से जुड़ा हुआ था।

**146. Which of the following inscriptions gives the information about two Ashvamedha yajnas performed by the King Pushyamitra Shung:**
**निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलेख, राजा पुष्यमित्र शुंग द्वारा किए गए दो अश्वमेध यज्ञों के संबंध में सूचना देता है?**

(a) Sarnath inscirption/सारनाथ अभिलेख
(b) Besnagar inscripution/बेसनगर अभिलेख
(c) Ayodhaya inscription/अयोध्या अभिलेख
(d) Hathi gumpha inscription/हाथी गुंफा अभिलेख

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गए प्रश्न के विकल्प में धनदेव के अयोध्या अभिलेखों के अनुसार पुष्यमित्र शुंग ने अपने शासन काल में दो अश्वमेध यज्ञ किये थे।
पुष्यमित्र शुंग वंश का संस्थापक था। पुष्यमित्र शुंग ने 185 ई. पू. में मौर्य शासक वृहद्रथ की हत्या करके शुंग वंश की स्थापना की। बाणभट्ट ने 'हर्षचरित' में पुष्यमित्र को 'अनार्य' कहा है।

**147. In context to the art and archaeological history of India, which one among the following was made earliest?/भारत के कला और पुरातात्विक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित में से किसका निर्माण सबसे पहले किया गया था?**

(a) Lingaraja temple of Bhuvaneshwaer/भुवनेश्वर का लिंगराज मंदिर
(b) Rock-cut Elephant at Dhauli/धौली में चट्टान कटित हाथी की मूर्ति
(c) Rock-cut monument at Mahabalipuram/महाबलीपुरम में चट्टान कटित स्मारक
(d) Varaha Image at Udayagiri/उदयगिरी में वराह की आकृति

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** भारत के कला और पुरातात्विक इतिहास के संदर्भ में धौली में चट्टान कटित हाथी की मूर्ति निर्माण सबसे पहले किया गया था। इसका निर्माण अशोक के शासनकाल के दौरान किया गया था। यह स्मारक ओडिशा राज्य में स्थित है। इसकी खोज 1837 में ब्रिटिश अधिकारी मार्खम किट्टो द्वारा की गई थी।

**148. The "Sun Temple of Martand" is in which State?/'मार्तण्ड सूर्य मंदिर' किस राज्य में है?**

(a) Gujarat/गुजरात (b) Odisha/ओडिशा
(c) Jammu and Kashmir/जम्मू और कश्मीर
(d) Tamil Nadu/तमिलनाडु

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

Ans. (c): 'मार्तण्ड सूर्य मंदिर' जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित है। इस मंदिर को पांडौ लैदान के नाम से भी जाना जाता है। यह एक हिन्दू मंदिर है, जो भगवान सूर्य से संबंधित है। इस मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में कार्कोट वंश के शासक ललितादित्य मुक्तापीड ने करवाया था। यह मंदिर कश्मीरी वास्तुकला का एक उत्कृष्ट नमूना था जिसने गांधार, गुप्त और चीनी वास्तुकला के रूपों को मिश्रित किया था।

**149. Meenakshi Temple is in which place?**
**मीनाक्षी मंदिर किस स्थान पर है?**

(a) Kaanchipuram/कांचीपुरम
(b) Tirupati/तिरुपति
(c) Madurai/मदुरई
(d) Khajuraho/खजुराहो

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

Ans. (c) : 'मीनाक्षी मंदिर' मदुरई (तमिलनाडु) में स्थित है। यह मंदिर वैगई नदी के दक्षिणी तट पर स्थित है। इस मंदिर को मीनाक्षी सुन्दरेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर द्रविड़ वास्तुकला में निर्मित है तथा अपने गोपुरम के लिए प्रसिद्ध है। इस मंदिर का निर्माण पांड्य शासकों द्वारा करवाया गया था। हिन्दू पौराणिक कथानुसार भगवान शिव सुन्दरेश्वर रूप में अपने गणों के साथ पांडय राजा मलयध्वज की पुत्री राजकुमारी मीनाक्षी से विवाह रचाने मदुरई नगर में आये थे।

**150. In which century, was the Iron Pillar situated at Mehrauli (Delhi) Constructed?**
**मेहरौली ( दिल्ली ) में स्थापित लौह स्तंभ किस शताब्दी में निर्मित हुआ था?**

(a) 1st Century AD/पहला शताब्दी ईस्वी
(b) 10th Century AD/दसवीं शताब्दी ईस्वी
(c) 5th Century AD/पाँचवीं शताब्दी ईस्वी
(d) 9th Century AD/नौवीं शताब्दी ईस्वी

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

Ans. (c) : दिल्ली स्थित मेहरौली का लौह स्तम्भ (कुतुब मीनार परिसर में) 5वीं शताब्दी ईस्वी में चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के शासन काल में बनवाया गया था। माना जाता है कि इसे सबसे पहले मथुरा के पास विष्णु पहाड़ी पर स्थित भगवान विष्णु मंदिर के सामने स्थापित करवाया गया था। बाद में 1050 ई. में तोमर वंश के राजा और दिल्ली के संस्थापक अनंगपाल ने दिल्ली में पुनर्स्थापित करवाया था।

**151. The famous iron pillar in the memory of _____ stands in courtyard of the Quwwat-ul-Islam Mosque in Delhi./दिल्ली के कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के परिसर में स्थित प्रसिद्ध लौह-स्तंभ _____ की स्मृति को दर्शाता है।**

(a) Ashoka/अशोक
(b) Chandragupta/चंद्रगुप्त
(c) Harsha/हर्ष
(d) Anangpal/अनंगपाल

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

Ans. (b) : दिल्ली के कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के परिसर में स्थित प्रसिद्ध लौह-स्तंभ गुप्त वंश के शासक 'चन्द्रगुप्त' द्वितीय की स्मृति को दर्शाता है। कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद दिल्ली में कुतुब परिसर में स्थित है। इसका निर्माण कुतुब-उद-दीन ऐबक ने 1193 ई. में करवाया था।

**152. Which one is an excellent example of Indian architectural structure established in Cambodia?/कम्बोडिया में स्थापित भारतीय वास्तुकला का एक सर्वोत्तम उदाहरण कौन-सा है?**

(a) Borobudur Temple/बोरोबुदूर मंदिर
(b) Anand Temple/आनन्द मंदिर
(c) Sittanavasal Temple/सित्तनवासल मंदिर
(d) Ankor Vat Temple/अंकोर वाट मंदिर

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-II)**

Ans. (d) : कम्बोडिया में स्थापित भारतीय वास्तुकला का सर्वोत्तम उदाहरण अंकोरवाट का मन्दिर है। यह मन्दिर भगवान विष्णु को समर्पित है। बोरोबुदूर मठ इण्डोनेशिया के जावा में स्थित है। यह विश्व के बड़े बौद्ध मठों में से एक है।

**153. Which script was used on the inscriptions of Ashoka?/अशोक के शिलालेखों पर किस लिपि का इस्तेमाल हुआ था?**

(a) Devnagari/देवनागिरी (b) Brahmi/ब्राह्मी
(c) Gurumukhi/गुरुमुखी
(d) Hieroglyphics/चित्रलेख

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-II)**

Ans. (b) : मौर्य शासक अशोक के शिलालेखों में ब्राह्मी, खरोष्ठी तथा आरमेइक लिपियों का प्रयोग किया गया है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है। सर्वप्रथम 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप ने अशोक के अभिलेखों को पढ़ने में सफलता प्राप्त की थी।

**154. The Seven Rath Temple of Mahabalipuram was built by/महाबलीपुरम में सप्त रथ मंदिर का निर्माण किसने किया:**

(a) Mahendra Varman/महेन्द्र वर्मन
(b) Nandi Varman/नंदी वर्मन
(c) Narsimha Varman/नरसिंह वर्मन प्रथम
(d) Parmeshwar Varman/परमेश्वर वर्मन

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

Ans. (c) : महाबलीपुरम् में सप्त रथ मंदिर का निर्माण पल्लव शासक नरसिंह वर्मन प्रथम द्वारा करवाया गया था। यह मंदिर एकाश्म पत्थर से निर्मित है जो एक पत्थर को काटकर बनाया गया है। मंदिर में निर्मित सात रथों को सप्त पैगोडा कहते हैं। महाबलीपुरम के एकाश्म मंदिरों को यूनेस्को द्वारा वर्ष 1984 में विश्व विरासत स्थल में शामिल कर लिया गया था।

**155. Who built the Khajuraho temples?**
**खजुराहो मंदिर का निर्माण किसने किया ?**

(a) Bundela/बुंदेला (b) Chandela/चंदेल
(c) Holkars/होल्कर (d) Scindias/सिंधिया

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

Ans. (b) : खजुराहो मंदिर मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में हिन्दू एवं जैन मंदिरो के लिए प्रसिद्ध है। इस मंदिर का निर्माण चंदेल शासकों द्वारा किया गया था। यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल में शामिल यह मंदिर नागर शैली के स्थापत्य और उनकी कामुक मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**156. Thanjavur is famous for-**
**तंजावुर इस हेतु प्रसिद्ध है-**

1. Rajarajeshwara Temple/राजराजेश्वर मंदिर
2. Brihadeshwara Temple/बृहदेश्वर मंदिर
3. Lingaraja Temple/लिंगराज मंदिर

(a) 1 only/केवल 1 (b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 2/1 और 2 (d) 1 and 3/1 और 3

**Allahabad High Court (ARO) Exam 18/12/2016**

**Ans. (b)** बृहदेश्वर मंदिर तमिलनाडु के तंजावुर में स्थित एक शिव मंदिर है। इसका निर्माण चोलशासक राजराज प्रथम ने करवाया था। लिंगराज मंदिर भारत के ओडिशा प्रांत की राजधानी भुवनेश्वर में स्थित है तथा राजराजेश्वर मंदिर केरल के कन्नूर जिले में स्थित है।

**157. The colossal monolithic statue of Gomateshwara is situated at/गोमतेश्वर की भारी (विशाल) अखंड प्रतिमा कहाँ स्थित है?**

(a) Thanjavur, Tamil Nadu/तंजावुर, तमिलनाडु
(b) Shravanabelagola, Karnataka
श्रवणबेलगोला, कर्नाटक
(c) Bijapur, Karnataka/बीजापुर, कर्नाटक
(d) Hyderabad, Telangana/हैदराबाद, तेलंगाना

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2016**

**Ans. (b)** गोमतेश्वर की विशाल अखंड प्रतिमा श्रवणबेलगोला, कर्नाटक में स्थित है। यह गोमतेश्वर प्रतिमा 56 फुट ऊँची है जोकि एक ही पाषाण खण्ड द्वारा निर्मित दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा मानी जाती है।

**158. The 'Mathura Art', had flourished in Mathura located on the banks of which one of the following rivers?/मथुरा कला', मथुरा में विकसित हुई जो निम्नलिखित में से किस नदी के किनारे पर स्थित है?**

(a) The Gandak/गंडक (b) The Ganges/गंगा
(c) The Yamuna/यमुना (d) The Kosi/कोसी

**Allahabad High Court (Group C) Exam 18/10/2014**
**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam 28/09/2014**

**Ans. (c)** मथुरा कला शैली, भरहुत कला शैली और सांची कला शैली का मिश्रण है जो कुषाण काल में मथुरा में प्रचलित थी। मथुरा नगर यमुना नदी के किनारे स्थित है। मथुरा की कलाकृतियों में पत्थर की प्रतिमाओं तथा प्राचीन वास्तुखण्डों के अतिरिक्त मिट्टी के खिलौनों का भी समावेश होता है। मथुरा शैली की मूर्तियाँ धब्बेदार लाल बलुआ पत्थर का उपयोग करके बनाई गई थी।

## ii. प्राचीनकालीन साहित्य (Ancient Period Literature)

**159. Which of the following ancient Indian text is associated with system of Indian Medicine?**
**निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय ग्रंथ, भारतीय चिकित्सा प्रणाली से संबंद्ध है?**

(a) Charaka Samhita/चरक संहिता
(b) Surya Siddhanta/सूर्य सिद्धान्त
(c) Brihat Samhita/वृहत् संहिता
(d) Lokayata/लोकायत

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a):** चरक संहिता भारतीय चिकित्सा प्रणाली से संबद्ध है। यह संस्कृत भाषा में लिखा गया एक विशाल ग्रंथ है जिसके 8 भाग एवं 120 अध्याय हैं। इसे महर्षि चरक द्वारा लिखा गया। गौरतलब है कि चरक संहिता और अष्टांग संग्रह मुख्य तौर पर औषधि ज्ञान से संबंधित हैं जबकि सुश्रुत संहिता मुख्य रूप से शल्य ज्ञान से संबंधित हैं। इसके अतिरिक्त सूर्य सिद्धान्त को प्रतिभाशाली गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट द्वारा लिखा गया, जिसमें ज्यामिति, त्रिकोणमिति और ब्रह्माण्ड विज्ञान के कई पहलुओं को शामिल किया गया। वाराहमिहिर द्वारा बृहतसंहिता लिखी गई और इस पुस्तक ने खगोल विज्ञान एवं ज्योतिष के क्षेत्र में भी योगदान दिया।

**160. The Adi Purana compiled in 19th century in the hagiography of which of the following?**
**9वीं शताब्दी में संकलित आदि पुराण निम्नलिखित में से किसकी जीवनी है?**

(a) Rishabh/ऋषभ (b) Parshvanath/पार्श्वनाथ
(c) Ananda/आनंद (d) Mahavir/महावीर

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** आदि पुराण 9वीं सदी की एक संस्कृत कविता है, जो दिगम्बर भिक्षु जिनसेन द्वारा रचित है। यह प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ के जीवन से संबंधित है।

**161. In which language was the 'Shrimad Bhagavad Gita' originally written? /'श्रीमद् भागवत् गीता' मूलतः किस भाषा में लिखी गई थी?**

(a) Sanskrit/संस्कृत (b) Apbhransh/अपभ्रंश
(c) Prakrit/प्राकृत (d) Pali/पाली

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** महाभारत युद्ध आरम्भ होने से ठीक पहले भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया वह श्रीमद् भागवतगीता के नाम से प्रसिद्ध है। श्रीमद् भागवतगीता सबसे पहले या मूलतः संस्कृत भाषा में लिखी गई थी। इसमें 18 अध्याय है। यह कर्मयोग की पुस्तक है जिसका अनेक भाषाओं में अनुवाद किया गया है।
परंपरागत रूप से महाभारत की रचना का श्रेय वेदव्यास को दिया जाता है। भागवत गीता महाभारत के भीष्म पर्व से निकाली गई है।
भागवत गीता ज्ञान, शक्ति, कर्म और राजयोग के माध्यम से धर्म, ईश्वरवादी शक्ति, मोक्ष के यौगिक आदर्शो की अवधारणाओं का संश्लेषण प्रस्तुत करती है तथा यह सांख्य दर्शन पर आधारित है।

**162. What is the name of Megasthenes's book?**
**मेगस्थनीज़ की पुस्तक का क्या नाम है?**

(a) Arthashastra/अर्थशास्त्र (b) Rigveda/ऋग्वेद
(c) Purana/पुराण (d) Indica/इंडिका

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** ग्रीक लेखक मेगस्थनीज की पुस्तक का नाम 'इंडिका' है यह यूनानी भाषा में लिखी गयी एक पुस्तक है जिसमें मौर्य कालीन भारत के समाज नगरों और भूगोल आदि का विस्तृत वर्णन है।
मेगस्थनीज का कहना था कि भारतीय समाज 7 वर्गों में विभाजित था।

**163. Who wrote the 'Harshacharita'?**
**हर्षचरित की रचना किसने की थी?**

(a) Kalidasa/कालिदास
(b) Banabhatta/बाणभट्ट
(c) Vishnugupta/विष्णुगुप्त
(d) Parimalgupta/परिमलगुप्त

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b):** हर्षचरित या हर्षचरितम् बाणभट्ट द्वारा रचित हर्षवर्धन का जीवन चरित है। यह संस्कृत काव्य है। बाणभट्ट हर्ष के दरबारी कवि थे। हर्षचरित, बाणभट्ट की प्रथम रचना है। यह संस्कृत में ऐतिहासिक ग्रन्थ लेखन का आरम्भ करने वाला ग्रन्थ भी है।
बाणभट्ट के दो प्रमुख ग्रन्थों में हर्षचरितम् तथा कादम्बरी है। कादंबरी विश्व का पहला उपन्यास है। कादम्बरी पूर्ण होने से पहले ही बाणभट्ट का देहांत हो गया और इसे उनके पुत्र पुलिन भट्ट ने पूरा किया।

**164. Who among the following wrote Sanskrit Grammar?/निम्न अनुक्रम में से किसने संस्कृत का व्याकरण लिखा?**

(a) Kalidasa/कालीदास (b) Charaka/चरक
(c) Panini/पाणिनि (d) Aryabhatt/आर्यभट्ट

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** संस्कृत व्याकरण पर लिखा गया प्राचीनतम ग्रंथ पाणिनी द्वारा रचित 'अष्टाध्यायी' है। पाणिनी, पतंजलि और कात्यायन को संयुक्त रूप से मुनित्रय कहा जाता है। अभिज्ञान शाकुंतलम, मेघदूतम्, रघुवंशम आदि कालिदास की प्रमुख रचनाएं है। 'चरक', राजवैद्य थे। इनके द्वारा रचित 'चरक संहिता' एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रंथ है।

**165. Malavikagnimitram refers to Sungas as brahmins belonging to _______ gotra.**
**मालविकाग्निमित्रम् में शुगों का ब्राह्मण बताया गया है जो ______ गोत्र से सम्बन्धित हैं।**

(a) Agastya / अगस्त्य (b) Atri / अत्रि
(c) Kashyap / कश्यप (d) Bhrigu / भृगु

**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (c) :** मालविकाग्निमित्रम् में शुंगो को बाह्मण बताया गया है जो कश्यप गोत्र से सम्बन्धित है। शुंग वंश के संस्थापक पुष्यमित्र ने दो अश्वमेघ यज्ञ किये थे जिसके पुरोहित पतंजलि थे। शुंग राजाओं का काल वैदिक अथवा ब्राह्मण धर्म का पुनरूत्थान का काल माना जाता है। मौर्येत्तर काल के शुंग, कण्व, सातवाहन एवं वाकाटक वंश ब्राह्मण वंश माने जाते हैं। मालविकाग्निमित्रम् की रचना कालिदास द्वारा की गयी।

## (iii). चित्रकला (Painting)

**166. Ajanta Cave Paintings were greatly influenced by which religion?/अजंता गुफाओं की चित्रकला किस धर्म से अत्यधिक प्रभावित थी?**

(a) Jainism/जैन (b) Buddhism/बौद्ध
(c) Vaishnavism/वैष्णव (d) Shaivism/शैव

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**
**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** अजन्ता गुफाओं की चित्रकला बौद्ध धर्म से अत्यधिक प्रभावित है। अजन्ता की गुफाएँ अजन्ता की पहाड़ियों में वाघोरा नदी के बाएँ तट पर एक आग्नेय चट्टान को काटकर बनाई गई हैं। अधूरी गुफाओं सहित इनकी संख्या 29 है। अजंता गुफा को 1983 ई. मे विश्व धरोहर स्थन के रूप में घोषित किया गया था।

**167. What do the paintings of Ajanta depict?**
**अजंता की चित्रकलाएँ निम्न में से क्या चित्रित करती है?**

(a) Ramayan/रामायण
(b) Mahabharata/महाभारत
(c) Jatakas/जातक
(d) Panchatantra/पंचतंत्र

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** अजंता की चित्रकलाएँ बुद्ध और जातक कहानियों को प्रदर्शित करती है। अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र में औरंगाबाद के पास वाघोरा नदी के पास सह्याद्रि पर्वतमाला में गुफाओं की एक शृंखला के रूप में स्थित है। इसमें गुफाओं की संख्या 29 है, जो बौद्ध धर्म से संबंधित है।

**168. The "Mathura School of Art" or 'Kushan School of Art', flourished at holy city of Matura, during :/''मथुरा स्कूल ऑफ आर्ट'' या 'कुषाण स्कूल ऑफ आर्ट'_____ के दौरान मथुरा के पवित्र शहर में विकसित हुआ।**

(a) 12-13 AD/12-13 ईस्वी
(b) 13-14 AD/13-14 ईस्वी
(c) 1-3 AD/1-3 ईस्वी
(d) 4-5 AD/4-5 ईस्वी

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मथुरा स्कूल ऑफ आर्ट (कुषाण स्कूल ऑफ आर्ट) का विकास 1-3 ईस्वी मथुरा में कुषाण शासन काल में हुआ था। इस शैली का सर्वाधिक विकास कनिष्क के समय में हुआ। इस शैली में लाल बलुआ पत्थर का प्रयोग किया गया और बौद्ध, हिन्दू एवं जैन धर्मों से जुड़ी मूर्तियों का निर्माण किया गया। बुद्ध की प्रथम मूर्ति के निर्माण का श्रेय इसी कला शैली को दिया जाता है।

**169. With which reign is the Gandhara School of Art associated?/कला से सम्बन्धित गांधार विद्यालय निम्न अनुक्रम में किससे सम्बद्ध है?**

(a) Kanishka/कनिष्क
(b) Harsha/हर्ष
(c) Chandragupta Vikramaditya
चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(d) Ashoka/अशोक

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** गांधार विद्यालय का सम्बन्ध कनिष्क से है। गांधार कला शैली को ग्रीक-बौद्ध शैली भी कहते हैं। इस कला का सर्वाधिक विकास कुषाण काल में हुआ। इस कला की विषय वस्तु बौद्ध परम्परा से जुड़ी हुई है। इस कला के तहत बुद्ध की धर्मचक्र-मुद्रा, ध्यान-मुद्रा, अभय-मुद्रा और वरद मुद्रा आदि मूर्तियों का निर्माण किया गया।

**170. Where is the colossal Trimurti statue of Brahma, Vishnu and Shiva located?**
**ब्रह्मा, विष्णु और महेश की अतिविशाल त्रीमूर्ति प्रतिमा कहाँ स्थित है?**

(a) Elephanta caves/एलीफेंटा गुफाएँ
(b) Ajanta caves/अजंता गुफाएँ
(c) Ellora caves/ऐलोरा गुफाएँ
(d) Sun Temple/सूर्य मंदिर

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a):** ब्रह्मा, विष्णु और महेश की अति विशाल त्रिमूर्ति प्रतिमा एलीफेंटा गुफाओं में स्थित है। ये गुफाएं मुंबई से 10 किमी. दूर एलीफेंटा द्वीप पर स्थित हैं।

## (iv). दर्शन (Philosophy)

**171. Who formulated the "Sankhya Philosophy" ?**
**'सांख्य दर्शन किसने प्रतिपादित किया?**

(a) Gautam Muni/गौतम मुनि
(b) Jaimini Muni/जैमिनी मुनि
(c) Kapil Muni/कपिल मुनि
(d) Patanjali Muni/पतंजली मुनि

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (c) :** भारतीय दर्शन के छः प्रकारों में से सांख्य भी एक प्रकार है जो प्राचीन काल में अत्यन्त लोकप्रिय था। सांख्य दर्शन के प्रवर्तक महर्षि कपिल मुनि को माना जाता है। इसका सबसे प्राचीन तथा प्रामाणिक ग्रंथ सांख्यकारिका है, जिसकी रचना ईश्वरकृष्ण ने की थी।

**172. Who is the founder of 'Yoga Philosophy' ?**
**'योग दर्शन' के संस्थापक कौन है?**

(a) Kapil/कपिल (b) Gautam/गौतम
(c) Patanjali/पतंजलि (d) Jaimini/जैमिनी

**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (c) :**

| भारतीय दर्शन | - | प्रवर्तक |
|---|---|---|
| योग | - | पतंजलि |
| सांख्य | - | कपिल |
| न्याय | - | गौतम |
| वैशेषिक | - | कणाद |
| उत्तर मीमांसा | - | बादरायण |

**173. Who is the founder of "Mimansa" Philosophy?**
**'मीमांसा' दर्शन के संस्थापक हैं :**

(a) Vashisht/वशिष्ठ (b) Kapil/कपिल
(c) Gautam/गौतम (d) Gemini/जैमिनी

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** मीमांसा दर्शन के संस्थापक जैमिनी है। इसके अनुसार वेद शाश्वत है तथा वेदों का सार धर्म है।

| दर्शन | संस्थापक |
|---|---|
| सांख्य | कपिल |
| योग | पतंजलि |
| वैशेषिक | कणाद् |
| न्याय | गौतम |

**174. Which one of the following is the odest Indian philosophy?**
**निम्न में से कौन सबसे प्राचीन भारतीय दर्शन है?**

(a) Nyaya/न्याय (b) Sankhya/सांख्य
(c) Yoga/योग (d) Vedanta/वेदान्त

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** सांख्य दर्शन भारतीय दर्शनों में सबसे प्राचीन दर्शन है इसके प्रवर्तक कपिल मुनि थे। सांख्य दर्शन जैन धर्म से सम्बन्धित है। इसके अनुसार मूल तत्व 25 है जिसमें प्रकृति प्रथम है।

**175. "Maharishi Gautam" belongs to which Indian Philosophy (Darshan) ?**
**महर्षि गौतम किस भारतीय दर्शनशास्त्र से संबंधित हैं?**

(a) Nyaya/न्याय (b) Sankhya/सांख्य
(c) Yoga/योग (d) Vaisheshika/वैषेशिक

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :**

| संत | भारतीय दर्शनशास्त्र से संबंध |
|---|---|
| महर्षि पतंजलि | योग |
| महर्षि गौतम | न्याय |
| संत कणाद ऋषि | वैशेषिक |
| संत कपिल | सांख्य |

**176. The "Principle of Karma" belongs to which Indian Philosophy?**
**'कर्म का सिद्धान्त' किस भारतीय दर्शन से संबंधित है?**

(a) Nyaya/न्याय (b) Mimansa/मीमांसा
(c) Vedanta/वेदान्त (d) Vaisheshika/वैशेषिका

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** 'कर्म का सिद्धान्त' भारतीय दर्शन वेदान्त से संबधित है। कर्म और फल का अनिवार्य संबंध है व्यक्ति अच्छे और बुरे जो भी कर्म करता है उसके अनुरूप भविष्य में उसे सुख अथवा दुःख की प्राप्ति होती है। इसी को कर्म सिद्धान्त अथवा कर्मवाद कहते है। चार्वाक के अतिरिक्त अन्य सभी भारतीय दर्शन कर्मवाद का एक स्वर में प्रतिपादन करते है और इसको जीवन लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हैं।

**177. Patanjali is well known for the compilation of:**
**पतंजलि किसके संकलन के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) Yoga Sutra/योग सूत्र (b) Panchatantra/पंचतंत्र
(c) Brahma Sutra/ब्रह्म सूत्र (d) Ayurveda/आयुर्वेद

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** योगसूत्र, महर्षि पतंजलि द्वारा रचित है। यह ग्रन्थ सूत्रों के रूप में लिखा गया है। सूत्रशैली भारत की प्राचीन दुर्लभ शैली है, जिसमें विषय को बहुत संक्षिप्त शब्दों में प्रस्तुत किया जाता है। यह चार पादों में विभाजित है, जिसमें 196 सूत्र निबद्ध है। योगसूत्र ग्रन्थ के चार पाद है- समाधि पाद, साधन पाद, विभूति पाद और कैवल्य पाद।

## 13. विविध (Miscellaneous)

**178. To which of the following religions in India is the "Tower of Silence" related to?**
**निम्नलिखित में से भारत में कौन-से धर्म से शांति मीनार ( टॉवर ऑफ साइलेंस ) जुड़ा है?**

(a) Jews/ज्यूस
(b) Zoroastrians/जोराष्ट्रियंस
(c) Muslims/इस्लाम
(d) Christians/ईसाई

**Allahabad High Court Steno Exam 05/01/2025**

**Ans. (b) :** शांति मीनार या टॉवर ऑफ साइलेंस जोराष्ट्रियंस (पारसी) धर्म से सम्बंधित है यह पारसियों की अंत्येष्टि स्थल (संरचना) है। इसे दखमा के नाम से भी जाना जाता है। इसमें मृत व्यक्ति के शव को खुले आसमान के नीचे रख दिया जाता है जिसके बाद गिद्द, चील, कौवे आदि उस शव को खा जाते है।

179. **Who is called as the 'Father of Indian Archaeology'?**
**'भारतीय पुरातत्व शास्त्र का पिता' किसे कहा जाता है?**
(a) Thomas Munro /थॉमस मुनरो
(b) William Bentinck /विलियम बेंटिक
(c) Alexander Cunningham /अलेक्जेंडर कनिंघम
(d) Alexander Reed /अलेक्जेंडर रीड
**Allahabad High Court Group C Exam 18/12/2022**

**Ans. (c) :** अलेक्जेंडर कनिंघम को भारतीय पुरातत्व शास्त्र का पिता कहा जाता है। उन्होंने भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग की स्थापना (1861) की और भारत के प्राचीन स्मारकों, मंदिरों और अन्य पुरातात्विक स्थलों की खोज की और उनके संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

180. **Arrange the following coins in sequence of their occurrence from beginning to the present**
**निम्नलिखित सिक्कों को प्रारंभ से लेकर वर्तमान के क्रम में उनके क्रमानुसार सुव्यवस्थित करें।**
A. Gupta Coins/गुप्तकालीन सिक्के
B. Modern age coins/आधुनिक सिक्के
C. Tughluq coins/तुगलक कालीन सिक्के
D. Early punch marked coins/प्रारंभिक आहत सिक्के
E. Gold 'Mohar' from Akbar reign/अकबर के काल का स्वर्ण मुहर
Choose the correct answer from the options given below./नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) E, B, C, D, A (b) A, D, C, E, B
(c) D, A, C, E, B (d) A, B, C, D, E
**Allahabad High Court Driver Exam 2022**

**Ans. (c) :** प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक सिक्कों का क्रम इस प्रकार है:
(1) प्रारंभिक आहत सिक्के → मौर्य और मगध साम्राज्य के समय (600 ईसा पूर्व- 300 ईसा पूर्व)
(2) गुप्त कालीन सिक्के → गुप्त साम्राज्य के समय (320 - 550 ईस्वी)
(3) तुगलक कालीन सिक्के → दिल्ली सल्तनत के समय (1320-1414 ईस्वी)
(4) अकबर के काल का स्वर्ण मुहर → मुगल साम्राज्य के समय (1556-1605 ईस्वी)
(5) आधुनिक सिक्के → वर्तमान समय में प्रचलित सिक्के।

181. **From the following identify the Chinese Buddhist pilgrims./निम्नलिखित में से चीनी बौद्ध तीर्थयात्रियों की पहचान करें।**
**(A) Megasthenese/मेगास्थनीज**
**(B) Faxian/फाहियान**
**(C) Xuan zang/हवेनसांग**
**(D) I- Qing/आई- किंग**
**(E) Ibn Batuta/इब्न बतूता**
**Choose the correct answer from the options given below.**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।**
(a) A, Band C only /केवल A, B, C
(b) C, D and E only /केवल C, D, E
(c) B, D and E only/केवल B, D, E
(d) B, C and D only/केवल B, C, D
**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (d) :** फाहयान, हवेनसांग और आई- किंग चीनी बौद्ध तीर्थयात्रियों का समूह है। मेगास्थनीज युनान का राजदूत था (सेल्यूकस) जो चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। इब्नबतुता एक मोरक्को यात्री था जो 14 वीं शताब्दी में भारत आया था।

182. **Who of the following Indian Mathematicians made a significant contribution in the field of Algebra ?**
**निम्नलिखित में से किस भारतीय गणितज्ञ ने बीजगणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था?**
(a) Brahamagupta /ब्रह्मगुप्त
(b) Bhaskara /भास्कर
(c) Lalla /लल्ला
(d) Aryabhatta /आर्यभट्ट
**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** भारतीय गणितज्ञ 'ब्रह्मगुप्त' में बीजगणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने दार्शनिक पुस्तक ''ब्रह्मस्फुटसिद्धांत'' और ''खंडखाद्यक'' की रचना की, जो विज्ञान और गणित पर काफी अधिक व्यावहारिक निर्देश थे। ब्रह्मगुप्त चक्रीय चतुर्भुज के क्षेत्रफल के लिए सूत्र विकसित करने वाले पहले गणितज्ञ थे। इनका जन्म 598 ई. में भीलमाला, वर्तमान में भीनमाल, राजस्थान में हुआ था।

183. **Who among the following wrote commentaries on Harsharvardhana's administration and the court life in Kannauj?**
**निम्न में से किसने हर्षवर्धन के प्रशासन एवं कन्नौज के दरबारी जीवन के बारे में लिखा?**
(a) Al-Beruni/अल-बरूनी (b) Fa-Hien/फाह्यान
(c) Hiuen-Tsang/ह्वेन सांग
(d) Ibn Batutah/इब्न बतूता
**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (c) :** ह्वेनसांग एक चीनी यात्री था जो सातवीं सदी में भारत आया और इसने हर्ष के दरबार में कई वर्ष व्यतीत किए। ह्वेनसांग ने हर्षवर्धन के दरबारी जीवन और उसके प्रशासन का विस्तृत वर्णन किया है। उसने नालंदा विश्वविद्यालय में 5 वर्ष बिताए। उसने हर्ष द्वारा आयोजित धार्मिक सभा की अध्यक्षता की।

184. **Which Chinese traveller came to India during the reign of Harshavardhana?/हर्षवर्धन के शासन के दौरान कौन सा चीनी यात्री भारत आया था?**
(a) Fahien/फाह्यान (b) Itsing/इत्सिंग
(c) Megasthenese/मेगास्थनीज़
(d) Hiuen Tsang/ह्वेनसांग
**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** हर्षवर्धन के शासन के दौरान चीनी यात्री ह्वेनसांग भारत आया था। ह्वेनसांग 629 ई. में चीन से भारतवर्ष के लिए प्रस्थान किया तथा सर्वप्रथम वह भारतीय राज्य कपिशा पहुँचा। वह बिहार में स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन करने तथा भारत से बौद्ध ग्रंथों को एकत्र कर ले जाने के लिए आया था। इसका भ्रमण वृत्तांत 'सी-यू-की' नाम से प्रसिद्ध है।

**185. Who was the author of 'Aihole Inscription'?**
**'एहोल अभिलेख' के रचयिता कौन थे?**

(a) Ravikirti /रवि कीर्ति (b) Hiuen Tsang/ह्वेनसांग
(c) Bharavi/भारवी (d) Dandin/दण्डी

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** एहोल शिलालेख रविकीर्ति द्वारा लिखा गया था। वह राजा पुलकेशिन द्वितीय के दरबारी कवि थे। यह शिलालेख भारत के कर्नाटक राज्य के ऐहोल में पाया गया है। रविकीर्ति का ऐहोल शिलालेख पुलकेशिन द्वितीय की हर्षवर्धन पर विजय के बारे में विस्तार से वर्णन करता है।

**186. "Kulhs" the ancient water harvesting structure were made in:/''कुलहस'' पौराणिक जल संचयन संरचना कहाँ बनाए गए थे?**

(a) Manipur/मणिपुर
(b) Bihar/बिहार
(c) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** लगभग 400 वर्ष पहले हिमाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में नहर सिंचाई की स्थानीय प्रणाली का विकास हुआ। जिसे कुल्ह या कुलहस कहते है। झरनों के बहने वाले जल को मानव द्वारा बनाई गई छोटी – छोटी नालियों में पहाड़ी पर स्थित निचले गाँवो तक ले जाया जाता था। जल प्रबंधन क्षेत्र के सभी गाँवो की आपसी सहमति से किया जाता था। कृषि के मौसम में जल सबसे दूरस्थ गाँव को दिया जाता था। कुल्ह को देख-देख के एवं प्रबंधन के लिए दो या तीन लोग रखे जाते थे जिन्हे गाँव वाले वेतन देते थे।

**187. Who of the following is known as father of "Plastic Surgery" in India ?**
**निम्नलिखित में से किसे भारत का ''प्लास्टिक सर्जरी'' का जनक माना जाता है ?**

(a) Charak/चरक (b) Dhanvantri/धनवन्तरी
(c) Ajivika/अजिविका (d) Sushruta/सुश्रुत

**Allahabad High Court (CA) 21/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** भारत में प्लास्टिक सर्जरी का जनक 'सुश्रुत' को माना जाता है। सुश्रुत ने शल्य चिकित्सा के साथ-साथ आयुर्वेद के दूसरे क्षेत्रों जैसे शरीर संरचना, बालरोग, स्त्रीरोग आदि की जानकारी भी है।

**188. The usage of coin/currency started during around:/सिक्का (सिक्का) मुद्रा के रूप में कब से प्रचलन में आया:**

(a) Period of Ashoka/अशोक काल से
(b) Period of Kaniska/कनिष्क काल से
(c) 600 BC/600 ईसा पूर्व
(d) 300 BC/300 ईसा पूर्व

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** सिक्का का मुद्रा के रूप में प्रचलन 600 ईसा पूर्व के आस-पास मिलता है। NBPW उत्पन्न स्थलों से 'छिद्रित सिक्कों' की आरंभिक शृंखला खुदाई में मिली है। प्रारंभिक सिक्के धातु की मुद्रा (तांबा, चांदी) के साथ पकी हुई मिट्टी के भी प्राप्त होते है। धातुओं से बने प्राचीन सिक्कों को आहत सिक्का कहा जाता था।

**189. Who was the first to introduce gold coins in India?/स्वर्ण मुद्रा भारत में पहले किसने शुरू किये?**

(a) Kushanas/कुषाण
(b) Indo-Greeks/इंडो-ग्रीक
(c) Sakas/शक वंश
(d) Guptas/गुप्त वंश

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** इंडो-ग्रीक शासकों ने भारत में सर्वप्रथम सोने के सिक्के जारी किए। इनके सिक्कों पर द्विभाषिक लेख होते थे। इण्डो-ग्रीक शासकों ने सोने, ताँबे एवं चाँदी के सिक्के चलाए। इनके स्वर्ण सिक्कों को स्टेटर कहा जाता था। कुषाणों ने सर्वप्रथम शुद्ध स्वर्ण सिक्के चलाए थे। कुषाणों ने सबसे अधिक ताँबे के सिक्के जारी किए।

**190. By which name was Burma known to the people of ancient India?/प्राचीन भारत के लोग बर्मा को किस नाम से जानते थे ?**

(a) Suvarnabhoomi/सुवर्णभूमि
(b) Suvarnadweep/सुवर्णद्वीप
(c) Yavdweep/यवद्वीप
(d) Pralayamandalam/प्रलयअमंडलम

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** म्यामांर नदी, झरनों और मछलियों की समृद्धि, बहुमूल्य लकड़ी, कच्चे तेल और खनिजों तथा अपने कीमती पत्थरों से समृद्ध है। यहाँ से सबसे बेहतरीन मणिक विश्व भर में जाते है। अपनी इसी समृद्धिता के कारण प्राचीन भारत के लोग इसे 'सुवर्णभूमि' के नाम से जानते थे। ध्यातव्य है कि 'म्यांमा' तथा 'ब्रहादेश' भी म्यांमार के ही प्राचीन नाम है।

**191. Which one of the following scripts of ancient India was written from right to left ?**
**भारत की वह प्राचीन लिपि कौन-सी है जो कि दाएं से बाएं ओर लिखी गई है?**

(a) Brahmi/ब्राह्मी (b) Devnagari/देवनागरी
(c) Sharada/शारदा (d) Kharosthi/खरोष्ठी

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** खरोष्ठी प्राचीन भारत की लिपि है जो दाएँ से बाएँ लिखी जाती थी। इसे इंडो बैक्ट्रियन लिपि के रूप में भी जाना जाता था। खरोष्ठी को इंडो-आर्यन भाषा के रूप का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रयुक्त किया गया था।

**192. Saka Samvat has commenced in the reign if which king?/शक संवत किस राजा के अभिज्ञान से प्रारंभ हुआ था ?**

(a) Ashoka/अशोक (b) Kanishka/कनिष्क
(c) Harsha/हर्ष
(d) Samudragupta/समुद्रगुप्त

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** शक संवत कनिष्क शासक द्वारा प्रारंभ किया गया, इसका समय 78 ई. के लगभग माना जाता है। यह कुषाण वंश का महानतम् शासक था। इसके समय में कश्मीर के कुण्डलवन में वसुमित्र की अध्यक्षता में चौथी बौद्ध संगीति हुई। कनिष्क की प्रथम राजधानी पेशावर (पुरूषपुर) एवं दूसरी राजधानी मथुरा थी।

**193. Charaka was the famous court Physician of__.**
**चरक _____ के प्रसिद्ध दरबारी शल्य-चिकित्सक थे।**

(a) Harsha/हर्ष
(b) Chandragupta Maurya/चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) Ashoka/अशोक
(d) Kanishka/कनिष्क

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d):** प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक 'चरक' कुषाण शासक कनिष्क प्रथम के राजवैद्य थे। इनके द्वारा रचित ग्रंथ चरक संहित एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रन्थ है। इनके ग्रंथ में रोगनिरोधक दवाओं का उल्लेख तथा सोना, चांदी, पारा आदि धातुओं के भस्म व उसके उपयोग को विस्तृत रूप से समझाया गया है।

**194. National Calendar of India is based on which Samvat (era)?/भारत का राष्ट्रीय पंचाग किस संवत ( युग ) पर आधारित है?**

(a) Kali Samvat/कलि संवत
(b) Vikram Samvat/विक्रम संवत
(c) Saka Samvat/शक संवत
(d) Chaitya Samvat/चैत्य संवत्

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** भारत का राष्ट्रीय पंचाग शक संवत पर आधारित है। कुषाण शासक कनिष्क ने वर्ष 78 ई. में शकों को युद्ध में हराया था और इस युद्ध की स्मृति में ही उसने शक संवत को आरम्भ किया था।

**195. Which dynasty established "Vaishali : the First Republic" of the world?/किस राजवंश ने ''वैशाली : विश्व का पहला गणतंत्र'' की स्थापना की?**

(a) Maurya/मौर्य (b) Nand/नन्द
(c) Gupta/गुप्त (d) Lichhavi/लिच्छवी

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** छठी शताब्दी ईसा पूर्व में लिच्छवी वंश ने वैशाली पर शासन किया था। लिच्छवी वंश के समय वैशाली विश्व का पहला गणतांत्रिक राज्य माना जाता है। यह बिहार में स्थित प्राचीन गणराज्यों में बुद्धकालीन समय में सबसे बड़ा एवं शक्तिशाली राज्य था। इस गणराज्य की स्थापना सूर्यवंशीय राजा इक्ष्वाकु के पुत्र विशाल ने की थी।

**196. Who of the following was the head of 'Ayurveda department of Nalanda University' who cured the prolonged illness of Bakhtiyar Khilji?/निम्नलिखित में से नालंदा विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग के प्रमुख कौन थे जिन्होंने बख्तियार खिलजी की लम्बी बीमारी को ठीक किया?**

(a) Dharmasvamin/धर्मस्वामिन
(b) Shakyashri Bhadra/शक्यश्री भद्रा
(c) Dhyanabhadra/ध्यानभद्र
(d) Acharya Rahul Sribhadra/आचार्य राहुल श्रीभद्र

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d):** नालंदा विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग के प्रमुख आचार्य राहुल श्रीभद्र ने तुर्की शासक बख्तियार खिलजी की लम्बी बीमारी का इलाज किया था। बिहार पर सबसे पहले विजय पाने वाला शासक बख्तियार खिलजी ही था। वह सन् 1199 में भारत आया। उसने ही नालंदा विश्वविद्यालय को आग लगवाकर नष्ट कर दिया था। नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम (415 ई. – 454 ई.) ने करवाई थी। यह विश्वविद्यालय बौद्ध धर्म के महायान शाखा का प्रसिद्ध अध्ययन केन्द्र था। यह बिहार के नालंदा जिले में स्थित है।

**197. 'Rabatak' inscription is associated with which ruler of India?**
**'रबातक' अभिलेख भारत के किस शासक से जुड़े हैं?**

(a) Ashoka/अशोक (b) Rudradaman/रुद्रदामन
(c) Kanishka/कनिष्क (d) Samudragupta/समुद्रगुप्त

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** अफगानिस्तान के बगलान प्रांत से प्राप्त रबातक अभिलेख कुषाण शासक कनिष्क से सम्बन्धित है। कनिष्क के राज्य की पहली राजधानी पुरुषपुर/पेशावर तथा द्वितीय राजधानी मथुरा थी। कनिष्क ने 78 ई. में सिंहासनारूढ़ होते ही 'शक-संवत' चलाया था जिसे वर्तमान में भारत सरकार द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। ज्ञात हो कि कुषाण वंश का संस्थापक 'कुजुल कडफिसेस' था।

**198. What is the religion of the Parsis called?**
**पारसियों के धर्म को क्या कहते है?**

(a) Zoroastrianism/जरथुस्त्र धर्म
(b) Bahai Faith/बहाई धर्म
(c) Judaism/यहूदी धर्म
(d) Taoism/ताओ धर्म

**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** पारसी धर्म को जोरोएस्ट्रिनिज़्म (जरथुस्र) भी कहा जाता है। इस धर्म की स्थापना संत जरथुस्त्र ने की थी। इस्लाम धर्म के पूर्व ईरान में यही धर्म प्रचलन में था। पारसी धर्म की धार्मिक पुस्तक 'जेंद अवेस्ता' है। 6वीं शताब्दी ईसा पूर्व इस धर्म की स्थापना की गई थी, तभी से 600BC तक यह विश्व का एक प्रभावी धर्म था परंतु वर्तमान में पारसी धर्म विश्व का सबसे छोटा धर्म है।

**199. Identify the East India Company officer who deciphered Brahmi and Kharoshti and gave new direction to investigation into the Mauryan political history.ईस्ट इंडिया कंपनी के उस अधिकारी की पहचान कीजिए जिसने ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों का अध्ययन किया और मौर्य राजनीति इतिहास को नई दिशा दी**

(a) W. Eck/डब्लू. ऐक
(b) James Wilson/जेम्स विलसन
(c) William Roger/विलयम रॉजर
(d) James Princep/जेम्स प्रिंसेप

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam-28/09/2014**

**Ans. (d)** जेम्स प्रिंसेप ईस्ट इण्डिया कम्पनी में एक अधिकारी के रूप में नियुक्त था, उसने 1837 ई. में ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों को पढ़ने में सफलता प्राप्त की, जिससे मौर्यकालीन अभिलेखों, सिक्कों एवं उनके राजनैतिक इतिहास का पता चला।

**200. Which one of the following, is a book related to 'Parsi' Community/निम्नलिखित पुस्तकों में से कौन सी पुस्तक, 'पारसी' समुदाय से सम्बन्ध रखती है?**

(a) Zend Avesta/जेंद अवेस्ता (b) Bible/बाईबिल
(c) Gita/गीता (d) Torah/तोरह

**Allahabad High Court (RGC) Exam-28/09/2014**

**Ans. (a)**

| पुस्तक | | सम्बन्धित धर्म |
|---|---|---|
| जेंद अवेस्ता | – | पारसी |
| बाईबिल | – | ईसाई |
| गीता | – | हिन्दू |
| तोरह | – | यहूदी |

**201. Which of the following is a non-Indian religion?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक गैर-भारतीय धर्म है?**

(a) Buddhism/बौद्ध धर्म (b) Jainism/जैन धर्म
(c) Judaism/यहूदी धर्म (d) Hinduism/हिन्दू धर्म

**Allahabad High Court (RO) 10/01/2020**

**Ans. (c) :** भारत में उत्पन्न धर्म हिन्दू, जैन, बौद्ध व सिक्ख है। यहूदी धर्म का उद्भव व इसके मानने वाले मुख्यतः इजराइल में रहते है।

# 2.

# मध्यकालीन इतिहास (Medieval History)

## 1. अरबों का आक्रमण एवं दिल्ली सल्तनत (Invasion of Arabians and Delhi Sultanate)

### (i). अरबों का आक्रमण (Invasion of Arabians)

**1. Name the invader who attacked and raided the temple at Somnath in 1025:/उस आक्रमणकारी का नाम बताइए जिसने 1025 में सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया और छापा मारा था?**

(a) Ruknuddin Firoz Shah/रूकनुद्दीन फिरोजशाह
(b) Mohammad Bin Qasim/मोहम्मद बिन कासिम
(c) Mohammad Ghori/मोहम्मद गोरी
(d) Mahmud of Ghazni/महमूद गजनवी

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** महमूद गजनवी ने 1025 ई. में गुजरात के पश्चिमी तट पर सौराष्ट्र के सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया। महमूद गजनवी सुबुक्तगीन का पुत्र था जो गजनी के पहले स्वतंत्र शासक के रूप में प्रसिद्ध हुआ। महमूद गजनवी ने हिंदुशाही और चंदेल शासकों को हराया। महमूद गजनवी ने भारत पर 17 बार आक्रमण किया। वह भारत पर आक्रमण करने वाला प्रथम तुर्क था।
सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण करने और मंदिर को तोड़ने के कारण महमूद गजनवी को बुतशिकन अर्थात मूर्तिभंजक का उपनाम मिला।

**2. The Muslim Scholar, who accompanied Mahumud of Ghazni during the India expedition was/महमूद गजनवी के भारत अभियान के दौरान उसके साथ कौन सा मुस्लिम विद्वान थाः**

(a) Al Beruni/अलबरुनी
(b) Ibn Batuta/इब्नबतूता
(c) Amir Khusru/अमीर खुसरो
(d) Ferishta/फरिश्ता

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** महमूद गजनवी के भारत अभियान के दौरान उसके साथ अलबरुनी नामक मुस्लिम विद्वान भारत आया था। यह फारसी विद्वान था, इसकी प्रसिद्ध रचनाएँ किताब-उल-हिंद या तहकीक-ए-हिन्द है। यह मूल रूप से खीवा (उज्बेकिस्तान) का था। उसने ख्वारिज्म में अपने जीवन के पहले पच्चीस वर्षों के दौरान इस्लामी न्यायशास्त्र, धर्मशास्त्र, भाषा, गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा का अध्ययन किया।

**3. Who among the following was responsible for the destruction of the famous Somnath temple on the Gujarat coast?**
**गुजरात समुद्र तट पर स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ मन्दिर को निम्नलिखित में से किसने नष्ट किया?**

(a) Muhammad Ghori/मोहम्मद गोरी
(b) Mahmud Ghazni/महमूद गजनवी
(c) Bakhtiyar Khalji/बख्तियार खिलजी
(d) Qutub-ud-din Aibak/कुतुबुद्दीन ऐबक

**Allahabad High Court (RO) 10/01/2020**

**Ans. (b) :** महमूद गजनवी ने भारत पर 1000 ई. से 1027 ई. के बीच 17 बार आक्रमण किये। महमूद का सबसे प्रसिद्ध आक्रमण 1025 ई. में गुजरात के समुद्र तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर पर हुआ। उसने मंदिर को नष्ट किया तथा लूट का सामान लेकर गजनी चला गया।

### (ii). गुलाम वंश (Slave Dynasty)

**4. Who initiated the construction of "Qutub-Minar" ?**
**कुतुबमीनार का निर्माण किसने प्रारम्भ करवाया ?**

(a) Qutubddin Aibak/कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) Illtutmish/इल्तुतमिश
(c) Feroz Shah Tughlak/फिरोज शाह तुगलक
(d) Sikandar Lodi/सिकन्दर लोदी

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (a) :** कुतुबमीनार का निर्माण दिल्ली में 1193 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक ने शुरू कराया तथा इल्तुतमिश ने मीनार की तीन और मंजिले बनवाई। फिरोजशाह तुगलक ने मीनार की पाँचवीं मंजिल का निर्माण करवाया। इसकी कुल ऊँचाई 72.5 मीटर है।

**5. Who of the following was a contemporary of Chengez Khan?**
**इनमें से कौन चंगेज खान का समकालीन है?**

(a) Mahmud Ghazanvi/महमूद गजनवी
(b) Iltutmish/इल्तुतमिश
(c) Alauddin Khalji/अलाउद्दीन खिलजी
(d) Mohammad-Bin-Tughlaq/मुहम्मद बिन तुगलक

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** गुलाम वंश का शासक इल्तुतमिश (1210-1236 ई.) मंगोल आक्रमणकारी चंगेज खाँ का समकालीन था। चंगेज खाँ ने वर्ष 1221 में भारत पर आक्रमण किया था। इल्तुतमिश तुर्किस्तान का इल्बरी तुर्क था जो ऐबक का गुलाम एवं दामाद था। इल्तुतमिश पहला शासक था जिसने 1229 ई. में बगदाद के खलीफा से सुल्तान पद की वैधानिक स्वीकृति प्राप्त की थी।

**6. Which among the following is the most appropriate cause for the failure of Razia Begum?/निम्न में से रजिया बेगम के असफल होने का सबसे प्रमुख कारण कौन है?**

(a) Her gender/उसका महिला होना
(b) Her intention to be the ruler not only in name but also in reality/केवल नाम के लिए नहीं वास्तव में शासक बनने की नीयत
(c) Her unpopularity with the people of Delhi/दिल्ली के लोगों में उनकी अलोकप्रियता
(d) Her incompetence/उसकी अक्षमता

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** रजिया बेगम दिल्ली सल्तनत की पहली महिला शासिका थी जिसने 1236 ई. में दिल्ली सल्तनत की बागडोर सम्भाली थी। रजिया की असफलता का मुख्य कारण तुर्की गुलाम सरदारों की महत्वाकांक्षाएं थी। कुछ इतिहासकार रजिया की असफलता का कारण उसके महिला होने को मानते हैं।

7. **The Qutub Minar was completed by the famous ruler:/कुतुबमीनार जिस प्रसिद्ध शासक ने पूरा करवाया, वह है-**

(a) Qutubuddin Aibak/कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) Iltutmish/इल्तुतमिश
(c) Firoz Shah Tuglaq/फिरोज शाह तुगलक
(d) Alauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलजी

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** कुतुबमीनार की नींव कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा ख्वाजा बख्तियार काकी की स्मृति में रखी गयी थी। कुतुबमीनार के निर्माण का कार्य इल्तुतमिश द्वारा पूर्ण करवाया गया था। फिरोज तुगलक के समय इसकी चौथी मंजिल नष्ट हो जाने के कारण इसमें दो मंजिलें और बनवा दी, जिससे इसमें पाँच मंजिल हो गयी।

8. **Which Sultan of Delhi died while playing Chaugan (Polo) ?**
**दिल्ली के किस सुल्तान की मृत्यु चौगान (पोलो) खेलते समय हुई थी?**

(a) Qutubuddin Aibak /कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) Ghiyasuddin Balban /गयासुद्दीन बलबन
(c) Shamsuddin Iltutmish /समसुद्दीन इल्तुतमिश
(d) Nasiruddin Mahmud /नसिरूद्दीन महमूद

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.) दिल्ली सल्तनत का संस्थापक और गुलाम वंश का पहला सुल्तान था। वह मुहम्मद गोरी का गुलाम था। वर्ष 1206 में मुहम्मद गोरी ने कुतुबुद्दीन ऐबक को अपना उत्तराधिकारी बनाया। वर्ष 1210 ई. में चौगान (पोलो) खेलते समय घोड़े से गिरकर घायल होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

9. **Which of the following sultans of Delhi was known as Lakh Bakhsh (giver of Lakhs)?**
**दिए गए नामों मे से कौन-सा दिल्ली का सुल्तान लाख बख्श (लाखों देने वाला) के नाम से जाना जाता था ?**

(a) Iltutmish/इल्तुतमिश
(b) Balban/बलबन
(c) Mohammad-bin-Tughlaq/मुहम्मद-बिन-तुगलक
(d) Qutubuddin Aibak/कुतुबदीन ऐबक

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** दिल्ली के सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक को लाख बख्श (लाखों का दान देने वाला) के नाम से जाना जाता था। गुलाम वंश की स्थापना कुतुबुद्दीन ऐबक ने की थी। इसने अपनी राजधानी लाहौर बनायी थी। कुतुबमीनार की नींव कुतुबुद्दीन ऐबक ने रखी थी तथा इल्तुतमिश ने पूर्ण कराया।

10. **Who was the following founded the slave dynasty ?**
**गुलाम वंश का संस्थापक कौन था ?**

(a) Iltutmish/इल्तुतमिश
(b) Qutubuddin Aibak/कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) Razia Sultan/रज़िया सुल्तान
(d) Alauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलजी

**Allahabad High Court (APS) 22/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** गुलाम वंश का संस्थापक कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-10) था। वह दिल्ली का प्रथम तुर्क शासक था। सिंहासन पर बैठने पर उसने सुल्तान की उपाधि नहीं ग्रहण की बल्कि केवल 'मलिक' और सिपहसालार की पदवियों से ही सन्तुष्ट रहा। मिन्हाज-ए-सिराज ने कुतुबुद्दीन ऐबक को एक वीर एवं उदार हृदय का सुल्तान बताया है। वह लाखों में दान दिया करता था तथा अपनी असीम उदारता के लिए उसे लाखबख्श कहा गया।

11. **Which Sultan of Delhi is said to have followed the policy of 'blood and iron' ?**
**दिल्ली में कौन-से शासक ने 'रक्त और लौह' की नीति का अनुसरण करने के लिए कहा?**

(a) Iltutmish/इल्तुतमिश
(b) Balban/बलबन
(c) Jalaluddin Firoz Khilji/जलालुद्दीन फिरोज खिलजी
(d) Firoz Shah Tughlaq/फिरोज शाह तुगलक

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिल्ली सल्तनत के गुलामवंशी शासक बलबन (गियासुद्दीन बलबन) ने अपने विरोधियों को समाप्त करने के लिए उनके विरूद्ध ''लौह और रक्त'' की नीति का अनुसरण किया। बलबन 1266 ई. में दिल्ली की गद्दी पर आसीन हुआ। उसी के ही दरबार में फारसी कवि अमीर खुसरो और अमीर हसन रहते थे। बलबन ने 'तुर्कान-ए-चिहलगानी' का विनाश किया।

12. **Which Emperor of the Das dynasty received the title of Zill-e-Ilahi ?**
**दास वंश के किस सम्राट ने ''जिल्ल-ए-इलाही'' की उपाधि प्राप्त की थी?**

(a) Iltutmish/इल्तुतमिश
(b) Qutubuddin Aibak/कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) Ghiyasuddin Balban/गयासुद्दीन बलबन
(d) Naseeruddin Mahmud/नसीरूद्दीन महमूद

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (c)** दास वंश के सम्राट ग्यासुद्दीन बलबन ने 'जिल्ल–ए–इलाही'' (ईश्वर की छाया) की उपाधि धारण की थी। ''जिल्ल–ए–इलाही'' उर्दू का शब्द है। जिसका शाब्दिक अर्थ 'भगवान की दया और सुरक्षा' है। बलबन ने सुल्तान की प्रतिष्ठा को स्थापित करने के लिए रक्त और लौह की नीति का पालन किया। बलबन पहला सुल्तान था, जिसने राजस्व सिद्धान्त प्रतिपादित किया। बलबन ने ईश्वर, शासक तथा जनता के बीच त्रिपक्षीय सम्बन्धों को राजस्व का आधार बनाया। उसने फारसी परम्परा के अनुसार 'सिजदा' और 'पैबोस' को अपनाया। इसने इल्तुतमिश द्वारा स्थापित चालीसा भंग कर दिया।

13. **List the dynasties of Delhi Sultanate in chronological order from 1206 AD to 1526 AD.**
**दिल्ली सल्तनत के वंशों की 1206 ई. से 1526 ई. तक की क्रमानुगत सूची बनाइये।**

(i) Tughlaqs/तुगलक (ii) Khilzis/खिलजी
(iii) Slaves/दास वंश (iv) Lodhis/लोदी
(v) Sayyids/सैय्यद

(a) (ii), (i), (iii), (v), (iv)
(b) (iii), (i), (ii), (iv), (v)
(c) (iii), (ii), (i), (v), (iv)
(d) (iii), (iv), (ii), (i), (v)

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam 28/09/2014**

**Ans. (c)**

| | वंश | संस्थापक | शासन काल |
|---|---|---|---|
| 1 | मामलूक वंश/ दास वंश | कुतुबुद्दीन ऐबक | 1206-1290 ई. |
| 2 | खिलजी वंश | जलालुद्दीन खिलजी | 1290-1320 ई. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | तुगलक वंश | गियासुद्दीन मुहम्मद तुगलक | 1320-1414 ई. |
| 4 | सैय्यद वंश | खिज्र खाँ | 1414-1451 ई. |
| 5 | लोदी वंश | बहलोल लोदी | 1451-1526 ई. |

## (iii). खिलजी वंश (Khalji Dynasty)

**14. Amir Khusro was a famous court poet of:**
**अमीर खुसरो ________ के सुविख्यात दरबारी कवि थे**

(a) Akbar/अकबर
(b) Alauddin Khalji/अलाउद्दीन खिलजी
(c) Mahmud Ghazanvi/मुहम्मद गजनबी
(d) Lodi/लोदी

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** अमीर खुसरो अलाउद्दीन खिलजी के सुविख्यात दरबारी कवि थे। अमीर खुसरों का मूल नाम अबुल हसन था। इनका जन्म 1253 ई. में एटा जिले के पटियाली (उ.प्र.) में हुआ था। अमीर खुसरो प्रसिद्ध सूफी सन्त शेख निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। वह बलबन से लेकर मुहम्मद बिन तुगलक के शासन काल तक दिल्ली सल्तनत के 7 विभिन्न सुल्तानों के दरबार में रहे। इन्हें 'तुतिए हिन्द' के नाम से भी जाना जाता है। सितार एवं तबले के आविष्कार का श्रेय अमीर खुसरों को ही दिया जाता है।

**15. The 'Alai Darwaja', the entrance gate of Qutub Minar, was constructed during whose reign ?**
**कुतुबमीनार का प्रवेश द्वार 'अलाई दरवाजा' किसके कार्यकाल में निर्मित किया गया ?**

(a) Alauddin khilji/अलाउद्दीन खिलजी
(b) Qutubuddin Aibak/कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) Iltutmish/इल्तुतमिश
(d) Mohammad-bin Tughlaq/मोहम्मद-बिन तुगलक

**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** कुतुबमीनार का निर्माण कार्य इल्तुतमिश के कार्यकाल में सम्पन्न हुआ। कुतुबमीनार के दक्षिणी छोर पर 1311 ई. में अलाउद्दीन खिलजी ने अलाई दरवाजा का निर्माण कराया था। यह लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है।

**16. Who among the following was the only converted Indian Muslim to become the Head of Delhi Sultanate?**
**निम्नलिखित में से कौन दिल्ली सल्तन का मुखिया बनने वाला एकमात्र परिवर्तित भारतीय मुसलमान था?**

(a) Kaikubad/कैकुबाद
(b) Nasiruddin Khusrao Khan/नसीरुद्दीन खुसरो खान
(c) Jalaluddin Khilji/जलालुद्दीन खिलजी
(d) Mohammad Bin Tughlak/मौहम्मद बिन तुगलक

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**
**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** नसीरुद्दीन खुसरो खान (शाह) दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाला एकमात्र परिवर्तित (धर्मांतरित) भारतीय मुसलमान था। उसने खिलजी वंश के अंतिम शासक मुबारक शाह खिलजी की हत्या कर दी थी, तथा कुछ महीनों के लिए अप्रत्यक्षरूप से दिल्ली का सुल्तान बन गया था। दीपालपुर के राज्यपाल गाजी मलिक 1320 में उसकी हत्या कर गयासुद्दीन तुगलक के नाम से तुगलक वंश की स्थापना की और सिंहासनारूढ़ हुआ।

**17. Which Sultan banned feasts and gatherings and spread his network of spies through the country to prevent conspiracies before they could even take place?**
**किस सुल्तान ने षड्यंत्रों के होने से पहले ही उनकी रोकथाम करने के लिए दावतों और सभाओं को प्रतिबंधित कर दिया था और पूरे देश में अपने गुप्तचरों का जाल फैला दिया था?**

(a) Balban/बलबन
(b) Alauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलजी
(c) Jahangir/जहाँगीर
(d) Iltutmish/इल्तुतमिश

**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b)** अलाउद्दीन खिलज़ी दिल्ली सल्तनत का प्रमुख शासक था। इसने घोड़े को दागने/हुलिया प्रथा को चलवाया था, जिसका उद्देश्य था युद्ध के समय इनकी अदला-बदली न हो पाये। अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली में सिरी नगर बसाया तथा मंगोल आक्रमणों से सुरक्षा के लिए उसने सिरी को 1304 में अपनी राजधानी बनायी। अलाउद्दीन खिलजी ने राज्य में विद्रोह के दमन के लिए चार अध्यादेश जारी किये जो निम्न हैं–

1. अमीर वर्ग की भूमि जब्त कर उसे खालसा भूमि में परिवर्तित किया।
2. गुप्तचर प्रणाली का गठन किया तथा इसको मजबूती से लागू किया।
3. दिल्ली के अन्दर शराब (मद्य निषेध) बन्द करवा दिया।
4. अमीर वर्गों के परस्पर मेल-मिलाप व सामाजिक सम्मेलनों और परस्पर विवाह-सम्बन्धों पर प्रतिबन्ध लगा दिया।

इस नियम को कठोरता से लागू किया गया। इस प्रकार अमीरों के सामाजिक सम्मेलनों तथा सहृदय गोष्ठियों का अन्त हो गया।

## (iv). तुगलक वंश (Tughlaq Dynasty)

**18. The famous traveller Ibn Battuta from Morocco visited India during the reign of :**
**मोरक्को का प्रसिद्ध यात्री इब्न बतूता किसके शासन काल में भारत आया था?**

(a) Qutubuddin Aibak/कुतुब-उद-दीन ऐबक
(b) Muhammad-bin-Tughlaq/मुहम्मद-बिन-तुगलक
(c) Razia Sultan/रजिया सुल्तान
(d) Alauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलजी

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मोरक्को का प्रसिद्ध यात्री इब्न बतूता मुहम्मद-बिन-तुगलक (1325-1351ई.) के शासन काल में भारत आया। सुल्तान ने उसकी विद्वता से प्रभावित होकर, उसे दिल्ली का काजी (न्यायाधीश) नियुक्त कर दिया। उसकी पुस्तक 'रेहला' में भारत के सामाजिक-राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के संबंध में वर्णन किया गया है।

**19. The city of Jaunpur was founded in the memory of:/जौनपुर शहर_____ की याद में स्थापित किया गया था।**

(a) Ghiyasuddin Tughlaq/ग्यासुद्दीन तुगलक
(b) Mohammad-bin-Tughlaq/मुहम्मद-बिन-तुगलक
(c) Firoz Shah-Tughlaq/फिरोज़ शाह तुगलक
(d) Akbar/अकबर

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जौनपुर शहर मुहम्मद-बिन-तुलगक (जौना खां) की याद में स्थापित किया गया था। सर्वप्रथम जौनपुर पर कन्नौज के शासक ने आक्रमण करके इसे अपने अधीन कर इसका नाम यवनपुर रखा। तत्पश्चात इस पर तुगलक शासक फिरोजशाह तुगलक ने इसकी स्थापना (1359) में अपने चचेरे भाई मुहम्मद बिन तुगलक (जौना खां) की याद में की थी। जिसका वास्तविक नाम जौना खां था। इसी कारण इस शहर का नाम जौनपुर रखा गया।
1394 के आसपास मलिक सरवर ने जौनपुर को शर्की साम्राज्य के रूप में स्थापित किया। शर्की शासक कला प्रेमी थे।

20. **Where did the traveller Ibn Batuta come from?**
**यात्री इब्न-बतूता कहाँ से आया था?**
(a) Morocco/मोरक्को (b) Persia/फारस
(c) Turkey/तुर्की
(d) Central Asia/मध्य एशिया
**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**
**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** इब्नबतूता मोरक्को, (अफ्रीका) का निवासी था। विभिन्न देशों की यात्रा के बाद (1333 ई. में) मोहम्मद बिन तुगलक के शासन काल में भारत आया। इसकी विद्वता से प्रभावित होकर सुल्तान ने उसे दिल्ली का काजी नियुक्त किया। 1342 ई. में मोहम्मद बिन तुगलक ने इसे अपने राजदूत के रूप में चीन भेजा। स्वदेश वापस जाने के बाद अरबी में –रेहला' नामक पुस्तक लिखी जो उसकी यात्राओं के संस्मरणो का संकलन है।
इब्नबतूता के यात्रा की पुस्तक 'रेहला' चौदहवीं शताब्दी में उपमहाद्वीप में सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के बारे में अत्यंत समृद्ध और दिलचस्प विवरण प्रदान करती है।

21. **Swargdwari camp, in which muhammad bin tughlaq spent, two and a half years was situated on the bank of which river ?**
**'स्वर्गद्वारी' शिविर, जिसमें मोहम्मद-बिन-तुगलक़ ने ढाई वर्ष बिताए थे, किस नदी के किनारे स्थित था?**
(a) Ganga/गंगा (b) Yamuna/यमुना
(c) Gomti/गोमती (d) Sone/सोन
**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (a)** 'स्वर्गद्वारी शिविर' जिसमें मोहम्मद-बिन-तुगलक ने ढाई वर्ष अकाल के समय बिताए थे, वह गंगा नदी के किनारे स्थित था।

22. **Which sultans ordered the beautiful murals of his palace to be destroyed ?**
**किस सुल्तान ने अपने महल के ख़ूबसूरत भित्ति चित्रों को मिटाने का आदेश दिया था?**
(a) Mohammed bin tughlaq/मोहम्मद-बिन-तुग़लक़
(b) Firoz Shah tughlaq/फ़िरोज शाह तुग़लक
(c) Alauddin khilji/अलाउद्दीन ख़िलजी
(d) Mubarak Shah Khilji/मुबारक शाह ख़िलजी
**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (b)** सल्तनत कालीन शासकों में फिरोजशाह तुगलक दिल्ली का पहला सुल्तान था, जिसने इस्लामी कानून (शरीयत) व उलेमा वर्ग को राज्य प्रशासन में प्रधानता दी। शरीयत के विरूद्ध होने के कारण फिरोज तुगलक ने महल के सभी भित्ति चित्रों को नष्ट करवा दिया और रेशमी, जरी वस्त्रों के उपयोग पर रोक लगवा दी।

## (v). सैय्यद वंश (Sayyid Dynasty)

23. **With reference to Delhi Sultanate, who was the founder of Sayyid Dynasty?/दिल्ली सल्तनत के संदर्भ में सैय्यद राजवंश का संस्थापक कौन थे?**
(a) Alauddin Alam Shah/अलाउद्दीन आलम शाह
(b) Khizr Khan/खिज्र खाँ
(c) Mubaraq Shah/मुबारक शाह
(d) Muhammad Shah/मुहम्मद शाह
**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सैय्यद वंश की स्थापना खिज्र खाँ ने की थी। दिल्ली सल्तनत का यह चौथा राजवंश 1414 ई. से 1451 ई. तक शासन किया। खिज्र खाँ ने सुल्तान की उपाधि नहीं धारण की, वह रैय्यत-ए-आला की उपाधि से ही संतुष्ट रहा। उसने अपने सिक्कों पर तुगलक शासकों का ही नाम रहने दिया।

## (vi). लोदी वंश (Lodi Dynasty)

24. **Which ruler founded the city of Agra?**
**आगरा शहर को किस शासक ने बसाया था?**
(a) Sikander Lodi/सिंकदर लोदी
(b) Akbar/अकबर
(c) Firoz Shah tughlaq/फिरोज शाह तुगलक
(d) Shahjahan/शाहजहाँ
**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**
**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** निजाम खॉ लोदी वंश के संस्थापक बहलोल लोदी का पुत्र था जो 1489 ई. में 'सुल्तान सिकंदर शाह' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा। 1504 ई. में सिकन्दर लोदी ने आगरा शहर की स्थापना की तथा आगरा को अपनी नई राजधानी बनाया। इसके अलावा भूमि के लिए मापन का प्रामाणिक पैमाना 'गजे सिकन्दरी' का प्रचलन भी सिकन्दर लोदी ने किया था।

25. **Who founded the Lodhi dynasty ?**
**लोदी वंश की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?**
(a) Ibrahim Lodhi/इब्राहिम लोदी
(b) Sikandar Lodhi/सिकंदर लोदी
(c) Bahlol Lodhi/बहलोल लोदी
(d) Khizr Khan/ख़िज्र ख़ान
**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (c)** लोदी वंश की स्थापना बहलोल लोदी ने की थी। वह अफगानिस्तान के गिलजारी कबीले की महत्वपूर्ण शाखा शाहूखेल में पैदा हुआ था। 19 अप्रैल 1451 को बहलोल 'बहलोल शाह गाजी' की उपाधि धारण कर दिल्ली के सिंहासन पर वैठा था।

## (vii). सल्तनतकालीन प्रशासन (Administration of Sultanate Period)

26. **What was the term used for land measurement during the delhi sultanate period ?**
**दिल्ली सल्तनत काल में भू-मापन के लिए प्रयुक्त पद क्या था?**
(a) Kismat-e-Galiya/किस्मत-ए-गालिया
(b) Gaaliya bakshee/गालिया-बक्शी
(c) Masahat/मसाहत
(d) Ghazi/गाज़ी
**Allahabad High Court Group 'C' Exam 18/10/2014**

**Ans. (c)** दिल्ली सल्तनत काल में भू-मापन के लिए मसाहत पद प्रयुक्त होता था। मसाहत का अर्थ भूमि की पैमाइश होता है।

## (viii). सल्तनतकालीन स्थापत्य (Architecture of Sultanate Period)

27. **The construction of double domes was the main feature of _______ architecture.**
**किस वास्तुशिल्पी के संदर्भ में दो गुम्बद प्रमुख विशेषताएँ है :**
(a) Khilji/खिलजी (b) Tughlaq/तुगलक
(c) Lodi/लोदी (d) Sayyid/सैय्यद
**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c):** लोदी काल को मकबरों का काल कहा जाता है। लोदी काल की स्थापत्य कला की विशेषता स्थानीय शिल्प तथा तुर्की शिल्प का मिश्रण था। सिकन्दर लोदी के समय में एक नई शैली की शुरुआत हुई जिसमें एक गुम्बद के स्थान पर दोहरे गुम्बद का प्रयोग हुआ। लोदी काल में अष्टभुजी मकबरों का बहुतायत निर्माण हुआ।

## (ix). सल्तनतकालीन साहित्य (Literature of Sultanate Priod)

**28. Who among the following witnessed the reigns of eight Delhi Sultans?**
**निम्नलिखित में से किसने आठ दिल्ली सुल्तानों के शासनकाल को देखा?**
(a) Ziauddin Barani/जिआउद्दीन बरनी
(b) Shams-i-Siraj Afif/शम्स-ए-सिराज-अफीफ
(c) Minhas-us-Siraj/मिन्हाज-उस-सिराज
(d) Amir Khusro/अमीर खुसरो

**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (d) :** अमीर खुसरो ने दिल्ली के आठ सुल्तानों के शासन काल को देखा था। इनका जन्म 1253 ई. में पटियाली, एटा जिले में हुआ था। खुसरो को 'उर्दू साहित्य का संस्थापक', 'भारत को आवाज' या 'भारत का तोता' (तुती-ए-हिंद) कहा गया है। किरान-उस-सादेन, मिफ्ताह-उल- फुतुह, खजाइन-उल- फुतुह, आशिका, नुह सिपिहर अमीर खुसरो की प्रसिद्ध रचनाएं हैं।

# 2. सूफी एवं भक्ति आंदोलन (Sufism and Bhakti Movement)

## (i). सूफी आंदोलन (Sufism Movement)

**29. Which of the following statements are true with respect to Sufism?/सूफीवाद के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
I. They preached spirituality through music and doctrines./वे संगीत और उपदेशों के जरिए आध्यात्मिकता का प्रचार करते थे।
II. The Sufis were very conservative in their religious outlook./सूफी उनके धार्मिक दृष्टिकोण में बहुत ही रूढ़िवादी होते थे।
III. The Sufis were organised into religious orders or silsilahs. /सूफी धार्मिक संप्रदाय या सिलसिला में संगठित होते थे।
IV. These started the tradition of piri-muridi. इनसे पीरी-मुरीदी परम्परा का आरंभ हुआ।
(a) I, II and III/ I, II और III
(b) I, III and IV/ I, III और IV
(c) II, III and IV/ II, III और IV
(d) I, II, III and IV/ I, II, III और IV

**Allahabad High Court (RO) 10/01/2020**

**Ans. (b) :** 12वीं शताब्दी के आसपास सूफी 12 सिलसिलों या संप्रदाय में विभाजित थे। एक सिलसिले का अगुवा आम तौर पर कोई मशहूर सूफी होता था, जो अपने शिष्यों (मुरीदों) के साथ एक खानकाह में रहता था। गुरू (पीर) और मुरीद का संबंध सूफी परम्परा का एक महत्वपूर्ण अंग था। वे संगीत और उपदेशों के जरिए आध्यात्मिकता का प्रचार करते थे। प्रायः कुछ सूफी संत साँस रोकने की योग क्रियाओं, उपवास व प्रायश्चित जैसे कुछ हिन्दू बौद्ध प्रथाओं को भी अपनाया। सूफियों का दृष्टिकोण उदार था, न कि रूढ़िवादी।

**30. Which famous sufi saint is known as Chirag-e-Delhi?/कौन से प्रसिद्ध सूफी संत को चिराग-ए-दिल्ली के रूप में जाना जाता है?**
(a) Bakhtiar Kaki/बख्तियार काकी
(b) Nizamuddin Auliya/निजामुद्दीन औलिया
(c) Sheikh Naseeruddin Mahmud/शेख नसीरूद्दीन महमूद
(d) Amir Khusrow/अमीर खुसरो

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (c)** प्रसिद्ध सूफी संत शेख नसीरूद्दीन महमूद को चिराग-ए-दिल्ली के रूप में जाना जाता है। ये निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। नसीरूद्दीन महमूद 'चिश्ती' संप्रदाय के संत थे। इनका जन्म 1274 में अयोध्या, उत्तर प्रदेश में हुआ था। 1356 ई. में इनकी मृत्यु हो गयी।

**31. Where is the Dargah of Sheikh Nizamuddin Auliya?**
**शेख निजामुद्दीन औलिया का दरगाह कहाँ है?**
(a) Agra/आगरा (b) Ajmer/अजमेर
(c) Delhi/दिल्ली (d) Jaipur/जयपुर

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam-06/02/2011**

**Ans. (c)** शेख निजामुद्दीन औलिया की दरगाह 'दिल्ली' में स्थित है। निजामुद्दीन औलिया चिश्ती घराने के चौथे संत थे। इन्होंने दिल्ली के सात सुल्तानों का शासन देखा था।

## (ii). भक्ति आंदोलन (Bhakti Movement)

**32. Who is considered as the fountain- head of the Bhakti movement in Maharastra?/महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन का प्रणेता किसे माना जाता है?**
(a) Ramdas/रामदास (b) Jnanesvara/ज्ञानेश्वर
(c) Eknath/एकनाथ (d) Tukaram/तुकाराम

**Allahabad High Court Group D Exam 17/12/2022**

**Ans. (b) :** संत ज्ञानेश्वर को महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन का प्रणेता माना जाता है। वारकरी सम्प्रदाय एक पूर्ण भक्ति सम्प्रदाय है जो शंकराचार्य के अद्वैतवाद में विश्वास करता है। ज्ञानेश्वर या ध्यानेश्वर को वारकरी सम्प्रदाय का संस्थापक माना जाता है। वारकरी परंपरा का विकास दक्षिणी महाराष्ट्र में पंढ़रपुर के आसपास अधिक हुआ है। बारकरी से जुड़े भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में ज्ञानेश्वर नामदेव, तुकाराम, चोखामोला, गाडगें महाराज शामिल है। वारकरी सम्प्रदाय वैष्णव संप्रदाय की एक शाखा है।

**33. The mystic poet Mira Bai, a Bhakti saint was ____ . Fill in the blank with the correct option.**
**एक भक्ति सन्त, रहस्यवादी कवयित्री मीराबाई ___। रिक्त स्थान की पूर्ति सही विकल्प चुनकर कीजिए।**
(a) Daughter of a priest from Gujarat /गुजरात के एक पुजारी की बेटी थी
(b) Born in a Rajput royal family and married to a Rajput prince /का जन्म का राजपूत शाही परिवार में हुआ था और उनका विवाह एक राजपूत राजा से हुआ
(c) A noble Rajput women who never married /एक महान राजपूत स्त्री थी जिनका विवाह कभी नहीं हुआ
(d) From a Gujarati Rajput family married to a commoner /एक गुजराती राजपूत परिवार से थी और उनका विवाह एक सामान्य जन से हुआ था

**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022**

**Ans. (b) :** मीरा बाई का जन्म राजपूत शाही परिवार में जोधपुर के चौकड़ी (कुड़की) गाँव में 1498 ई. में हुआ था। मीरा बाई का विवाह मेवाड़ के राजपूत राजा महाराणा सांगा के पुत्र कुँवर भोजराज से हुआ था। मीराबाई हिन्दी और गुजराती दोनों की कवयित्री मानी जाती हैं।

**34. Chaitanya Mahaprabhu was born in:**
**चैतन्य महाप्रभु का जन्म कहाँ हुआ था?**
(a) Banaras/बनारस (b) Talvandi/तलवंडी
(c) Mayurbanj/मयूरभंज (d) Nabadwip/नवद्वीप
**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** चैतन्य महाप्रभु का जन्म पश्चिम बंगाल के नवद्वीप शहर में 18 फरवरी, 1486 को हुआ था। इनके बचपन का नाम विश्म्भर मिश्र था तथा लोग इन्हें निमाई कह कर भी पुकारते थे। चैतन्य महाप्रभु वैष्णव धर्म के भक्ति योग के परम प्रचारक एवं भक्तिकाल के प्रमुख कवियों में से एक हैं।

**35. Sant Kabir was a disciple of:**
**संत कबीर किसके शिष्य थे?**
(a) Ramanujacharya/रामानुजाचार्य
(b) Vallabhacharya/बल्लभाचार्य
(c) Narharidas/नरहरिदास
(d) Ramananda/रामानंद
**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** संत कबीर दास रामानंद के शिष्य थे। रामानन्द 14वीं शताब्दी में उत्तर भारत के गंगा नदी क्षेत्र में वैष्णव संत थे। कबीर रामानंद के 12 शिष्यों में से एक थे। कबीर हिन्दी साहित्य के भक्ति काल के निर्गुण शाखा के ज्ञानमार्गी शाखा के महान कवि है।

**36. Who among the following strongly opposed sectarianism and rites and insisted on adoption of Hindi in place of Sanskrit?**
**निम्नलिखित में से किसने संप्रदायवाद और संस्कारों का कड़ा विरोध किया और संस्कृत के स्थान पर हिंदी को अपनाने पर जोर दिया?**
(a) Chaitanya/चैतन्य (b) Ramananda/रामानंद
(c) Ramanuja/रामानुज
(d) Shankaracharya/शंकराचार्य
**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** चैतन्य महाप्रभु ने संप्रदायवाद और संस्कारों का कड़ा विरोध किया और संस्कृत के स्थान पर हिंदी को अपनाने पर जोर दिया। चैतन्य महाप्रभु वैष्णव धर्म के भक्ति योग के परम प्रचारक एवं भक्ति काल के प्रमुख कवियों में से एक है।

## 3. विजयनगर साम्राज्य ( Vijayanagar Empire )

**37. Which illustrious ruler of the Deccan, was a contemporary of Babar?/बाबर के समकालीन, कौन दक्कन का प्रसिद्ध शासक था?**
(a) Harihara I /हरिहर I (b) Bukka I /बुक्का I
(c) Krishna Deva Raya /कृष्ण देव राय
(d) Dev Raya II /देव राय II
**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022**

**Ans. (c) :** विजयनगर साम्राज्य के सम्राट कृष्ण देवराय दक्कन के सबसे प्रसिद्ध शासक और बाबर के समकालीन थे। उनके शासनकाल (1509 ई.-1529ई.) में साम्राज्य शांति, व्यवस्था, शक्ति, समृद्धि और विद्या में अपने चरम पर पहुँच गया। मुगल सम्राट बाबर ने अपनी जीवनी 'बाबरनामा' में उन्हें भारत का सबसे शक्तिशाली शासक बताया है।

**38. 'Kalyana Mandapas' was notable feature in construction of temples during the reign of :**
**________ के शासनकाल के दौरान मंदिर निर्माण में 'कल्याण मंडप' एक उल्लेखनीय विशेषता थी?**
(a) Vijayanagar empire /विजयनगर साम्राज्य
(b) Rashtrakuta empire/राष्ट्रकूट साम्राज्य
(c) Chandel empire /चंदेल साम्राज्य
(d) Chalukya empire /चालुक्य साम्राज्य
**Allahabad High Court (RO) 11/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 'विजयनगर साम्राज्य' के शासनकाल के दौरान मंदिर निर्माण में 'कल्याण मंडप' एक उल्लेखनीय विशेषता थी। विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाईयों द्वारा 1336 ई. में की गई थी। हम्पी में विरुपाक्ष मंदिर तथा देवराय प्रथम का हजारा राम मंदिर विजयनगर वास्तुकला का प्रसिद्ध उदाहरण है।

**39. Which dynasty did Krishandeva Raya, the most famous ruler of Vijayanagara belong to?**
**विजयनगर के सबसे प्रसिद्ध शासक कृष्णदेव राय किस राजवंश से संबंधित थे?**
(a) Maurya/मौर्य (b) Tuluva/तुलुव
(c) Sangama/संगम
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं
**Allahabad High Court (RO) 10/01/2020**

**Ans. (b) :** विजयनगर के सबसे प्रसिद्ध शासक कृष्णदेव राय (1509-29) तुलुव राजवंश के सबसे महान शासक थे। तुलुव वंश का संस्थापक वीर नरसिंह था। विजयनगर साम्राज्य के विभिन्न राजवंशों का क्रम निम्न है- संगम वंश → सलुव वंश → तुलुव वंश → अरावीडु वंश।

**40. Who among the following founded the Vijaynagar Empire in 1336?**
**निम्नलिखित में से किसने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 1336 में की?**
(a) Saluvas/सलुवा
(b) Rama Raya/राम राय
(c) Krishna Deva Raya/कृष्ण देव राय
(d) Harihara and Bukka/हरिहर और बुक्का
**Allahabad High Court (RGC) Exam 28/09/2014**
**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d)** वर्ष 1336 में प्रसिद्ध वैष्णव संत विद्याधर की प्रेरणा से हरिहर तथा बुक्का ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की। प्रारम्भ में हरिहर एवं बुक्का काकतीय राजवंश के अधीन सामन्त थे। कालांतर में कम्पिली राज्य में मंत्री बने। मुहम्मद तुगलक द्वारा कम्पिली अभियान के समय इन दोनों भाइयों को दिल्ली लाया गया, जहाँ उन्हें मुसलमान बना दिया गया। महंत विद्यारण्य ने इन दोनों भाइयों को पुनः हिन्दू धर्म में शुद्धीकरण किया। इन्होंने अपने पिता संगम के नाम पर संगम वंश की स्थापना की।

## 4. बहमनी राज्य ( Bahmani Kingdom )

**41. Which Bahmani ruler shifted the capital from Gulbarga to Bidar?**
**किस बहमनी शासक ने राजधानी को गुलबर्गा से बीदर स्थानांतरित कर दिया था?**
(a) Mahmud Shah/महमूद शाह
(b) Mohammed Shah/मुहम्मद शाह
(c) Ahmed Shah/अहमद शाह
(d) Yusuf Shah/युसूफ शाह
**Allahabad High Court (ARO) Exam 18/12/2016**

**Ans. (c)** मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में 1347 में हसन गंगू ने बहमनी राज्य की स्थापना की। इसने अपनी राजधानी गुलबर्गा को बनाया। शिहाबुद्दीन अहमद प्रथम (अहमद शाह) ने अपनी राजधानी गुलबर्गा से हटाकर बीदर में स्थापित की।

## 5. मुगल साम्राज्य (Mughal Empire)

### i. बाबर (Babur)

**42. Who defeated the Sultan of Delhi Ibrahim Lodi in 1526, at Panipat and captured Delhi and Agra?/किसने पानीपत में सन् 1526 में दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी को पराजित कर दिल्ली और आगरा पर कब्जा किया था?**

(a) Humanyun/हुमायूँ (b) Shahjahan/शाहजहाँ
(c) Jahangir/जहाँगीर (d) Babur/बाबर

**Allahabad High Court Group D (Mains) 23/03/2025**

**Ans. (d) :** पानीपत का प्रथम युद्ध 21 अप्रैल 1526 ई. को दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी और बाबर के मध्य हुआ था। इस युद्ध में बाबर ने इब्राहिम लोदी को पराजित कर दिल्ली और आगरा पर कब्जा कर लिया था। इस युद्ध में इब्राहिम लोदी मारा गया।

**43. Which battle ended the Mughal-Afghan contest for the throne of Delhi in favour of the Mughals ?**
**दिल्ली के ताज के लिए मुगल-अफगान प्रतिस्पर्धा का मुख्य पक्ष में किस युद्ध के अंत तक निर्णय हुआ ?**

(a) Battle of Haldighati/हल्दीघाटी का युद्ध
(b) First Battle of Panipat/पानीपत की प्रथम लड़ाई
(c) Second Battle of Panipat/पानीपत की द्वितीय लड़ाई
(d) Third Battle of Panipat/पानीपत की तृतीय लड़ाई

**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** पानीपत का प्रथम युद्ध 21 अप्रैल, 1526 ई. को मुगल शासक बाबर तथा दिल्ली सल्तनत के अफगान शासक इब्राहिम लोदी के मध्य लड़ा गया। इसमें इब्राहिम लोदी को परास्त कर बाबर भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना की। इस युद्ध में बाबर ने प्रथम बार तोपखाना तथा तुलुगमा युद्ध नीति का प्रयोग किया गया।

**44. When and between whom, the first Battle of Panipat was fought?**
**पानीपत की पहली लड़ाई कब और किसके बीच लड़ी गई?**

(a) 1561, Hemu and Akbar
1561, हेमू और अकबर
(b) 1526, Babur and Ibrahim Lodi
1526, बाबर और इब्राहिम लोदी
(c) 1757, Shiraj-ud-Daulah and Nawab of Bengal
1757, सिराज-उद-दौला और बंगाल के नवाब
(d) 1754, Mir Quasim and Hector Munro
1754, मीर कासिम और हैक्टर मुनरो

**Allahabad High Court (RO) 10/01/2020**
**Allahabad High Court (RO/ARO) 06/02/2011**
**Allahabad High Court (ARO) 19/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** पानीपत की पहली लड़ाई मुगल आक्रमणकारी शासक बाबर तथा भारत पर शासन कर रहे आफगान शासक इब्राहिम लोदी के बीच 21 अप्रैल, 1526 को दिल्ली के पास पानीपत मैदान में लड़ी गयी थी।
→ इसी युद्ध में बाबर ने पहली बार तुलुगमा युद्ध पद्धति का प्रयोग किया था। साथ ही तोपखाने का भी प्रयोग भारत में पहली बार हुआ था।
→ पानीपत का द्वितीय युद्ध सन् 1556 ई. में शासक हेमू तथा अकबर के मध्य लड़ा गया जिसमें अकबर विजयी रहा।
→ पानीपत का तृतीय युद्ध सन् 1761 ई. में मराठा और अहमद शाह अब्दाली के बीच लड़ा गया जिसमें मराठों की बुरी तरह से हार हुई।

**45. The Central Asian ruler who founded the Mughal Empire was-**
**वह मध्य एशियाई शासक कौन था जिसने मुगल साम्राज्य की स्थापना की थी?**

(a) Akbar/अकबर (b) Humayun/हुमायूँ
(c) Babur/बाबर (d) Jahangir/जहांगीर

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 12/11/2017**

**Ans. (c)** मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर ने इसकी नींव 1526 ई. में रखी। मुगलों ने भारत पर 300 सालों तक राज्य किया। बाबर के पिता उमरशेख मिर्जा फरगना नाम के छोटे से रियासत के शासक थे। बाबर ने भारत पर पांच आक्रमण किये। उस्ताद अली और मुस्तफा खाँ बाबर के दो प्रसिद्ध निशानेबाज थे। बाबर ने पानीपत के प्रथम युद्ध में इब्राहिम लोदी को 21 अप्रैल, 1526 में पराजित किया।

**46. Which of the following was the basic difference between 'Jama' and 'Hasil' during Mughal India?/मुगल कालीन भारत में ''जमा'' और ''हासिल'' का मूल अंतर निम्नलिखित में से क्या था?**

(a) Jama was the amount collected while Hasil was the estimated amount/जमा इकट्ठी की गई रकम और हासिल अनुमानित रकम
(b) Jama was a land revenue while Hasil was a tax on traders/जमा भूराजस्व था जबकि हासिल व्यापारियों पर लगने वाला कर था
(c) Jama was a tax on craftsmen while Hasil was a total income/जमा शिल्पकारों पर लगने वाला कर था जबकि हासिल कुल आमदनी थी
(d) Jama was the assessed amount while Hasil was the collected amount/जमा निर्धारित रकम थी और हासिल सचमुच वसूली गई रकम

**Allahabad High Court (RO/ARO) Exam 28/09/2014**

**Ans. (d)** मुगलकालीन भारत में ''जमा'' का अर्थ निर्धारित रकम एवं ''हासिल'' का अर्थ वसूली गई रकम थी।

### ii. अकबर ( Akbar )

**47. In which year Din-i-illahi was introduced as new religion by Akbar?/अकबर ने कब एक नए धर्म 'दीन ए –इलाही' चलाया था?**

(a) 1581 (b) 1576
(c) 1572 (d) 1569

**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022**

**Ans. (a) :** 1581-82 ई. में मुगल सम्राट अकबर ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था। दीन-ए-इलाही धर्म को स्वीकार करने वाला प्रथम एवं अन्तिम हिन्दू शासक राजा बीरबल (महेशदास) था। अकबर की शासन-प्रणाली की प्रमुख विशेषता मनसबदारी प्रथा थी। अबुल-फजल ने अकबरनामा ग्रंथ की रचना की थी। यह एतिहासिक घटनाओं के वास्तविक विवरणों, शासकीय दस्तावेजों तथा जानकार व्यक्तियों के मौखिक प्रमाणों जैसे विभिन्न प्रकार के साक्ष्यों पर आधारित है। अकबरनामा को तीन (प्रथम में अकबर का जीवन, दूसरे में अकबर का शासन व तीसरे जिल्द में आइन-ए-अकबरी) जिल्दों में विभक्त है।

**48. Which one of the following is not established by Mughal Emperor Akbar?/मुगल शासक अकबर ने, निम्नलिखित में से क्या स्थापित नहीं किया था?**

(a) Rambagh /रामबाग
(b) Jahangir Mahal /जहाँगीर महल
(c) Agra Fort /आगरा किला
(d) Akbar Fort /अकबर किला

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (a) :** मुगल शासक अकबर द्वारा रामबाग को स्थापित नहीं किया। गया था। भारत में रामबाग शैली का निर्माता बाबर है। जिसने आगरा में 1528 ई. में रामबाग का निर्माण करवाया। आगरा के किले में स्थित जहाँगीर महल का निर्माण अकबर ने करवाया, साथ ही आगरा किला तथा अकबर का किला भी अकबर द्वारा ही बनवाया गया था।

**49. Akbar constructed 'Hiran Minaret' in memory of his beloved:/अकबर ने किसकी स्मृति में 'हिरन मिनारत' का निर्माण किया?**

(a) Son/पुत्र (b) Elephant/हाथी
(c) Sufi Sheikh/सूफी शेख (d) Scholar/विद्वान

**Allahabad High Court (ARO) 20/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सम्राट अकबर (1556 ई. से 1605 ई.) ने अपने शासन काल में फतेहपुर सीकरी में अपने प्रिय हाथी 'हिरन' की याद में 'हिरन मीनारत' नामक स्मारक बनवाया था।
अकबर ने ही चारबाग निर्मित करने की परंपरा शुरू की थी। फतेहपुर सीकरी में अकबर के काल में निर्मित प्रमुख इमारतें इबादत खाना, बुलंद दरवाजा, बीरबल निवास, अनूप तालाब आदि हैं।

**50. When and between whom, the second battle of Panipat was fought?/पानीपत का दूसरा युद्ध कब और किसके बीच लड़ा गया था?**

(a) 1526, Babur and Ibrahim Lodi
1526, बाबर और इब्राहिम लोदी
(b) 1761, Marathas and Mughals
1761, मराठा और मुगल
(c) 1556, Hemu and Akbar/1556, हेमू और अकबर
(d) 1491 Mohammad Ghori and Prithviraj
1491, मोहम्मद गोरी और पृथ्वीराज

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** पानीपत का दूसरा युद्ध 1556 ई. में हेमू (हेम चन्द्र विक्रमादित्य) और अकबर की सेना के बीच हुआ था, जिसमें हेमू की पराजय हुई। इस युद्ध में अकबर के सेनापति खान जमान और बैरम खान थे। इस युद्ध के फलस्वरूप दिल्ली पर वर्चस्व के लिए मुगलों और अफगानों के बीच चलने वाला संघर्ष समाप्त हो गया।

**51. Birbal, the Hindu advisor of Mughal Emperor Akbar, was born with which of these names ?
मुगल सम्राट अकबर के हिन्दू सलाहकार, बीरबल का जन्म का नाम इनमें से क्या था?**

(a) Indresh Das/इंद्रेश दास
(b) Mahesh Das/महेश दास
(c) Sudesh Das/सुदेश दास
(d) Mukesh Das/मुकेश दास

**Allahabad High Court (RO) Exam 08/01/2017**
**Allahabad High Court Group 'C' Exam 20/01/2019**

**Ans.(b)** मुगल सम्राट जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर के नवरत्नों में शामिल बीरबल के बचपन का नाम महेशदास था। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के सिंहवाल तहसील के घोघरा गांव में 1528 ईं. में जन्में महेशदास की बुद्धिमता व हाजिरजवाबी से प्रसन्न होकर अकबर ने उन्हें बीरबल नाम दिया था। बीरबल अकबर द्वारा चलाये गये दीन-ए-इलाही धर्म को अपनाने वाला प्रथम व अन्तिम हिन्दू व्यक्ति था।

**52. Din-i-Illahi was a religious movement propounded by whom?/दीन-ए-इलाही, किसके द्वारा चलाया गया एक धार्मिक आंदोलन था?**

(a) Akbar/अकबर
(b) Ashoka/अशोक
(c) Babur/बाबर
(d) Chandragupta Maurya/चंन्द्रगुप्त मौर्य

**Allahabad High Court (RO) Exam 08/01/2017**
**Allahabad High Court Exam 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans.(a)** अकबर द्वारा किये कार्य निम्नलिखित है -

| | | |
|---|---|---|
| फतेहपुर सीकरी की स्थापना | - | 1571 |
| इबादत खाना की स्थापना | - | 1575 |
| मजहर की घोषणा | - | 1579 |
| दिन-ए-इलाही | - | 1582 |
| गुलामों/युद्धवंदीयों को दास बनाने पर प्रतिबंध | - | 1562 |
| तीर्थयात्रा कर को रद्द किया | - | 1563 |
| जजिया कर समाप्त किया | - | 1564 |

## iii. जहांगीर ( Jahangir )

**53. The Mewar-Mughal Treaty was signed between Amar Singh and which Mughal emperor in 1615 A.D.?
1615 ईस्वी में अमर सिंह और किस मुगल सम्राट के मध्य मेवाड़-मुगल संधि हुई ?**

(a) Jahangir/जहाँगीर (b) Akbar/अकबर
(c) Aurangzeb/औरंगज़ेब (d) Shahjahan/शाहजहाँ

**Allahabad High Court (CA) 21/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 1615 ई. में अमर सिंह और मुगल सम्राट जहाँगीर के मध्य मेवाड़ मुगल संधि हुई। यह संधि 5 फरवरी, 1615 को लागू हुई थी। संधि का प्रस्ताव मेवाड़ की ओर से हरिदास झाला और शुभकरण ने प्रस्तुत किया।
• इस संधि के अनुसार –
(i) राजकुमार कर्ण सिंह मुगल दरबार में उपस्थित होंगे।
(ii) कर्ण सिंह को पाँच हजार का मनसबदार बनाया जाएगा।

**54. Which Mughal ruler is known to have installed a 'Bell of Justice' to facilitate his subjects in getting their cries for justice to be heard?
कौन-सा मुगल शासक अपनी प्रजा द्वारा दी गयी न्याय की पुकार का सुनाजाना सुविधाजनक बनाने के लिए 'न्याय का घंटा' लगाने के लिए जाना जाता है?**

(a) Akbar /अकबर (b) Jahangir /जहाँगीर
(c) Aurangzeb /औरंगजेब (d) Humayun /हुमायूँ

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (b)** मुगल शासक जहाँगीर ने अपनी प्रजा द्वारा दी गई न्याय की पुकार को सुने जाने को सुविधाजनक बनाने के लिए 'न्याय का घंटा' जो आगरे के किले के शाहबुर्ज और यमुना तट पर स्थित पत्थर के खंभे में लगवाई गई थी, के लिए जाना जाता है।

55. **The greatest failure of the reign of Jahangir was जहाँगीर के शासन-काल की सबसे बड़ी विफलता का सही कारण था**
(a) formation and ascendancy of the Nur Jahan junta/नूरजहाँ जुन्ता गुट का बनना एवं प्रधानता करना
(b) failure to secure an inch of land in the Deccan दक्कन में ज़मीन का एक इंच भी हासिल पाना
(c) the loss of Kandhar to Persia कंधार को पर्शिया के हाथों गँवा बैठना
(d) execution of Guru Arjan Dev गुरु अर्जन देव की फाँसी

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2016**

**Ans. (c)** जहाँगीर (1605-1627) मुगल साम्राज्य का चौथा शासक था। यह सम्राट अकबर का पुत्र था तथा जहाँगीर के शासन काल की सबसे बड़ी विफलता 1622 ई. में फारस (पर्शिया) के शाह द्वारा मुगलों से कन्धार छीन लेना था।

## iv. शाहजहां ( Shahjahan )

56. **Whose reign was called the Golden Age of Mughal Era?/किसके शासन को मुगल काल का स्वर्ण युग कहा जाता था?**
(a) Akbar /अकबर (b) Jahangir /जहाँगीर
(c) Shahjahan /शाहजहाँ (d) Humayun /हुमायूँ

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 20/01/2019**

**Ans. (c)** शाहजहाँ के शासन काल में मुगल स्थापत्य और वास्तुकला अपने चरमोत्कर्ष पर थी। इसके काल को मुगल स्थापत्य और वास्तु कला का 'स्वर्ण काल' भी कहा जाता है।

## v. औरंगजेब ( Aurangzeb )

57. **Which Mughal emperor was a proficient Veena player?**
**कौन-सा मुगल शासक एक कुशल वीणावादक था?**
(a) Aurangzeb/औरंगजेब (b) Akbar/अकबर
(c) Jahangir/जहांगीर (d) Shahjahan/शाहजहाँ

**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (a) :** मुगल शासक औरंगजेब एक कुशल वीणावादक था। औरंगजेब 6वाँ मुगल शासक था। उसे 'आलमगीर' के नाम से भी जाना जाता है। उसने 1658 से 1707 तक शासन किया। उसके शासन काल में मुगल साम्राज्य अपने चरम पर पहुँच गया और भारत में सबसे बड़ा साम्राज्य बन गया।

58. **Who re-introduced 'Jaziya' ?**
**'जज़िया' कर किसने दोबारा शुरू किया ?**
(a) Aurangzeb/औरंगजेब (b) Jahangir/जहाँगीर
(c) Akabar/अकबर (d) Shah Jahan/शाहजहाँ

**Allahabad High Court (APS) 22/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** अकबर ने 1562 में दास प्रथा, 1563 में तीर्थ यात्रा कर तथा 1564 में जजिया कर को समाप्त कर दिया था। औरंगजेब ने पुनः जजिया कर लगाया था। सामूगढ़ की विजय के उपरान्त एवं आगरा पर अधिकार कर लेने के पश्चात औरंगजेब ने 21 जुलाई, 1658 को दिल्ली में अपना प्रथम राज्याभिषेक कराया और अबुल मुजफ्फर आलमगीर की उपाधि धारण की। औरंगजेब को 'जिंदापीर' कहा जाता था।

59. **Which of the following Mughal emperors abolished the celebration of Navroz during his reign ?**
**निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने अपने शासन काल में नवरोज का उत्सव समाप्त कर दिया था?**
(a) Babar/बाबर (b) Jahangir/जहाँगीर
(c) Aurangzeb/औरंगजेब (d) Humayun/हुमायूँ

**Allahabad High Court Group 'D' Exam-23/07/2017**

**Ans. (c)** औरंगजेब (1658−1707ई0) ने कुरान को अपने शासन का आधार बनाया। इस्लामी कानून का कट्टरता से पालन करने के कारण सुन्नी प्रजा उसे 'जिंदा पीर' के नाम से पुकारती थी। औरंगजेब का मुख्य लक्ष्य भारत को दारूल हर्ब (काफिरों का देश) से दारूल इस्लाम (इस्लाम का देश) में परिवर्तित करने का था। उसने सिक्कों पर कलमा खुदवाया, तुलादान एवं झरोखा दर्शन प्रथा, पारसी त्योहार नौरोज एवं हिन्दू त्योहारों, सार्वजनिक संगीत समारोह तथा भांग उत्पादन पर प्रतिबन्ध लगा दिया। जनता शरियत के अनुसार जी रही है कि नहीं इसको देखने के लिए औरंगजेब ने मुहतसिब (सार्वजनिक सदाचार निरीक्षक) नामक अधिकारी को नियुक्त किया।

60. **Which Mughal Emperor was considered as "Zinda Pir"?**
**कौन से मुगल सम्राट को "जिन्दा पीर" माना जाता था?**
(a) Akbar/अकबर (b) Aurangzeb/औरंगजेब
(c) Shahjahan/शाहजहां (d) Babar/बाबर

**Allahabad High Court Group 'C' Exam- 22/07/2017**

**Ans. (b)** मुगल सम्राट औरंगजेब को 'जिन्दा पीर' कहा जाता था। औरंगजेब का पूरा नाम मुहीउद्दीन मोहम्मद औरंगजेब था।
- बाबर को मुगल साम्राज्य का संस्थापक माना जाता है।
- शाहजहाँ को भारत में स्थापत्य का मोती कहा जाता है।
- अकबर को एक उदारवादी मुगल सम्राट कहा जाता है। इसने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था।

## vi. औरंगजेब ( Medieval Art/ Architecture of Medieval Period )

61. **Buland Darwaza was built by :**
**बुलंद दरवाज़ा_____ के द्वारा निर्मित कराया गया था।**
(a) Akbar/अकबर (b) Aurangzed/औरंगजेब
(c) Humayun/हुमायूँ (d) Babar/बाबर

**Allahabad High Court Steno Exam 05/01/2025**

**Ans. (a) :** बुलंद दरवाजा का निर्माण फतेहपुर सीकरी नामक स्थान पर मुगल शासक अकबर द्वारा वर्ष 1571 में गुजरात विजय के उपलक्ष्य में कराया गया था। इसके अतिरिक्त आगरा का किला, फतेहपुर सीकरी स्थित जामा मस्जिद, पंच महल, जोधाबाई महल, लाहौर का किला, इलाहाबाद के किले आदि का निर्माण भी अकबर द्वारा कराया गया था।

62. **Which of the following was not built during Akbar's reign?/निम्नलिखित में से किसका निर्माण अकबर के शासन काल में नहीं हुआ?**
(a) Agra Fort/आगरा का किला
(b) Fatehpur Sikri/फतेहपुर सिकरी
(c) Jama Masjid, Delhi/जामा मस्जिद, दिल्ली
(d) Buland Darwaza/बुलंद दरवाजा

**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022**

**Ans. (c) :** दिल्ली के जामा मस्जिद का निर्माण अकबर के शासन में नहीं हुआ था। वस्तुतः इस जामा मस्जिद का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था। अकबर ने आगरा के लाल किले का निर्माण करवाया और फतेहपुर सीकरी में लाल बलुआ पत्थर से सात मील लंबे घेरे

वाले किले का निर्माण करवाया और इसे अपनी प्रशासनिक राजधानी बनाया। फतेहपुर सीकरी में ही बुलंद दरवाजा, अकबर ने गुजरात विजय के उपलक्ष्य में बनवाया था।

**63. The Mughal style of miniature painting is an amalgamation of indigenous themes and styles along with _______ themes and styles.**
**मुगल शैली की लघु चित्रकारी स्वदेशी थीमों और शैलियों का........ थीमों और शैलियों के साथ मिश्रण है।**

(a) Persian and Later European/पर्सियन और उत्तर यूरोपीय
(b) Persian/पर्सियन
(c) Arabic and African/अरबी और अफ्रीकी
(d) Persian and African/पर्सियन और अफ्रीकी

**Allahabad High Court Group C Exam 11/12/2022**

**Ans. (a) :** मुगल शैली की लघु चित्रकारी स्वदेशी थीमों और शैलियों का पर्सियन और उत्तर यूरोपीय थीमों और शैलियों के साथ मिश्रण है। मुगल चित्रकला मध्य काल में और उत्तर यूरोपीय भारतीय उपमहाद्वीप में विकसित हुई। मुगल लघु चित्रकला में देशीय विषयवस्तु और चित्रकला शैली, फारसी शैली व उसके बाद यूरोपीय शैली का सम्मिश्रण रहा है। मुगल चित्रकला शैली अपने चरम पर इस्लामिक, भारतीय व यूरोपियन दृश्य संस्कृति और सौन्दर्य के अति परिष्कृत रूप से मिश्रित रूप को प्रस्तुत करती है।

**64. Which temple is also known as "Black Pagoda"?/कौन-सा मंदिर 'ब्लैक पैगोड़ा' के रूप में जाना जाता है?**

(a) Sun Temple of Konark/सूर्य मंदिर, कोणार्क
(b) Sun Temple of Marthand/सूर्य मंदिर, मार्तण्ड
(c) Sun Temple of Modhara/सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा
(d) Temple of Hoyesaleshwar/होयसलेश्वर मंदिर

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** कोणार्क, सूर्य मंदिर भारत के ओडिशा राज्य में स्थित 13वीं शताब्दी का एक हिन्दू मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण गंगवंश के राजा नरसिंह देव प्रथम ने करवाया था। मंदिर का विशाल मीनार काले रंग का दिखाई देता है। इसलिए इसे ब्लैक पैगोड़ा कहा गया है। यूनेस्को ने वर्ष 1984 में इसे 'विश्व विरासत स्थल' का दर्जा प्रदान किया था।

**65. "Golconda" fort is in which state?**
**'गोलकोंडा' किला किस राज्य में है?**

(a) Telangana/तेलंगाना (b) Gujarat/गुजरात
(c) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश
(d) Karnataka/कर्नाटक

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** 'गोलकोंडा' का किला तेलंगाना राज्य में हैदराबाद के समीप अवस्थित है। इस किले का निर्माण 11वीं शताब्दी में काकतीय वंश के शासक प्रतापरूद्र ने करवाया था। यह किला ग्रेनाइट की एक पहाड़ी पर बना है, जिसमें मुख्यतः आठ दरवाजे हैं। 16वीं शताब्दी में कुतुबशाही वंश के शासकों ने इसका पुनर्निर्माण करवाया था।

**66. The Hindu Temple of India "Srirangam Temple" is situated in which place?/भारत का हिन्दू मंदिर 'श्रीरंगम मंदिर' कहाँ पर स्थित है?**

(a) Mahabalipuram/महाबलीपुरम
(b) Madurai/मदुरई
(c) Puri/पुरी
(d) Tiruchirapalli/तिरुचिरापल्ली

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** भारत का हिन्दू मंदिर 'श्रीरंगम मंदिर' तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में स्थित है। श्रीरंगम मंदिर एक तरफ कावेरी नदी से तथा दूसरी तरफ कावेरी नदी की शाखा कोलेरुन नदी से घिरा है। यह भगवान विष्णु का मंदिर है, जिन्हें श्री रंगनाथस्वामी के रूप में जाना जाता है।

**67. Which temple is famous as the "Temple of Rats"?**
**'चूहों के मंदिर' के नाम से कौन-सा मंदिर विख्यात है?**

(a) Karni Mata Temple/करणी माता मंदिर
(b) Lingraj Temple/लिंगराज मंदिर
(c) Raja Rani Temple/राजा रानी मंदिर
(d) Vrihadeshwar Temple/वृहदेश्वर मंदिर

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** करणी माता का मंदिर एक प्रसिद्ध हिन्दू मंदिर है जो राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित है। इसमें करणी माता का मूर्ति स्थापित है। यह मन्दिर 'चूहों का मन्दिर' के नाम से प्रसिद्ध है। मन्दिर में सफेद चूहों का दर्शन मंगलकारी माना जाता है।

**68. The tomb of Mariam-uz-Zamani is the mausoleum of the wife of which of the following Mughal emperor located at Sikandara?**
**निम्नलिखित में से किस मुगल शासक की बेगम का मक़बरा 'मरियम-उज़-जमानी' सिकंदरा में स्थित है?**

(a) Akbar/अकबर (b) Jahangir/जहाँगीर
(c) Shahjahan/शाहजहाँ (d) Aurangzeb/औरंगज़ेब

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** मरियम-उज़-ज़मानी का मकबरा जोधा बाई का मकबरा है, जो मुगल सम्राट अकबर की हिंदू पत्नी है, जो आगरा-मथुरा सड़क के बाई ओर सिकंदरा में अकबर के मकबरे के पश्चिम में स्थित है। मकबरा जहांगीर ने अपनी माँ मरियम-उज़-ज़मानी की याद में बनवाया था और अकबर के मकबरे के पास उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार स्थित था।

**69. Where is "Bibi ka Makbara" situated?**
**'बीबी का मकबरा' कहाँ पर अवस्थित है?**

(a) Fatehpur Sikri/फतेहपुर सीकरी
(b) Aurangabad/औरंगाबाद
(c) Hyderabad/हैदराबाद
(d) Jaunpur/जौनपुर

**Allahabad High Court (RO) 10/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** 'बीबी का मकबरा' महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में स्थित है। यह मकबरा मुगल साम्राट औरंगजेब (1658-1707) के पत्नी 'राबिया – उद् – दौरानी' उर्फ 'दिल रास बानो बेगम' का एक सुन्दर मकबरा है। माना जाता है कि इस मकबरे का निर्माण राजकुमार आजमशाह ने अपनी माँ की स्मृति में सन् 1651 से 1661 के दौरान करवाया। मुख्य द्वार पर पाये गए एक अभिलेख में यह उल्लेख है कि मकबरा अताउल्लाह नामक एक वास्तुकार और हंसपत राय नामक एक अभियंता द्वारा अभिकल्पित एवं निर्मित किया गया है। इस मकबरे का प्रेरणा स्त्रोत आगरा का विश्व प्रसिद्ध ताजमहल था। यही कारण है कि इसे ''दक्कन के ताज'' के नाम से जाना जाता है। इस मकबरे को ताज महल की फूहड़ नकल भी कहते है।

70. **The famous monument "Gol Gumbaz" is in which City?**
**प्रसिद्ध स्मारक 'गोल गुम्बज' किस शहर में है?**
(a) Bellari/बेल्लारी (b) Bidar/बीदर
(c) Bijapur/बीजापुर (d) Bagalkot/बागलकोट
**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** प्रसिद्ध स्मारक 'गोल गुम्बज' कर्नाटक राज्य के बीजापुर शहर में है। इसका निर्माण 17वीं शताब्दी में आदिल शाही वंश के शासक मोहम्मद आदिल शाह के मकबरे के रूप में कराया गया था। गोल गुंबज भारत का सबसे बड़ा और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गुंबज है।

71. **The Ramappa Temple which is declared as World Heritage Site is located in:**
**'रामप्पा मन्दिर' जो विश्व विरासत स्थल भी है, कहाँ स्थित है?**
(a) Rajasthan/राजस्थान (b) Telangana/तेलंगाना
(c) Tamil Nadu/तमिलनाडु (d) Bihar/बिहार
**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** रामप्पा मंदिर (काकतीय रुद्रेश्वर मंदिर) जिसे वर्ष 2021 में 'विश्व विरासत स्थल' के रूप में शामिल किया गया। यह मंदिर दक्षिण भारत के तेलंगाना राज्य में स्थित है। इस मंदिर का निर्माण 13वीं सदी में काकतीय वंश के शासक गणपति देव के शासनकाल में उनके सेनापति रचेरला रूद्रा ने करवाया था।

72. **Which one of the following is mismatched:**
**निम्नलिखित में से कौन-सा बेमेल है?**
(a) Buland Darwaja - Fatehpur Sikri
बुलन्द दरवाजा - फतेहपुर सिकरी
(b) Bara Imambara - Allahabad
बड़ा इमामबाड़ा - इलाहाबाद
(c) Jhansi Ka Quila - Jhansi
झाँसी का किला - झाँसी
(d) Kashi Vishwanath Temple - Varanasi
काशी विश्वनाथ मंदिर - वाराणसी
**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सही सुमेलन इस प्रकार है।
(a) बुलंद दरवाजा ——— फतेहपुर सिकरी
(b) बड़ा इमामबाड़ा ——— लखनऊ
(c) झाँसी का किला ——— झाँसी
(d) काशी विश्वनाथ मंदिर ——— वाराणसी

73. **The Tawang Monastery built in 1600s is located in/तवांग मोनेस्ट्री का निर्माण 1600 में हुआ, जो कि कहाँ पर अवस्थित है:**
(a) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश
(b) Leh/लेह
(c) Manipur/मणिपुर
(d) Sikkim/सिक्किम
**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** तवांग मठ भारत के अरुणाचल प्रदेश में स्थित एक बौद्ध मठ है। यह भारत का सबसे बड़ा बौद्ध मठ है। यह तवांग नदी की घाटी में स्थित है।

74. **In which Indian city is Panch Mahal located?**
**पंच महल इनमें से किस भारतीय शहर में स्थित है?**
(a) Lucknow/लखनऊ
(b) Golconda/गोलकुंडा
(c) Agra/आगरा
(d) Fatehpur Sikri/फतेहपुर सीकरी
**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (d) :** पंचमहल फतेहपुर सीकरी में स्थित है। इसकी स्थापना मुगल बादशाह अकबर द्वारा की गयी थी। यह फतेहपुर सीकरी किले की सबसे ऊँची इमारत है। पिरामिड आकार में बने पंचमहल को 'हवामहल' भी कहा जाता है। इसकी पहली मंजिल के खम्भों पर शेष मंजिलों का सम्पूर्ण भार है।

## vii. मुगलकालीन साहित्य ( Literature During Mughal Period )

75. **Who is the celebrated author of 'Kavitawali' and 'Gitawali'?/'कवितावली' एवं 'गीतावली' के सम्मानित लेखक कौन थे ?**
(a) Surdas/सूरदास (b) Tulsidas/तुलसीदास
(c) Shankara Deva/शंकर देव
(d) Purandar Das/पुरंदर दास
**Allahabad High Court (APS) 23/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** तुलसीदास हिन्दी साहित्य के महान कवि थे। ये अकबर के समकालीन थे। इनकी प्रमुख रचनाएँ – गीतावली, कवितावली, विनय पत्रिका, जानकी मंगल तथा रामचरित मानस आदि है।

76. **Which one of the following language was used for writing Mughal court chronicles?**
**मुगल दरबारी इतिहास को लिखने के लिए निम्नलिखित में कौन सी भाषा इस्तेमाल होती थी?**
(a) Urdu/उर्दू (b) Persian/फ़ारसी
(c) Arabic/अरबी (d) Hindavi/हिन्दवी
**Allahabad High Court (RGC) Exam 28/09/2014**

**Ans. (b)** मुगलों की दरबारी भाषा फारसी (Persian) थी। मुगलकालीन शासकों ने फारसी को राजभाषा बनाया। इस काल का फारसी साहित्य काफी समृद्ध था। इस काल के फारसी साहित्य की प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार है– आइन–ए–अकबरी (अकबरनामा का तीसरा खण्ड), तुजुक–ए–जहाँगीरी, फतवा–ए–आलमगीरी।

## viii. राजपूत काल ( Rajput Period )

77. **In which battle Prithviraj defeated Muhammad Ghori?/पृथ्वीराज ने मुहम्मद गौरी को किस लड़ाई में हराया था?**
(a) Second battle of Tarain/तराईन की दूसरी लड़ाई
(b) First battle of Panipat/पानीपत की पहली लड़ाई
(c) First battle of Tarain/तराईन की पहली लड़ाई
(d) Battle of Khanwa/खानवा की लड़ाई
**Allahabad High Court Group D (Mains) 23/03/2025**

**Ans. (c) :** तराइन का प्रथम युद्ध 1191 ई. में मुहम्मद गौरी और पृथ्वीराज चौहान के बीच हुआ था, जिसमें पृथ्वीराज चौहान विजयी हुआ था। तराइन का द्वितीय युद्ध 1992 में हुआ जिसमें मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को पराजित किया था।

78. **Delhi first became the capital of a kingdom under the ____ Rajputs./दिल्ली पहली बार____ राजपूतों के अधीन एक साम्राज्य की राजधानी बनी थी।**
(a) Chahamanas / चाहमान
(b) Chauhans / चौहान
(c) Tomara Rajputs / तोमर राजपूत
(d) Gupta Dynasty / गुप्त राजवंश
**Allahabad High Court (ARO) 24/02/2019**

**Ans. (c):** दिल्ली पहली बार तोमर राजपूतों के अधीन एक साम्राज्य की राजधानी बनी। तोमर वंश के शासक अनंग पाल ने दिल्ली को सबसे पहले अपनी राजधानी बनाया। पृथ्वी राजरासो में अनंगपाल तोमर को दिल्ली का संस्थापक बताया गया है। बिजौलिया लेख से पता चलता है कि बाद में बीसलदेव ने तोमरों को पराजित कर दिल्ली पर अधिकार कर लिया था।

## 6. उत्तरकालीन मुगल शासक ( Rulers of Later Mughal Period )

**79. The last Mughal Emperor of India, Bahadur Shah Zafar, was exiled by the British to which place?भारत के अंतिम मुगल राजा बहादुर शाह जफर को अंग्रेजों द्वारा कहाँ निर्वासित किया गया था?**

(a) China/चीन (b) Iran/ईरान
(c) Bhutan/भूटान (d) Burma/बर्मा

**Allahabad High Court (RO) 07/01/2022**

**Ans. (d) :** बहादुर शाह द्वितीय (1837-1857) जिसे 'जफर' के नाम से जाना जाता था, अंतिम मुगल शासक था। 1857 के संग्राम में विद्रोहियों का साथ देने के कारण इसे रंगून (बर्मा) निर्वासित कर दिया गया जहाँ 1862 में इसकी मृत्यु हो गई।

**80. Banda Bahadur, a Sikh leader who led a revolt against the Mughals after the assassination of Guru Govind Singh was captured and executed during the reign of ________.**
**बंदा बहादुर, एक सिख नेता, जिसने गुरु गोविंद सिंह की हत्या के बाद मुगलों के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया, को ________ के शासनकाल दौरान पकड़ लिया गया और मार दिया गया।**

(a) Bahadur Shah/बहादुर शाह
(b) Aurangzeb/औरंगज़ेब
(c) Jahandar Shah/जहाँदार शाह
(d) Farrukh Siyar/फर्रुखसियर

**Allahabad High Court (APS) 22/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** बंदा बहादुर, एक सिख नेता, जिसने गुरु गोविन्द सिंह की हत्या के बाद मुगलों के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया। बंदा बहादुर का फर्रुखसियर के शासनकाल के दौरान पकड़ लिया गया और मार दिया गया। फर्रुखसियर (1713-19) को दुर्बल, कायर और निंदनीय होने के कारण उसे घृणित कायर कहा गया। फर्रुखसियर को मुगल सिंहासन सैय्यद बंधुओं– अब्दुल्ला खाँ और हुसैन अली खाँ बराहा के सहयोग से मिला था।

**81. Which of the following Mughal Emperors resided in the Allahabad Fort for six years as an unofficial prisoner of the British ?**
**निम्नलिखित में से कौन से मुगल सम्राट ने अंग्रेजों के एक अप्रत्यक्ष कैदी के रूप में छह वर्षों तक इलाहाबाद के किले में निवास किया था ?**

(a) Aurangzeb/औरंगजेब
(b) Shah Alam I/शाह आलम I
(c) Shah Alam II/शाह आलम II
(d) Shahjahan/शाहजहाँ

**Allahabad HC Stenographer (PA) Exam 15/07/2017**

**Ans. (c)** बक्सर की लड़ाई (1764) में अंग्रेजों से परास्त होने के बाद शाहआलम द्वितीय ने अंग्रेजों से इलाहाबाद की संधि कर ली। इस संधि के द्वारा इलाहाबाद के जिले अवध मे मिल गये और शाहआलम II ने बंगाल, बिहार और उड़ीसा का राजस्व वसूलने का अधिकार कंपनी को 26 लाख रुपये सालाना खिराज पर दे दिया। परन्तु यह संधि 6 वर्ष पश्चात् 1771 में टूट गयी।

## 7. सिक्ख धर्म ( Sikhism )

**82. Guru Govind Singh founded the 'Khalsa Panth' on Baisakhi day in the year :**
**गुरू गोविन्द सिंह ने 'खालसा पंथ' की स्थापना किस वर्ष में की थी?**

(a) 1640 (b) 1699
(c) 1766 (d) 1799

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** देश और धर्म की रक्षा के लिए सिक्ख धर्म के 10वें गुरु 'गुरु गोविंद सिंह' ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा पंथ की स्थापना की।

**83. Life of Guru Nanak Dev ji was chronicled by :**
**गुरू नानक देव जी का जीवन वृत्तांत किसने लिखा है?**

(a) Guru Angad Dev/गुरू अंगद देव
(b) Guru Amar Das/गुरू अमर दास
(c) Guru Ram Das/गुरू राम दास
(d) Guru Arjun Dev/गुरू अर्जुन देव

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** गुरु नानक देव जी का जीवन वृतांत गुरु अर्जुन देव ने लिखा है। गुरु अर्जुन देव सिक्ख धर्म के पाँचवें गुरु थे जिनका जन्म 1563 ई. में पंजाब के गोइंदवाल में हुआ था। इन्होंने वर्ष 1604 में 'आदि ग्रंथ' की रचना की। इन्होंने स्वर्ण मंदिर का निर्माण कार्य पूरा किया। वे शाहिदीन-दे-सरताज के रूप में प्रचलित थे। इन्हें जहाँगीर ने राजकुमार खुसरो की मदद करने के आरोप में मार दिया।

**84. Samadhi of Sri Guru Govind Singh is situated at:/गुरु गोविंद सिंह की समाधि कहाँ स्थित है?**

(a) Anandpur Sahib/आनंदपुर साहिब
(b) Amritsar/अमृतसर
(c) Nanded/नांदेड़
(d) Nahan/नाहन

**Allahabad High Court (RO) 12/12/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** गुरु गोविंद सिंह की समाधि नांदेड़ (महाराष्ट्र) में स्थित है। 7 अक्टूबर, 1708 को गुरू गोविंद सिंह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थित श्री हुजूर साहिब में अपने प्राणों को त्याग दिया था, तभी से इस दिन को 'शहीदी दिवस' के रूप में मानाया जाता है। गुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसम्बर, 1666 को पटना साहिब (बिहार) में हुआ था।

**85. The Gurumukhi script was introduced by**
**______ने गुरूमुखी लिपि की रचना की**

(a) Guru Amardas/गुरू अमरदास
(b) Guru Ramdas/गुरू रामदास
(c) Guru Angad/गुरू अंगद
(d) Guru Nanak/गुरू नानक देव

**Allahabad High Court (RO) 05/01/2022**

**Ans. (c) :** गुरू अंगद ने गुरूमुखी लिपि की रचना की। सिख धर्म के 10 गुरूओं में गुरू अंगद का दूसरा स्थान था। गुरू नानक (सिख धर्म के संस्थापक) की मृत्यु के बाद इन्होंने सिख धर्म का नेतृत्व किया। गुरूमुखी लिपि पंजाबी भाषा की लिपि है।

**86. Who among the following Sikh Gurus wrote Adi Grantha ?**
**इनमें से किस सिख गुरू ने आदि ग्रंथ की रचना की ?**

(a) Guru Nanak Dev/गुरू नानक देव
(b) Guru Ram Das/गुरू राम दास
(c) Guru Arjun Dev/गुरू अर्जुन देव
(d) Guru Govind singh/गुरू गोविन्द सिंह

**Allahabad High Court (RO) 11/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** गुरू अर्जुन देव (1563-1606 ई.) सिक्खों के पाँचवें गुरू थे। इन्होनें सिक्खों के धार्मिक ग्रन्थ 'आदि ग्रंथ' की रचना की। इसमें 5 सिक्ख गुरूओं एवं 18 हिन्दू संतों के उपदेशों का संग्रह किया गया। अर्जुन देव ने अमृतसर में प्रसिद्ध हरमिन्दर साहिब स्वर्ण मंदिर का निर्माण करवाया।

**87. Sikhism was established by Guru Nanak Dev during whose reign?/किसके शासनकाल में गुरु नानक देव ने सिख धर्म की स्थापना की?**

(a) Firoz Shah Tughlaq/फिरोज़ शाह तुगलक
(b) Sikandar Lodhi/सिकंदर लोदी
(c) Humayun/हूमायूँ
(d) Akbar/अकबर

**Allahabad High Court (CA) 18/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** सिख धर्म की स्थापना गुरु नानक देव (1469-1539) ने 15वीं शताब्दी में सिकन्दर लोदी के शासन काल में किया। सिख धर्म का शाब्दिक अर्थ शिष्य होता है। सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने इसे 1699 में अन्तिम रूप दिया तथा गुरु ग्रन्थ साहिब की स्थापना की।

**88. Who was the last Guru of Sikh religion?**
**सिख-धर्म के अंतिम गुरु कौन थे ?**

(a) Guru Arjun Dev/गुरु अर्जुन देव
(b) Guru Gobind Singh/गुरु गोबिंद सिंह
(c) Guru Tegh Bahadur/गुरु तेग बहादुर
(d) Guru Harkishan/गुरु हरकिशन

**Allahabad High Court (ARO) 16/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सिख-धर्म के अंतिम गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह (1666-1708) थे। इन्होंने वर्ष 1699 में 'खालसा' पंथ की स्थापना की। इन्होंने एक नया संस्कार 'पाहुल' शुरू किया था। इन्होंने गुरु ग्रन्थ साहिब को सिखों के गुरु के रूप में नामित किया था।

**89. Which Sikh Guru was the founder of "Harminder Sahib" (Golden Temple) ?**
**हरमिंदर साहिब ( स्वर्ण मंदिर ) के संस्थापक गुरु कौन थे ?**

(a) Guru Ramdas/गुरु रामदास
(b) Guru Amardas/गुरु अमरदास
(c) Guru Nanak Dev/गुरु नानक देव
(d) Guru Gobind Singh/गुरु गोबिंद सिंह

**Allahabad High Court (ARO) 18/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** सिक्ख धर्म के चौथे गुरू, गुरू रामदास थे। ये अकबर के समकालीन थे। अकबर ने इन्हें 500 बीघा भूमि प्रदान की थी, जहाँ पर इन्होंने 'अमृतसर' नामक नगर बसाया था। इसी नगर में इन्होंने सिक्खों के सबसे पवित्र गुरूद्वारा हरमिंदर साहिब (स्वर्ण मंदिर) की नींव 1577 ई. में रखी। परन्तु इसका निर्माण इनके पुत्र गुरू अर्जुन देव (सिक्खों के पाँचवे गुरू) ने करवाया था। ध्यातव्य है कि इसके निर्माण का शिलान्यास प्रसिद्ध संत मियाँ मीर ने किया था।

**90. Which Sikh Guru was born in Patna?**
**किस सिक्ख गुरु का जन्म पटना में हुआ था?**

(a) Guru Nanak/गुरु नानक
(b) Guru Teg Bahadur/गुरु तेग बहादुर
(c) Guru Hargobind/गुरु हरगोबिन्द
(d) Guru Gobind Singh/गुरु गोबिन्द सिंह

**Allahabad High Court (ARO) 15/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** सिक्खों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर, 1666 पटना में हुआ था। पटना साहिब गुरुद्वारा इन्हीं के जन्म स्थान पर है। ये अपने जीवन के दस साल यहीं बिताये थे।

**91. The community of warriors called 'Khalsa' was organized under which Sikh Guru?**
**'खालसा' कहे जाने वाला योद्धाओं का समुदाय किस सिख गुरु के अन्तर्गत बना?**

(a) Guru Arjan Dev Ji/गुरु अर्जुन देव जी
(b) Guru Teg Bahadur Ji/गुरु तेग बहादुर जी
(c) Guru Gobind Singh Ji/गुरु गोबिन्द सिंह जी
(d) Guru Hargobind Ji/गुरु हरगोबिन्द जी

**Allahabad High Court (RO) 06/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** खालसा कहे जाने वाले योद्धाओं का समुदाय गुरु गोबिन्द सिंह के अन्तर्गत बना। गुरु गोबिंद सिंह सिखों के दसवें और अंतिम गुरु थे। खालसा सिख धर्म का एक पंथ है। खालसा का अर्थ है– शुद्ध। खालसा पंथ की स्थापना सन् 1699 ई. में हुई थी। खालसा पंथ का उद्देश्य धर्म और नेकी के लिए हमेशा तत्पर रहना है। गुरु गोबिंद सिंह ने इस पंथ के माध्यम से समानता, एकता, राष्ट्रीयता, बलिदान और त्याग का उद्देश्य निर्धारित किया।

**92. Who founded the Khalsa Panth?**
**खालसा पंथ के संस्थापक कौन-थे?**

(a) Guru Arjun Dev/गुरु अर्जुन देव
(b) Guru Hargovind/गुरु हरगोविंद
(c) Guru Teg Bahadur/गुरु तेग बहादुर
(d) Guru Gobind Singh/गुरु गोबिन्द सिंह

**Allahabad High Court (ARO) 14/12/2021 (Shift-II)**

